आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज

टी-20 मैच: इकाना में सीरीज जीतने की इरादे से आज उतरेगी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 17 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 67 www.janexpresslive.com/epaper




'चुनाव आयोग पर लंबे समय तक रहा... 12

# कोहरे में बुझ गई 13 जिंदगियां

## मथुरा में 8 बसें और 3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले, एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते हादसा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मथुरा

मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं। पुलिस ने इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। अब डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान की जाएगी। हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के 50 जवानों और 9 थानों की पुलिस ने 6 घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे के चलते एक्सप्रेस-वे पर 3 किमी लंबा जाम लग गया था। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एडीएम प्रशासन अमरेश जांच का नेतृत्व करेंगे। टक्कर के बाद राहगीर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शी भगवान दास ने बताया कि टक्कर के बाद ऐसा लगा जैसे बम फटा हो। लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूद रहे थे। थोड़ी देर में बसें जलकर राख हो गईं। हमने बस से 8-9 लाशें निकालीं। आरोप है कि रेस्क्यू करीब एक घंटे बाद शुरू हुआ। घायलों को 11 एम्बुलेंस से मथुरा जिला अस्पताल और वृंदावन संयुक्त जिला अस्पताल भेजा गया। गंभीर घायलों को आगरा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बसों से पुलिस ने खरोच-खरोच कर शवों को उठाया। वहीं, सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया। हादसे की जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। 48 घंटे के अंदर टीम रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी।

### 70 घायल, शवों को पहचानना हुआ मुश्किल, 17 बैग में लाए गए कंकाल और जले हुए टुकड़े



### कैसे हुआ हादसा

एक्सप्रेस-वे पर घना कोहरा था। माइलस्टोन 127 पर अचानक स्लीपर बस के सामने धुंध आ गई। इसके चलते ड्राइवर ने ब्रेक मारकर स्पीड धीमी की। इसके बाद पीछे चल रही 6 बसें और 4 कारें आकर भिड़ गईं। टक्कर से एसी बस में आग लग गई। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला।

### तीन की हुई शिनाख्त

यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए इस हादसे में 13 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन शिनाख्त अभी तक तीन की ही हुई है। शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है। ऐसे में मृतकों की शिनाख्त के लिए डीएनए जांच का सहारा लिया जाएगा। मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि चार शवों की पहचान हो गई है, अन्य के शिनाख्त के लिए टीम जुटी हुई है।

### हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए

जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए हैं। लोग किसी भी समस्या या जानकारी के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त और राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा के मोबाइल नंबर 9454417583 पर फोन कर सकते हैं। इसके अलावा एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के मोबाइल नंबर 9454401103 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बम फटने जैसी आवाज और आग का गोला

प्रत्यक्षदर्शी भगवान दास ने बताया कि टक्कर की आवाज इतनी तेज थी जैसे कोई बम फटा हो। गाड़ियां टकराते ही आग का गोला बन गईं। लोग जान बचाने के लिए बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूदने लगे, लेकिन कई लोग अंदर ही फंस गए। आरोप है कि प्रशासन का रेस्क्यू ऑपरेशन करीब एक घंटे देरी से शुरू हुआ, तब तक स्थानीय लोगों ने ही आग बुझाने और लोगों को निकालने की कोशिश की।

### ऐसे हुआ हादसा: धुंध ने छीनी जिंदगी

हादसा सुबह के वक्त हुआ जब एक्सप्रेसवे पर घना कोहरा छाया था। एक स्लीपर बस के ड्राइवर ने धुंध के कारण अचानक स्पीड कम की और ब्रेक लगाए। विजिबिलिटी कम होने के कारण पीछे चल रही 6 बसें और 4 कारें एक-दूसरे में घुसती चली गईं। टक्कर से एसी बस में आग लग गई और लोगों को भागने का मौका तक नहीं मिला।

### एंबुलेंस का सायरन और चीखें दहला रहीं दिल

यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए इस हादसे के बाद भयावहता का आलम कलेजा चीर रहा है। मृतक के परिजनों की चीखें और एंबुलेंस के सायरन की आवाज दिल दहला रही है। घायल अपनोंको तलाशते हुए बदहवास हालत में इधर-उधर दौड़ते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोगों का दिल कांप उठा। हादसे के बाद मौके पर करीब 14 एंबुलेंस घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटी रहीं। 11 दमकलों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान टोल के पास ही टैंकरों की व्यवस्था की गई थी, जिससे दमकलों को पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़े।

### पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

मथुरा हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी के हवाले से ट्वीट कर लिखा, 'उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में लोगों की जान जाने का दुख बहुत ज्यादा है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं।' उन्होंने आगे लिखा, पीएमएनआरएफ से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।'

### सीएम योगी ने दिए उचित इलाज के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों को घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'जनपद मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।' उन्होंने आगे लिखा, 'जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।'

### हादसे की जांच के लिए टीम का गठन

हादसे की जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। एडीएम प्रशासन टीम का नेतृत्व करेंगे। उनके अलावा एसपी देहात, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी और एआरटीओ प्रवर्तन को भी टीम में शामिल किया गया है। टीम 48 घंटे में अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर कमिश्नर शैलेंद्र कुमार सिंह और डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचकर कमिश्नर शैलेंद्र कुमार सिंह और डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

### कैसे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

- करीब 4 बजे राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। 10 मिनट के अंदर बलदेव थाने की पुलिस पहुंची। तब तक ग्रामीण पहुंच गए थे। 4.30 बजे फायर ब्रिगेड टीम आई। भीषण आग को देखते हुए मथुरा, रिफाइनरी और हाथरस से फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां बुलाई गईं।
- एक-एक करके 14 एंबुलेंस भी पहुंचीं। दमकल ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। इसके बाद बसों के अंदर रेस्क्यू शुरू हुआ। फायर ब्रिगेड, एक्सप्रेस-वे कर्मचारी, मथुरा के 9 थानों की पुलिस, मेडिकल स्टाफ के करीब 50 लोग लगाए गए।
- घायलों को वृंदावन के जिला संयुक्त अस्पताल, मथुरा जिला अस्पताल और आगरा के स्न्न्ह मेडिकल कॉलेज भेजा गया। टीम बसों के अंदर गई तो जली हुई डेडबॉडी पड़ी थीं। इन्हें 17 बैग में भरकर मथुरा के पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा। 4.30 से शुरू हुआ रेस्क्यू 10.30 बजे खत्म हुआ।
- पुलिस के मुताबिक, डेडबॉडी क्षत-विक्षत हो चुकी थीं। ऐसे में शवों की शिनाख्त के लिए ष्ह्र टेस्ट कराया जाएगा। हालांकि, शवों को पहचान के लिए 72 घंटे मोर्चरी में रखा जाएगा। 2 टीम पोस्टमॉर्टम करेंगी।

### हादसे की मजिस्ट्रेट जांच कराई जाएगी

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया- मौके से कुछ डेडबॉडी मिलीं, जिन्हें पोस्टमॉर्टम हाउस लाया गया। जो मलबा और शवों के अवशेष मिले, उन्हें मोर्चरी लाया गया। यहां डॉक्टरों की जांच में 13 लोगों की डेडबॉडी होने की पुष्टि हुई है। इसमें से 3 डेडबॉडी की पहचान आजमगढ़ निवासी रामपाल, गोंडा निवासी सुल्तान, प्रयागराज के मुद्दीनपुर, थाना सराय ममरेज निवासी अखिलेंद्र के रूप में हुई है। बाकी डेडबॉडी का डीएनए कराया जाएगा। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच कराई जाएगी। एडीएम प्रशासन अमरेश जांच करेंगे। अपने परिजनों की तलाश में लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। राठ हमीरपुर के गुलजारी लाल अपनी भाभी की तलाश में पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनकी भाभी अपने बच्चों के साथ थीं। हादसे के बाद बच्चे तो बाहर आ गए, लेकिन भाभी अंदर ही फंस गईं। यहां भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया है।

### डीएनए टेस्ट से होगी पहचान

सीएमओ राधा बल्लभ ने बताया कि 2 टीम पोस्टमॉर्टम करेंगी। शवों की शिनाख्त के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। पोस्टमॉर्टम के लिए बॉडी रखने वाले 17 बैग पहुंचे हैं। इनमें जले हुए लोगों के टुकड़े रखे हैं। यह सभी हादसे वाली जगह से लाए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि वैसे तो एक बैग में एक बॉडी आती है, लेकिन हादसे में आग लगी है तो विवेचना के बाद ही कुछ की पाएंगे।



### यमुना एक्सप्रेसवे पर 3 किमी लंबा जाम

यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे के बाद आगरा में खंदौली टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी लग गई। दुर्घटना के बाद आगरा-नोएडा जाने वाली लेन पूरी तरह बंद कर दी गई, जिससे यमुना एक्सप्रेसवे पर करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में हजारों वाहन फंस गए और यात्रियों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बता दें कि सोमवार रात करीब दो बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा जा रही लेन पर घने कोहरे के बीच तेज रफ्तार में दौड़ रहे कई वाहन आपस में टकरा गए। सात बसों और दो कारों में भीषण आग लग गई। कई लोग वाहनों के अंदर फंस गए, कुछ ने बसों ने कूदकर अपनी जान बचाई। इस हादसे में चार लोगों की जलकर मृत्यु हो गई है और करीब 25 से अधिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## इंडिया गठबंधन को लेकर अखिलेश ने साफ की स्थिति, बोले

# यूपी में चलता रहेगा एलायंस



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जहां वोट चोरी के मुद्दे को कांग्रेस का बताकर पल्ला झाड़ लिया है, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी में इंडिया गठबंधन मजबूत है। इसे भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। वे भाजपा पर वोटों की डकैती का आरोप पहले ही लगा चुके हैं। इंडिया गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे पर कहा कि सवाल सीट का नहीं, जीत का रहेगा। अखिलेश ने मीडिया से कहा कि जो पार्टी भाजपा के खिलाफ सीट जीत सकती है वह उस सीट से लड़ेगी। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा अब यूपी में दूसरे नंबर की पार्टी है। सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जिसे जहां ज्यादा वोट मिला हो वही मुख्य फॉर्मूला होता है। साथ में समीकरण देखा जाता है। उन्होंने कहा कि हम अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद को आगे बैठाते हैं, लेकिन रामायण धारावाहिक में भगवान श्रीराम बने व सांसद अरुण गोविल को भाजपा संसद में आगे नहीं बैठाती है। हम तो चाहते है भाजपा उन्हें भी आगे की सीट पर बैठाए। भाजपा सरकार लोगों के वोट कटवाने के लिए एसआईआर कर रही है। एसआईआर में आधार कार्ड नहीं माना जा रहा है। कहा, जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है वह खुद उसी गड्ढे में गिर जाता है। भाजपा के साथ भी यही होगा।

## सबसे ज्यादा घुसपैठिए गोरखपुर में मिलेंगे

# केंद्र सरकार कराए जांच: अजय राय

जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार को लेकर विवादित बयान दिया। कहा कि गोरखपुर में पहला डिटेंशन सेंटर खुला है। केंद्र सरकार जांच कराएं, वहां सबसे ज्यादा घुसपैठिए मिलेंगे। दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकारों को बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग और सरकार मिलजुल कर एसआईआर अभियान चला रहे हैं। दबाव के चलते मुरादाबाद में शिक्षक एवं बीएलओ सर्वेश सिंह ने फांसी लगा ली थी। एक शिक्षिका को ब्रेन अटैक पड़ा। बरेली और बदायूं में भी बीएलओ के साथ घटनाएं हुई हैं। योगी सरकार अब समय बढ़ाने के लिए छटपटा रही है। पता चला है कि अभियान में जब भाजपा के वोट कटने लगे हैं तो आयोग ने थोड़ा समय बढ़ाया है। वैसे आम जनता को राहत देने के लिए चुनाव आयोग को एसआईआर का समय छह माह तक बढ़ाना चाहिए।

### अमिताभ ठाकुर को जेल में डाला

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि योगी सरकार कोडीन तस्करों को बचा रही है। आरोपियों को संरक्षण दे रही है। मुख्यमंत्री आरोपियों को साथ लेकर घूमते हैं। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने जब कोडीन तस्करों के नाम को उजागर किया तो उनको 26 साल पुराने मामले में जेल भेजा गया। सवाल उठाया कि 26 साल तक पुलिस क्या कर रही थी। कांग्रेसी ऐसे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करेगी। वह खुद 18 दिसंबर को अमिताभ ठाकुर से मिलेंगे।

## खराब मौसम के कारण मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट से 131 उड़ानें रद्द, कम दृश्यता से संचालन प्रभावित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई उड़ानें बुरी तरह प्रभावित रहीं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के चलते अब तक कुल 131 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। अधिकारी के अनुसार, इनमें 52 उड़ानें प्रस्थान और 79 उड़ानें आगमन की थीं। उत्तर भारत में सर्दियों के मौसम में घना कोहरा आम बात है, जिसका सबसे ज्यादा असर राजधानी दिल्ली पर पड़ता है। दिल्ली एयर इंडिया का प्रमुख हब भी है, इसलिए यहां की बाधाओं का असर पूरे देश के उड़ान नेटवर्क पर पड़ता है। नागर विमानन नियामक डीजीसीएम ने इस साल सर्दियों के लिए 10 दिसंबर से 10 फरवरी तक के समय को आधिकारिक फॉग विंडो घोषित किया है। इस दौरान कोहरे की वजह से उड़ानों में देरी और रद्द होने की संभावना अधिक रहती है। इसी बीच, मौसम की मार से जूझ रही एयरलाइन इंडिगो ने भी बताया कि उसने मंगलवार को अपने पूरे नेटवर्क में 113 उड़ानें रद्द कीं। इसके अलावा, दिल्ली एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण बुधवार को भी 42 उड़ानें संचालित नहीं की जाएंगी। इंडिगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सर्दियों में उत्तर भारत में सुबह के समय कोहरा छा जाता है, जिससे कभी-कभी उड़ानों की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। एयरलाइन ने यह भी बताया कि उसकी टीमें हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और जहां संभव हो, यात्रियों की असुविधा कम करने के लिए जमीन पर जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं।

## कोर्ट ले जाते समय एसआई की पिस्टल छीनकर फरार

## पुलिस ने की घेराबंदी तो झोंक दी फायर, मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

चंदौली जिले के सैयदराजा थाना क्षेत्र के दुधारी गांव में चोरी और हत्या का आरोपी नोहर मुसहर मंगलवार को न्यायालय ले जाते वक्त पुलिस वाहन से एसआई की पिस्टल छीनकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। चंदौली और सैयदराजा थाने की पुलिस आरोपी को घेर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। इस दौरान एक गोली चंदौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की सरकारी गाड़ी पर जा लगी। इस घटना में सैयदराजा थाने का एक सिपाही भी घायल हो गया। वहीं पुलिस की जवाबी फयारिंग में आरोपी भी घायल हो गया। गोली आरोपी के दाहिने पैर में जा लगी। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। सैयदराजा थाना क्षेत्र के दुधारी गांव में रविवार की मध्य रात्रि चोरों की एक गिरोह घुस आया था। दो घरों में चोरी करने के बाद चोर जैसे ही मुन्ना राम के घर घुसे तो वहां उनकी आहट सुनकर परिवार के लोग जग गये। इसके बाद चोर वहां से भागने लगे। तभी मुन्ना राम के पुत्र मोनू ने उनका पीछा कर लिया। खेत में मोनू ने एक चोरी के एक आरोपी को धर दबोचा। इस दौरान उसके दूसरे साथी ने मोनू पर तमंचे से फायर कर दिया। इस दौरान गोली उसके सीने में लग गई और उसकी मौत हो गई। इस बीच मौके पर पहुंचे लोगों ने एक आरोपी को पकड़ और पुलिस के हवाले कर दिया।



> सैयदराजा थाना क्षेत्र के दुधारी गांव में हुई घटना में ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था। मंगलवार को आरोपी नोहर को न्यायालय में पेश करने के लिए ले जाया जा रहा था। इस बीच एसआई की पिस्टल छीनकर भागने के का प्रयास किया। दो थानों की फोर्स ने घेराबंदी कर मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।
> -देवेंद्र कुमार, कुमार, सीओ सदर

पुलिस ने आरोपी को नोहर मुसहर को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। इसके बाद उसे थाने ले आई। मंगलवार को सैयदराजा थाने की पुलिस उसे न्यायालय में पेश करने के लिए ले जा रही थी कि तभी भारत माला परियोजना नेशनल हाइवे के पास सर्विस रोड से गुजरने के दौरान आरोपी नोहर ने एसआई राम कुमार दुबे की पिस्टल छीन ली और मौके से फरार हो गया। इसके बाद एसआई ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सीओ सदर देवेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही सैयदराजा और चंदौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। इस बीच नोनहर ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। एक गोली चंदौली कोतवाली पुलिस की गाड़ी पर जा लगी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की।

# अनुग्रह राशि को 5 गुना बढ़ाया, धामी ने बताया सैनिकों व उनके परिवारों के लिए क्या कर रही सरकार

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर देहरादून के गांधी पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में हिस्सा लिया और शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने 1971 के युद्ध के सैनिकों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सैनिक कल्याण निदेशालय और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय (डीडीहाट, हरबर्टपुर, पिथौरागढ़ एवं हरिद्वार) इन



सभी पांच कार्यालयों में सरकारी वाहन दिए जाएंगे। इस मौके पर सीएम धामी ने सभी वीर बलिदानियों को समस्त प्रदेशवासियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विजय दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वीर जवानों ने अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से 1971 के युद्ध में राष्ट्र की अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा की। आज भारतीय सेना के शौर्य, त्याग और अटूट राष्ट्रनिष्ठा की गौरवगाथा को स्मरण करने का दिन है, जो हमारे इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

### जवानों का मनोबल बढ़ाने पीएम ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही सेना को अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से सुसज्जित किया जा रहा है। पीएम के नेतृत्व में वीर जवानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। वन रैंक वन पेंशन योजना हो, नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण, रक्षा बजट में वृद्धि कर सैनिकों की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करना हो, या बॉर्डर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाना हो, ऐसे अनेक कार्य पीएम ने किए हैं।

### अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपए किया गया

आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार भी सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए किया है। सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेंशन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अलंकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिकी राशि में भी अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। परमवीर चक्र से अलंकृत सैनिक को मिलने वाली राशि को 50 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.50 करोड़ रुपए किया गया है। अशोक चक्र की राशि 30 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए, महावीर चक्र और कीर्ति चक्र की राशि 20 लाख से बढ़ाकर 35 लाख रुपए तथा वीर चक्र और शौर्य चक्र की एकमुश्त राशि 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है।

### राज्य के लगभग हर परिवार का सदस्य सेना में: धामी

इस मौके पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 1971 में पाकिस्तान के लगभग 93 हजार सैनिकों ने हमारी सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में वीरभूमि उत्तराखंड के 248 बहादुर सपूतों ने भी अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस दौरान हमारे प्रदेश के 74 सैनिकों को अपने अदम्य साहस और शौर्य के लिए विभिन्न वीरता पदकों से सम्मानित भी किया गया था। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लगभग प्रत्येक परिवार का कोई न कोई सदस्य सेना में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलिदानियों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि भी 2 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दी गई है। प्रदेश में बलिदानियों के आश्रितों को नौकरी पूर्व प्रशिक्षण तथा पुत्री विवाह अनुदान जैसी योजनाएँ भी संचालित की जा रही हैं। राज्य में वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों हेतु सरकारी बसों में यात्रा की निःशुल्क व्यवस्था के साथ-साथ सेवारत व पूर्व सैनिकों के लिए 25 लाख रुपए तक की संपत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है।

# जल जीवन मिशन के तहत अवशेष कार्यों को निर्धारित समय के अंदर करें पूरा : कमिश्नर

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक मंगलवार को चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मण्डलायुक्त ने विभागों के कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों पर उपलब्ध कराई गई अनुपालन आख्या की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराए। पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार अधिशासी अभियंता विद्युत से खराब ट्रांसफार्मर बदलने की स्थिति की जानकारी ली गई। जिस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि माह सितंबर में 314 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे, जिसके क्रम में सभी खराब ट्रांसफार्मर बदल दिए गए है। दैनिक विद्युत आपूर्ति के संबंध में बताया कि रोस्टर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 21 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोल गदहिया में पानी की समस्या को लेकर बताया कि लो वोल्टेज होने के कारण पानी पर्याप्त मात्रा में देने में समस्या आ रही है, जिसका निस्तारण कर दिया जाएगा। मंडलायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। साथ ही निर्धारित समय के अनुसार पानी की आपूर्ति की जाए। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाए गए सभी सार्वजनिक शौचालय संचालित होने चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बाहर न भेजें तथा केंद्रों पर कंबल, कमरों में हीटर, अलाव जनरेटर आदि की व्यवस्था करवाएं। साथ ही केंद्रों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सक व कर्मचारी समय से पहले घर नहीं जाने चाहिए। अस्पतालों में साफ सफाई पानी की व्यवस्थाएं अच्छी होनी चाहिए। निर्देशित किया कि मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण करें तथा एक्सपायरी दवाओं को तत्काल हटवाएं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जानवरों के टीकाकरण एवं ठंड से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए तथा खंड विकास अधिकारी को समय पर इसका निरीक्षण करने को कहा। निर्देशित किया गया गौवंशों की देखभाल करने वाले चरवाहो का समय से वेतन दिया जाए। अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. से कहा कि नई सड़कों का निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराएं, यह कार्य चुनाव से पूर्व करा लिया जाए।

# नाविकों के प्रशिक्षण एवं परीक्षण कार्यक्रम में डीएम ने दिया पर्यटन संवर्धन का संदेश

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट




भजन संध्या स्थल सीतापुर में मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में नाविकों के प्रशिक्षण एवं परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नाविकों को पर्यटकों से बात करने के प्रभावी तरीकों सहित अन्य जानकारियों का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में मान्यवर काशीराम इंस्टीट्यूट लखनऊ के स्टोरी टेलर गौरव श्रीवास्तव ने चित्रकूट की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्ता की जानकारी देते हुए नाविकों को कहानी के माध्यम से चित्रकूट आने वाले पर्यटकों को यहां के घाटों, नौका विहार एवं प्रमुख पर्यटन स्थलों की प्रभावी ढंग से जानकारी देने के तरीकों को बताया। जिलाधिकारी ने नाविकों से कहा कि धर्मनगरी आने वाले पर्यटकों को जनपद की विरासत की जानकारी देते हुए चित्रकूट की छवि को बताएं। कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने एवं उनके अनुभव को यादगार बनाने में नाविकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निर्देशित किया कि नौका विहार के दौरान स्टोरी टेलिंग के माध्यम से पर्यटकों को घाटों एवं पर्यटन स्थलों की जानकारी दें तथा नौका विहार उपरांत ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था को भी प्रोत्साहित करें। इस दौरान नाविकों मुन्ना, विनोद आदि को क्यूआर कोड भी प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नाविकों को पर्यटकों को बातों एवं व्यवहार से प्रभावित करने के तरीकों की जानकारी दी। जिस पर नाविक रामगोपाल द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गई, जिसके लिए उन्हें डीएम ने सम्मानित किया। कहा कि जो नाविक बेहतर एवं नवाचारी कार्य करेगा, उसे पर्यटन विभाग के माध्यम से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में नाविक रामनारायण निषाद द्वारा भी सराहनीय प्रस्तुति दी गई। साथ ही अन्य नाविकों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए ड्रेस कोड के रूप में शर्ट प्रदान की गई, ताकि नाविकों की पहचान एक सुसंगठित एवं प्रशिक्षित सेवा प्रदाता के रूप में हो सके।

इस मौके पर संयुक्त निदेशक पर्यटन आर.के.रावत, एलडीएम अनुराग शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं नाविक आदि मौजूद रहे।

# लगाई पानी की पाठशाला, पढ़ाया जल संरक्षण का पाठ

जन एक्सप्रेस | बांदा




मंगलवार को विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण की आवश्यकता को लेकर ÷पानी की पाठशाला÷ विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आगंतुक अतिथियों के बैज अलंकरण के साथ किया गया।विद्यालय के निदेशक पूर्णाशीश रथ ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा **पानी की कहानी, बचानी है ये ज़िंदगानी** तथा **नदियाँ हमारी, उन्हें बचाना हमारी जिम्मेदारी** जैसे संदेशपरक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा।

पिछले 30 वर्षों से जल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय **खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़** अभियान के प्रणेता एवं जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि केवल नीतियाँ बनाना पर्याप्त नहीं है,बल्कि जल संरक्षण के लिए जन-जन की सहभागिता और व्यवहारिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और सभी धर्मों में पानी को पवित्र माना गया है। KCNIT Group के चेयरमैन अरुण कुमार निगम ने अपने उद्बोधन में जल संरक्षण के साथ-साथ माता-पिता के प्रति कर्तव्यनिष्ठा एवं सम्मान का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता को कभी उपेक्षा का पात्र न समझें, बल्कि उनका सदैव सम्मान करें।विद्यालय की प्रधानाचार्या ने पानी की पाठशाला विषय पर विचार रखते हुए जल संकट के कारणों की पहचान और उनके समाधान पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का गायन किया, इसके पश्चात भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जिला बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिला बार एसोसिएशन की इल्डर कमेटी द्वारा आगामी वर्ष के संघ के वार्षिक चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत आगामी पांच जनवरी को मतदान और छह को मतगणना कराई जाएगी। इल्डर कमेटी के चेयरमैन बुआराम शुक्ला ने बताया कि निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 17 से 20 दिसम्बर तक अधिवक्ता सदस्यता शुल्क जमा होगा, 22 को प्रारम्भिक सूची का प्रकाशन, 23 व 24 को प्रारम्भिक मतदाता सूची पर आपत्ति निस्तारण, 26 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन और 30 व 31 दिसम्बर को प्रत्याशियों के नामांकन होंगे। इसके बाद एक जनवरी 2026 को नामांकन पत्रों की जांच एवं वापसी का कार्य तथा तीन जनवरी को प्रत्याशियों का दक्षता भाषण होगा। पांच जनवरी को मतदान के बाद छह को मतगणना कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 16 व 17 जनवरी को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव होने के कारण यहां के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन मऊ, मानिकपुर, राजापुर और कर अधिवक्ता संघ के जिन अधिवक्ताओं के नाम वहां के संघ के साथ जिला बार एसोसिएशन में भी दर्ज है, ऐसे अधिवक्ता अपना वार्षिक अधिवक्ता शुल्क जमा करते समय एक शपथ पत्र देंगे। जिसमें उल्लेख होगा कि वह अपना मत जिला अधिवक्ता संघ में देना चाहते है या फिर अपने संघ में देना चाहते है। इसमें बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के मॉडल बाईलाज के नियमों के अनुसार वन बार वन वोट का सिद्धांत लागू होगा। ऐसा न होने पर सम्बन्धित बार संघ में नामित अधिवक्ता का नाम जिला बार एसोसिएशन कर्वी-चित्रकूट से स्वतः निरस्त समझते हुए मतदाता सूची से काट दिया जाएगा। इसके अलावा सदस्यता शुल्क अधिवक्ता स्वयं शपथ पत्र के साथ जमा करेंगे।

# गाय को बचाने के चलते स्कूली वैन हुई हादसे का शिकार, तीन बच्चे हुये जख्मी

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर



मुस्कुरा थाना क्षेत्र में गाय को बचाने के चलते स्कूली वैन हुई हादसे का शिकार ! हादसे में तीन स्कूली बच्चे हुये जख्मी। हादसे की जानकारी मिलते ही

मुस्करा पुलिस ने लीलावती पैट्रोल पंप के पास सड़क के किनारे मौके पहुँचकर जख्मियों को अस्पताल में एडमिट कराया गया। पुलिस ने बताया कि स्कूली वैन को 40 वर्षीय चालाक दिलीप पुत्र शिवपुरी, निवासी थोक, मुस्करा चला रहा था, हादसा उस वख्त हुआ, जब वैन बच्चों को लेकर

विवेकानंद स्कूल मुस्करा ले जा रहा था,उसी वख्त अचानक एक गाय सामने आ जाने से चालक के ब्रेक लगाने से वैन डिस्बैलेंस होकर पलट गई। वैन में आठ बच्चे मौजूद थे, हादसे में तीन बच्चे जख्मी हुये थे, जिन्हें फौरन सीएचसी मुस्करा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चों का इलाज किया। सभी बच्चों को उनके पैरेंट्स के साथ सुरक्षित घर पहुंचा दिया गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### रैन बसेरा का डीएम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने नगर पालिका परिषद कर्वी के सीतापुर स्थित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान बसेरा के केयरटेकर सौरव सोनकर उपस्थित पाए गए। डीएम ने रैन बसेरा में रात्रि विश्राम करने वाले श्रद्धालुओं का अंकन रजिस्टर का अवलोकन किया तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने पाया कि रैन बसेरा के अंदर बने शौचालय में पानी बह रहा है। जिस पर डीएम ने तत्काल प्रभाव से पानी बहने की समस्या को बेद करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही समय से अलाव जलाने एवं यात्रियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

### सरकारी तालाब को भू-माफिया बना रहे गंदा नाला

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जनपद की बबेरू तहसील के मुरवल गांव के विनोद सिंह नाम के एक निवासी ने गाटा संख्या 504, जो एक सरकारी तालाब है, के बारे में शिकायत दर्ज कराई है शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ खास लोगों ने तालाब के दक्षिणी किनारे पर पक्के मकान बना लिए हैं, जिससे उन्होंने ज़मीन पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया है ।गजराज, हरि, रामसरन, श्यामदेव, रामकुमार, शिवकुमार, श्रीराम, मुनुआ तालाब की ज़मीन पर पक्के घर बनाए है इसके अलावा, इन निवासियों पर अपने घर का सारा गंदा पानी सीधे तालाब में डालने का भी आरोप है ।जिससे तालाब का पानी बहुत ज़्यादा दूषित हो रहा है ।शिकायतकर्ता के अनुसार, खुद उनके और अन्य ग्रामीणों द्वारा इन गतिविधियों को रोकने की कोशिशों का विरोध किया गया तो स्थानीय हाथापाई पर उतारू हो गए। वहीं स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल उठाए गए हैं, क्योंकि मुरवल के ग्राम प्रधान पर आरोप है कि उन्होंने आरोपी पक्षों के साथ आपसी मिलीभगत व सांठगांठ के कारण कोई कार्रवाई नहीं की है ।अधिकारियों से अपील की गई है कि ज़िला प्रशासन और राजस्व विभाग तुरंत हस्तक्षेप करें, सर्वे (नाप) करें और अवैध निर्माणों को हटाकर सरकारी ज़मीन को वापस कब्जा मुक्त किया जाए जिससे उसका सुंदरीकरण हो सके। हालांकि स्थानीय प्रशासन ने अभी तक शिकायत पर आधिकारिक तौर पर कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं जब वहां के लेखपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है जिसका संज्ञान ले मौके पर जाकर जांच की जाएगी उसके बाद ही कुछ कहां जा सकता है।

# नगर पालिका का किया जा रहा है डिजिटाइजेशन, 31240 गृह स्वामियों को घर बैठे मिलेंगी कई सुविधाएं

जन एक्सप्रेस | बांदा

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार अब दूरस्थ नगरीय निकायों के निवासियों को घर बैठे कई नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने जा रही है।और इसको लेकर अब बांदा नगर पालिका का भी डिजिटाइजेशन किया जा रहा है और डिजिटलाइजेशन हो जाने के बाद जनपद नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले 31240 गृह स्वामियों को घर बैठे कई सुविधाएं मिलेंगी। वहीं जनपद नगर पालिका चित्रकूट धाम मंडल की पहली ऐसी नगर पालिका होगी जो डिजिटल होगी। और डिजिटलाइजेशन के बाद, हाउस टैक्स से सम्बंधित सभी प्रक्रियाएं घर बैठे एक क्लिक पर की जा सकेंगी और इसका लोगों को लाभ मिल सकेगा।



घर बैठे एक क्लिक पर मिलेगीं कई सुविधाएं

जहां अभी तक हाउस टैक्स से संबंधित कार्यों के लिए नगर पालिका के चक्कर लगाने पड़ते थे। तो वही जनपद नगर पालिका का डिजिटाइजेशन हो जाने के बाद हाउस टैक्स जमा करना, हाउस टैक्स के लिए नामांतरण करना, रिपोर्ट लगवाना व अन्य संबंधित चीजे घर बैठे एक क्लिक पर की जा सकेंगी।और अब लोगों को आने वाले समय मे नगर पालिका के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। और इसको लेकर नगर पालिका के द्वारा एक वेबसाइट बनवाई जा रही है और नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले सभी घरों की फाइलों को वहां पर अपलोड किया जाएगा और घर बैठे लोग अपने घर का पूरा ब्यौरा देख सकेंगे।

**मोबाइल नम्बर पर जाएगा नाटिफिकेशन जिससे हाउस टैक्स जमा करने में नहीं होगी देरी**

नगर पालिका की अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने बताया कि नगर पालिका बांदा का डिजिटाइजेशन का कार्य चल रहा है और डिजिटाइजेशन हो जाने के बाद जहां लोगों को घर बैठे हाउस टैक्स जमा करने, नामांतरण कराने, आवेदन कराने जैसी चीजों को लेकर नगर पालिका नहीं आना पड़ेगा। तो वही आने वाले समय में हम मोबाइल नंबर को भी लिंक करने की योजना बना रहे हैं जिससे कि हाउस टैक्स से संबंधित नोटिफिकेशन समय अनुसार मोबाइल पर पहुंचेगा। जिसमें हाउस टैक्स कितना बकाया है और कब तक इसका भुगतान करना है। इसके बारे में लोगों को जानकारी मिल सकेगी। जहां अभी तक लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पाती की हाउस टैक्स कितना है और कब इसे जमा करना है। वहीं इन्होंने बताया कि इसके अलावा भी डिजिटाइजेशन को लेकर कई और प्रक्रियाएं चल रही है। और आने वाले समय में डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो जाने के बाद लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी।

# मीनामंच सुगमकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निर्देश के क्रम में **'स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी'** के अंतर्गत समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंपोजिट विद्यालयों में गठित मीनामंच पावर एंजिल्स के सशक्तिकरण के उद्देश्य से विद्यालयों में मीनामंच सुगमकर्ता के रूप में कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला बीआरसी रामनगर के सभागार में आयोजित की गई।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने समस्त प्रतिभागियों को शिक्षा में लैंगिक असमानता तथा उसे दूर करने के उद्देश्य से गठित मीनामंच की अवधारणा, उसके कार्य तथा उसे सक्रिय रखने के क्रियाकलापों के संबंध में समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि अपने विद्यालय में मीना मंच की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करें, जिससे क्षेत्र में बालिकाओं के प्रति होने वाले भेदभाव, बालिकाओं की सुरक्षा, उनकी विद्यालय में नियमित उपस्थिति तथा उच्च शिक्षा के लिए बालिकाओं को प्रेरित किया जा सके। इसके अलावा मीना मंच के माध्यम से अभिभावकों एवं समाज को जागरूक करने की दिशा पर भी जोर देने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर प्रेमचंद यादव एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

# संजय गांधी की 79वीं जयंती पर जिले के युवा पत्रकार बसंत गुप्ता ने दिल्ली पहुंच अर्पित की श्रद्धांजलि



जन एक्सप्रेस | बांदा

युवा नेता स्वर्गीय संजय गांधी की 79वीं जन्म जयंती पर नई दिल्ली के राजघाट स्थित शांतिवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के युवाओं ने प्रतिभाग किया। इसमें जनपद व बुन्देलखण्ड के युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और स्व. संजय गांधी की समाधिक स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक सभा में शामिल हुए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी व युवा हृदय सम्राट वरुण गांधी भी मौजूद रहे, सभी युवाओं ने उनसे भेंट भी की।रविवार को दिल्ली के राजघाट स्थित शांतिवन में आयोजित स्व. संजय गांधी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जनपद से समाजसेवी व दैनिक जागरण झांसी के जिला ब्यूरो युवा पत्रकार बसंत गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की और स्व. संजय गांधी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान समाजसेवी बसंत गुप्ता ने बताया कि युवा हृदय सम्राट वरुण गांधी के ओजस्वी विचारों को सुनने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने अपने पिता स्व. संजय गांधी की नीतियों व देश हित में किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। कहा कि सभी युवाओं ने परिवार के सदस्य की तरह उपस्थित होकर अपना स्नेह जो दिया है। उससे हमारे परिवार को बल मिला है। उन्होंने सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। ज्ञात रहे बसंत गुप्ता वरुण गांधी से पिछले कई सालो से जुड़े हैं। उनका मानना है कि कार्यक्रम में शामिल होकर पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी एवं वरुण गांधी का आत्मिक स्नेह प्राप्त हुआ है। श्रद्धांजलि सभा में वरुण गांधी ने बताया कि यदि स्वर्गीय संजय गांधी जी होते तो देश बहुत आगे बढ़ चुका होता, क्योकि वह कुशल नेतृत्व क्षमता के स्पष्टवादी नेता थे और देश में भ्रष्टाचार खत्म हो गया होता। श्रद्धांजलि सभा में जनपद से बसंत कुमार गुप्ता के अलावा मोहनीश, यशोवर्धन सिंह, अमित गुप्ता, उरई से सूरज पाण्डेय सूर्या, कमलाकांत, सतीश वर्मा सहित बड़ी सख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी की बैठक सम्पन्न

**चित्रकूट।** भीम आर्मी के जिला कार्यालय में मंगलवार को आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए चर्चा की गई। इस दौरान दर्जन भर लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दी गई। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी नीरज कश्यप, मंडल प्रभारी अजय वर्मा व हसन खान गोलू ने पार्टी की गतिविधियों का जायजा लेते हुए सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्टी के जनाधार को बढ़ाते हुए जातीय समीकरण को ध्यान में रखें। कहा कि समस्त बहुजन समाज को सम्मानित पद देते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत करते हुए समाज को शासक बनाने का काम करें। कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता समाज में हो रहे अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़े। इस दौरान पार्टी की सक्रियता को देखते हुए दर्जनों लोगों ने आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# ग्रामोदय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में की सहभागिता

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आयोजित राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में सहभागिता की। अंजली संस्था द्वारा आयोजित की गई इस चार दिवसीय प्रदर्शनी में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के स्टॉल में प्रदर्शित कलाकृतियों की दर्शकों ने सराहना की और इन्हें खरीद कर ग्रामोदय के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। ललित कला शिक्षक डॉ राकेश कुमार ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग से स्वाति झा, दीपेंद्र मंडल, ऋचा प्रजापति, प्रिया विश्वकर्मा, शिवानी देवी, रोशनी सिंह एवं राखी सोनी ने अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रचनाओं में पारंपरिक एवं समकालीन कला का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसे दर्शकों और कला प्रेमियों ने सराहा। विद्यार्थियों के समूह का नेतृत्व एमएफए की छात्रा स्वाती झा ने किया। विद्यार्थियों के इस समूह के वापस लौटने पर कुलगुरु प्रो आलोक चौबे सहित ग्रामोदय परिवार के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें : पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल

जन एक्सप्रेस | बांदा

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा मंगलवार को पुलिस लाइन में स्थापित समस्त शाखाओं/कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वाचक कार्यालय, आईजीआरएस शाखा, अपराध शाखा, चुनाव सेल, गुमशुदा सेल, मॉनिटरिंग सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई, वीवीआईपी सेल, फील्ड यूनिट, AHTU, साइबर क्राइम थाना, यूपी-112 कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, रेडियो शाखा,यातायात कार्यालय, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय व क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय आदि का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखाओं के अभिलेखों की जांच कर उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी डायल-112 को आपातकालीन पुलिस सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने तथा आमजनमानस को इसके उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शाखा प्रभारियों को अपने-अपने कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए कार्यालय के कार्यों को सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया।



पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बन्धित को आदेशित भी किया गया। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया तथा सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की, कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे जनसामान्य को बेहतर सेवा उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी लाइन मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी डायल-112/ यातायात प्रतिज्ञा सिंह, प्रतिसार निरीक्षक वेलास यादव आदि उपस्थित रहे।



**संसद में प्रियंका ने सरकार से पूछा...**
कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), 2025 का विरोध किया। यह बिल दो दशक पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह लाने का प्रस्ताव है... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# टी-20 मैचः इकाना में सीरीज जीतने की इरादे से आज उतरेगी टीम इंडिया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद भारतीय टीम ने वनडे सीरीज जीतकर शानदार वापसी की। अब मेजबान टीम की नजर टी-20 सीरीज जीत पर है। लखनऊ में होने वाले चौथा मुकाबले में टी-20 टीम इंडिया सीरीज पर कब्जा करने उतरेगी। इस फॉर्मेट में टीम इंडिया ने इकाना स्टेडियम में खेले सभी तीन मैच जीते हैं, जो मेजबान टीम का हौसला बढ़ाते हैं। हालांकि यह सब इतना आसान नहीं होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका का ट्रैक रिकॉर्ड भी इकाना स्टेडियम में शानदार रहा है। टीम ने यहां खेले दोनों वनडे मुकाबलों में जीत दर्ज की है। ऐसे में मेहमान टीम यहां होने वाले टी-20 मुकाबले में जीत से आगाज करना चाहेंगे। दोनों ही टीमों में स्टार खिलाड़ियों की लंबी फेहरिस्त है, जो मैच का रुख पलटने का मद्दा रखते हैं। ऐसे में बुधवार को होने वाले मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है।

### कप्तान सूर्या बल्लेबाजी परेशानी का सबब

अभी तक के मुकाबलों में भारतीय टीम की जीत में सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू उनकी गेंदबाजी की गहराई रही है। वरुण चक्रवर्ती (तीन मैच में छह विकेट) के निर्देशन में अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने अभी तक के मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया है। तीसरे टी-20 मैच को व्यक्तिगत कारणों से छोड़ने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज बुमराह के जुड़ने से टीम का आक्रमण और मजबूत होगा। बल्लेबाजी की बात की जाए, तो अभी तक शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दी है। खासतौर पर अभिषेक ज्यादा आक्रामक दिखे, लेकिन गिल अभी तक अपनी क्षमता के अनुसार बल्लेबाजी नहीं कर पाए। टीम की दूसरी सबसे बड़ी चिंता कप्तान सूर्य कुमार यादव की बल्लेबाजी है, जो अभी तक खेले तीनों मुकाबलों में बड़ा स्कोर खड़ा करने में असफल रहें। उन्होंने पिछले तीन मैचों में महज 29 रन बनाए हैं। हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे ने अपने भूमिका से न्याय किया है, जो टीम को और मजबूत बनाता है। हालांकि तीसरे ऑलराउंडर अक्षर पटेल के अगले दो मुकाबलों से बाहर होने का असर टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है।

### मेहमानों के लिए करो या मरो का मुकाबला

दक्षिण अफ्रीकी टीम के लिए यह मुकाबला करो या मरो की स्थिति वाला है। 2-1 से पिछड़ने के बाद उन्हें हर हाल में जीत दर्ज कर सीरीज को जीवित रखना होगा। बल्लेबाजी क्रम की बात की जाए तो कप्तान एडन मार्करम को छोड़कर सबने निराश किया है। टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक को इकाना स्टेडियम के पिछले अनुभव का लाभ उठाकर बड़ी पारी खेलनी होगी। अनुभवी डेविड मिलर भी आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए इकाना स्टेडियम में खेल चुके हैं। ऐसे में उनके पास यहां फॉर्म वापसी का मौका होगा। गेंदबाजी में दक्षिण अफ्रीका प्रदर्शन औसत दर्ज का रहा है। तेज गेंदबाज एनडीगी (तीन मैच में छह विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे, बाकी कोई प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सका। भारत के मजबूत बल्लेबाजी क्रम पर दबाव डालने के लिए अफीकी गेंदबाजों को एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा।

# जीवित मतदाताओं को बीएलओ ने दिखा दिया मृत सपा ने सौंपा ज्ञापन, कड़ी कार्रवाई की मांग की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर एसआईआर में बीएलओ पर कई जीवित मतदाताओं को मृतक दिखाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि झांसी सदर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या-2 में 23 मतदाताओं ने गणना फॉर्म बीएलओ के पास जमा किए। बीएलओ ने इन सभी को मृतक घोषित करके गणना प्रपत्र सबमिट कर दिया। बताया कि इन सभी जीवित मतदाताओं के भरे गणना प्रपत्र व ऑनलाइन डिटेल की फोटो कॉपी साक्ष्य सहित लिखित शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई, लेनिक अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। सपा ने कहा है कि चुनाव आयोग तत्काल दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करे। कानपुर देहात व बदायूं की शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। बताया, कानपुर देहात, अकबरपुर रनिया विधानसभा क्षेत्र में 2003 की मतदाता सूची की मैपिंग में दिक्कतें हैं। इससे मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में परेशानी हो रही है। बदायूं के शेखूपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या-116 पर भाजपा ने बीएलओ को ही उसी बूथ पर अपना बीएलए नामित कर दिया है। ज्ञापन देने वालों में सपा के प्रदेश सचिव केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र सिंह यादव और राधेश्याम सिंह शामिल थे।



# 69000 शिक्षक भर्तीः फिर टली सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, शिक्षकों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

69000 शिक्षक भर्ती मामले की सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई मंगलवार को नहीं हो सकी। अब अगली सुनवाई चार फरवरी 2026 को होगी। इसके लिए स्पेशल बेंच बनाई जाएगी। सुनवाई न होने से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी निराश हैं। उन्होंने सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में पैरवी न करने का आरोप लगाया है। अभ्यर्थियों ने कहा कि पिछली सुनवाई 18 नवंबर को लगभग एक घंटे हुई थी। अगली सुनवाई 16 दिसंबर के लिए तय की गयी थी। माना जा रहा था इस मामले में अंतिम निर्णय हो जाएगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने आरोप लगाया कि सरकार कोर्ट में जवाब देने से भाग रही है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी पिछले पांच साल से इस मामले में लड़ रहे हैं किंतु सरकार हमारी बात सुनने को तैयार नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार सरकार को इस प्रकरण का निपटारा तीन महीने के अंदर करना था, जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है। इससे अभ्यर्थियों में असंतोष बढ़ रहा है। अभ्यर्थी देव गुप्ता व इरशाद अहमद ने कहा कि इस भर्ती में उनके हक को छीना गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मलिहाबाद।** लखनऊ-हरदोई रोड पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। रहीमाबाद क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर रियाज धरम कांटे के पास किसी अज्ञात और तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रिंस यादव और उनके साथ मौजूद अरुण गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर अरुण हेलमेट नही पहने हुए थे। राहगीरों की सूचना पर रहीमाबाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत सीएचसी मलिहाबाद पहुँचाया। सीएचसी पर डॉक्टरों ने प्रिंस यादव को मृत घोषित कर दिया।गंभीर रूप से घायल अरुण को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सड़क दुर्घटना में साईकिल सवार की मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना के क्षेत्र अंतर्गत कुंम्हरावां बाबागंज रोड पर बीते सोमवार रात्रि 9:30 बजे सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत हो गई। बता दें कि साइकिल सवार सोमवार रात्रि को कुंम्हरावां से मुसपिपरी ससुराल जा रहा था, तभी कुंम्हरावां बाबागंज रोड़ पर किसी अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुंची महिगवां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया। वहीं कुंम्हरावां चौकी प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि मृतक इटौंजा थाना क्षेत्र का शिवरी गांव का रहने था,जोकि अपनी ससुराल मुसपिपरी थाना महिगवां में रहता था, सोमवार रात को कुंम्हरावां बाबागंज रोड़ पर साइकिल से मृतक मिले जिनका नाम रामनाथ पुत्र स्वः श्यामलाल उम्र 35 वर्षीय है,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिवार की तरफ से अभी तक कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है, आवश्यक विधि कार्यवाही की जा रही है।

### लेफ्टिनेंट बनकर परिवार एवं क्षेत्र का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ जिले के इटौंजा नगर पंचायत वार्ड नंबर 7 धर्मपुर गांव के निवासी अग्रिम तिवारी पुत्र संदीप तिवारी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं परिवार व इटौंजा क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं अग्रिम तिवारी के पिता संदीप तिवारी ने बताया कि पुत्र अग्रिम तिवारी की प्रारंभिक



शिक्षा सिटी मोंटेसरी स्कूल शाखा अलीगंज लखनऊ से हुई थी, जिसके बाद एन.डी.ए की परीक्षा उत्तीर्ण सात 7 फरवरी 2022 को पास की। उसके बाद तीन (3) साल कठिन प्रशिक्षण के उपरान्त आखिरकार भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर संदीप तिवारी बेटे अग्रिम तिवारी ने परिवार और इटौंजा क्षेत्र को नाम रौशन किया है। जिससे कि भारतीय सेना में अफसर बनने पर पिता व माता को रिश्तेदार परिवार व क्षेत्र के सम्मानित वरिष्ठ पदाधिकारी व नागरिकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# इटौंजा पुलिस की बड़ी कार्यवाही एटीएम फ्राड गैंग का किया खुलासा

- एटीएम बदलकर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार,कब्जे से 2 एटीएम कार्ड,1 मेट्रो स्मार्ट कार्ड व 4,400 नगद बरामद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत एटीएम मशीन से धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया गया, जिसके पश्चात उसके बैंक खाते से 20,000 की अवैध निकासी कर ली गई। थाना इटौंजा पर मु0अ0सं0 180/2025, धारा 318(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना इटौंजा पुलिस टीम द्वारा क्राइम टीम व सर्विलांस टीम के सहयोग से जांच की गई, तभी मुखबिर खास की सूचना पर अभियोग से संबंधित अभियुक्त दीपक पुत्र रमेश (उम्र 26 वर्ष) निवासी सासिया कॉलोनी, देवकली, थाना फरधान, जनपद लखीमपुर खीरी को सूरजपुर गढ़ा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एटीएम के आसपास रैकी कर, एटीएम का प्रयोग न कर पाने वाले व्यक्तियों महिलाओं की मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने की बात स्वीकार की। अभियुक्त के कब्जे से 02 एटीएम कार्ड, 01 मेट्रो स्मार्ट कार्ड तथा ?4,400 नगद बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस की पुछताछ दौराने अभियुक्त दीपक ने बताया कि मैं अपने अन्य 03 साथियों 1. संजीत उर्फ पेड़ा पुत्र शिशुपाल निवासी सासिया कालोनी, देवकली कालोनी, थाना फरधान लखीमपुर खीरी 2. सुरेन्द्र उर्फ बैकी पुत्र सुन्दर उर्फ सुन्दरलाल निवासी सासिया कालोनी, देवकली कालोनी, थाना फरधान लखीमपुर खीरी 3. मंजीत पुत्र विजेन्दर निवासी सहाबगंज कालोनी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी के साथ मिलकर पहले रैकी करते है तथा ऐसे व्यक्तियों महिलाओ पर नजर रखते है जो एटीएम मशीन को सही से चलाना नही जानते है। उन्ही लोगो की मदद के बहाने हम 01 या 02 लोग एटीएम के अंदर जाते है और चालाकी से एटीएम बदल देते है तथा 02 लोग एटीएम के बाहर बाइक तैयार रखते है। पैसा निकालने के दौरान एटीएम मशीन से एटीएम कार्ड बदलकर भाग जाते हैं तथा अलग अलग जगहों पर लगे एटीएम से पैसा निकाल लेते है। अभियुक्त दीपक उपरोक्त के कब्जे से 02 अदद एटीएम कार्ड, 01 अदद मेट्रो कार्ड व 4400 रूपये बरामद हुआ। अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है।

# बदला यूपी का चेहरा, विकास और सुशासन की यात्रा को मिली नई पहचानः महाना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- 'गतिमान उत्तर प्रदेश : योगी सरकार के बेमिसाल आठ साल' पुस्तक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के समग्र परिवर्तन और विकास यात्रा को रेखांकित करने वाली पुस्तक 'गतिमान उत्तर प्रदेश : योगी सरकार के बेमिसाल आठ साल' के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को राजधानी लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मुख्य अतिथि तथा महिला कल्याण, बाल विकास एवं पोषण मंत्री बेबी रानी मौर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक और साहित्य जगत से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान पुस्तक की समीक्षा भी की गई।मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश के वीर सपूतों ने जिस भारत की कल्पना की थी, उसे साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के इतिहास और गौरव को नई पहचान मिली है, जिस पर आज प्रदेश का प्रत्येक नागरिक गर्व कर सकता है। सतीश महाना ने कहा कि इतिहास में ऐसे संत हुए हैं जो राजा बने, वर्तमान में उत्तर प्रदेश को एक संत-राजा के नेतृत्व में सुशासन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व में दया, संस्कृति और संस्कारों के समन्वय का उल्लेख करते हुए उनके नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में हुए विकास की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास की नई गति पकड़ी है। आज प्रदेश निवेश, रोजगार सृजन, औद्योगिक विस्तार और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में मॉडल राज्य के रूप में उभरा है। यह पुस्तक शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही परिणामोन्मुखी कार्यशैली का सशक्त प्रमाण है।विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पोषण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि योगी सरकार ने महिलाओं, बच्चों, किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के लिए ठोस नीतियों और योजनाओं से सामाजिक सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान की है। पुस्तक में इन प्रयासों का संतुलित और तथ्यपरक चित्रण किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने पिछले आठ वर्षों में जो अभूतपूर्व प्रगति की है, उसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। निवेश और औद्योगिक विकास को नई दिशा और गति मिली है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि पुस्तक में कानून-व्यवस्था, ई-गवर्नेंस, बुनियादी ढांचे और निवेश के क्षेत्र में हुए क्रांतिकारी परिवर्तनों को आंकड़ों के साथ प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने पुस्तक के लेखक के शोधपरक प्रयासों की सराहना की।पुस्तक के लेखक डॉ. शीलवंत सिंह ने कहा कि इस पुस्तक को लिखने का उद्देश्य पिछले आठ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गतिमान उत्तर प्रदेश की वास्तविक तस्वीर को सरल और सहज रूप में आम जनमानस तक पहुंचाना है। पुस्तक में कृषि, उद्योग, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून-व्यवस्था, अवस्थापना विकास, उद्यमशीलता और रोजगार के क्षेत्र में किए गए नवाचारी प्रयासों के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और किसानों की बदली हुई दिशा और दशा को प्रस्तुत किया गया है।पुस्तक पांच खंडों में विभाजित है, जिसमें 22 विषयों को शामिल किया गया है। महाकुंभ 2025 ओडीओपी योजना, फिल्म सिटी परियोजना, ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तथा अयोध्या और काशी के सांस्कृतिक उत्थान जैसे विषय इसके प्रमुख आकर्षण हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ओपी श्रीवास्तव, विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे, प्रभात प्रकाशन के पीयूष कुमार, मणिकांत शुक्ल सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खाद की कालाबाजारी करने वालों पर लगेगा एनएसए

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक शब्दों में कहा है कि मिलावटी अथवा नकली खाद बेचने वालों और खाद की कालाबाजारी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान को यदि खाद को लेकर कोई भी समस्या हुई तो जवाबदेही तय होगी और दोषी चाहे किसी भी स्तर का हो, कार्रवाई से नहीं बचेगा। कृषि मंत्री और सहकारिता मंत्री की उपस्थिति में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खाद की समुचित उपलब्धता और सुचारू वितरण को लेकर सख्त निर्देश दिए। सहकारिता और कृषि मंत्री प्रतिदिन खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से हर जिले पर सीधी निगरानी रखी जाएगी।

# वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने की वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से जुड़े कार्यों और 2025-26 के बजट आवंटन व व्यय प्रगति की समीक्षा
- 2016 में देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 8 प्रतिशत थी, जो 2024-25 में पहुंची 9 प्रतिशत से अधिक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एनेक्सी में उच्चस्तरीय बैठक में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से जुड़े कार्यों तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न विभागों के बजट आवंटन एवं व्यय की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में कार्य सही मार्ग पर हैं तथा इनमें और अधिक प्रगति की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस दिशा में कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाया जाए।मुख्यमंत्री को बताया, प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पादजीएसडीपी 29.78 लाख करोड़ रुपये है। 2024-25 के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9 प्रतिशत हो गया है, जबकि वर्ष 2022-23 में यह 8.6 प्रतिशत था। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जीएसडीपी लक्ष्य का 93 प्रतिशत पहले ही प्राप्त किया जा चुका है। अब लगभग 42 लाख करोड़ रुपये के जीएसडीपी लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मंत्री वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से संबंधित विभागीय कार्यों की मासिक समीक्षा, मुख्य सचिव द्वारा पाक्षिक समीक्षा तथा अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव विभागाध्यक्ष साप्ताहिक समीक्षा करें। विभागों के कार्यों का रियल टाइम डेटा समय से अपलोड किया जाए तथा डेटा संकलन की प्रक्रिया में और तेजी लाई जाए। उत्तर प्रदेश देश के 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन में योगदान देता है। खाद्यान्न एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कृषि रणनीति के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कृषि विकास दर 13 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। इस क्रम में सीड पार्क के निर्माण तथा यूपी एग्रीज परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।प्रदेश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी है। बेहतर बीज, उन्नत तकनीक तथा खेती के क्षेत्र के विस्तार से फसलों की पैदावार बढ़ी है। साथ ही, उच्च उत्पादन और अधिक मूल्य देने वाली फसलों की खेती से किसानों की आय और कुल उत्पादन दोनों में वृद्धि हुई है। फसलों के किस्मवार सटीक मूल्य आकलन से कृषि उत्पादन का अधिक सटीक और बेहतर मूल्यांकन संभव हो सका है।सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोहरे आदि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने परिवहन विभाग को इस संबंध में एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में विगत वर्षों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आगमन हुआ है। इस वर्ष जून माह तक लगभग 125 करोड़ पर्यटक प्रदेश में आए हैं। उन्होंने गढ़मुक्तेश्वर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख तीर्थ स्थल बताते हुए वहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधाओं में वृद्धि के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जनपद के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-प्राइमरी शिक्षा केंद्रों के रूप में विकसित कर रही है, क्योंकि ये प्राथमिक शिक्षा की मजबूत नींव हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण एवं उन्नयन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# गाय विश्व की सनातन परंपरा की जननी है गाय सुरक्षित रहेगी तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा समाज सुरक्षितः शंकराचार्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**मलिहाबाद।** श्री गोपेश्वर गौशाला पर सात दिवसीय ज्ञान रामकथा संचालित है कथा के पंचम दिवस ऊर्ध्वाम्नाय श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रान्द सरस्वती जी महाराज का पदार्पण गौशाला पर हुआ गौशाला परिवार ने सेवा भाव के साथ शंकराचार्य का सत्कार किया इस अवसर पर उन्होंने अपने आशीर्वचन दिया।इस अवसर उन्होंने गाय और परिवार पर समाज को जाग्रत करते हुए गाय की महिमा का बखान किया। गाय विश्व की सनातन परंपरा की जननी है गाय सुरक्षित रहेगी तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा समाज सुरक्षित रहेगा लिए धरती भी सुरक्षित रहेगी गाय को सुरक्षित कर ले तो सभी प्रकार के सृष्टि में उत्पन्न जीव मात्र का कल्याण होगा उसे सुरक्षित रहेंगे।सभी लोग अपना जन्म दिवस वैवाहिक कार्यक्रम या अन्य मंगल कार्यक्रम जो भी है गौशाला में मनाए आप गाय को नहीं पाल सकते हैं तो पढ़ रही जहां गए पड़ रही हो जो गौशाला में रह रही हो वहां जाकर उसे गाय को आप एक गोद ले उसका जो भी खर्चा आ रहा हो आप दे एक परिवार का प्राणी मानकर यदि हम गाय की सेवा करते हैं कि मेरे परिवार में यदि हम 6 लोग हैं तो गाय को मिलाकर हम साथ लोग हैं जब ऐसा विचार करके हम सेवा करेंगे तो निश्चित है गए सर्वे फल दाहिनी है अर्थ धर्म का मोच को देने वाली है 33 कोटि देवताओं का उसमें वास है इस प्रकार गाय की सेवा करके हम 33 कोटि देवताओं की पूजा कर लेते हैं गाय को हम चार देकर यज्ञ



हवन कर लेते हैं ऐसा सनातन संस्कृति की जो जननी है पोशाक है भगवान राम के धारा आगमन भगवान श्री कृष्ण के धारा आगमन की जो हेतु है वह गाय माता है इसलिए गांव की सेवा सभी को करनी चाहिए गोपेश्वर गौशाला परिवार इन 25 वर्षों से गांव की सेवा में निरंतर कार्य कर रहा है मैं आशीर्वाद देता हूं अपने इस ब्याज 20 मिनट से शंकराचार्य पीठ से यह गौ सेवा के कार्य को निरंतर यह लोग करते रहे गौ माता इनको ऊर्जा प्रदान करें और इनके माध्यम से गांव को केंद्र में रहकर जितने भी सामाजिक कार्य यह गौशाला परिवार कर रहा है उन सभी गौशाला परिवार के सदस्यों को मेरी शुभकामनाएं हैं कि क्षेत्र में सनातन संस्कृति का जो ध्वज है इस गौशाला परिवार के माध्यम से पहले फैल रहा है मैं पहले भी यज्ञ में आया था हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में आया तो निरंतर में देख रहा हूं कि यह गौशाला परिवार धर्म क्षेत्र में सनातन संस्कृति की रक्षा के क्षेत्र में उसके संवर्धन के क्षेत्र में उसको बढ़ाने के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग करके नए-नए अनुष्ठान करके व्यक्ति को समाज को जोड़कर समरसता का वातावरण इस समाज में फैला रहा है गाय को केंद्र कर पर्यावरण पर कृषि पर कार्य कर रहा है महिलाओं के रोजगार पर कार्य कर रहा है गरीब कन्याओं के विवाह कर रहा है ऐसे अनेक सामाजिक धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में यह गौशाला परिवार लगा हुआ है मेरी ओर से इस बैच सेट की ओर से पुनः पूरे गौशाला परिवार को साधु बात है आशीर्वाद है कि भगवान इनको निरोगी रखें गौ माता की कृपा इन पर निरंतर बनी रहे।

# कड़ाके की ठंड के बीच सीमा की सुरक्षा कर रहे हैं एसएसबी जवान

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी के जवानों द्वारा दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों एवं शरदीय मौसम में भी निरंतर सीमा पर सतर्क गश्त करते हुए कड़ी चौकसी बरती जा रही है।

जानकारी के अनुसार 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के जवान देश की सुरक्षा एवं सीमाओं की अखंडता सुनिश्चित करने हेतु दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों तथा कड़ाके की शरदीय मौसमीय चुनौतियों के बीच भी दिन-रात उच्च स्तर की सतर्कता के साथ सीमा क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रहे हैं। बल के जवान ऊबड़-खाबड़ भू-भाग, निम्न तापमान, कोहरे तथा प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों को मात देते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी निर्धारित ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पेशेवर दक्षता के साथ कर रहे हैं। इन परिस्थितियों में भी सशस्त्र सीमा बल के जवान सीमा पार से होने वाली किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, तस्करी, घुसपैठ एवं अन्य असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए नियमित पैदल गश्त, रात्रि गश्त एवं तकनीकी संसाधनों की सहायता से चाक-चौबंद निगरानी सुनिश्चित कर रहे हैं। जवानों द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों से सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सामान्य स्थिति बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हो रहा है। वर्तमान शरदीय मौसम में तापमान में भारी गिरावट एवं घने कोहरे के बावजूद बल के अधिकारी एवं जवान निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुरूप परिचालन गतिविधियों को निर्बाध रूप से संचालित कर रहे हैं। उच्चाधिकारी समय-समय पर सीमा चौकियों एवं गश्त मार्गों का निरीक्षण कर जवानों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं तथा आवश्यक प्रशासनिक एवं लॉजिस्टिक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे जवानों की कार्यकुशलता एवं मनोबल उच्च स्तर पर बना रहे। 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर सीमा क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखते हुए सुरक्षा संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान, विश्वास निर्माण एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बल द्वारा किए जा रहे ये प्रयास **सेवा, सुरक्षा एवं बंधुत्व** के मूल मंत्र के अनुरूप सीमा क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बना रहे हैं।

9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर यह आश्वस्त किया जा रहा है कि दुर्गम भौगोलिक स्थिति, प्रतिकूल मौसम अथवा अन्य किसी भी प्रकार की चुनौती के बावजूद सीमा की सुरक्षा एवं राष्ट्र की अखंडता से संबंधित दायित्वों के निर्वहन में कोई कमी नहीं आने देगी। बल के जवान पूरे समर्पण, अनुशासन एवं अदम्य साहस के साथ भविष्य में भी इसी प्रकार सीमाओं की सुरक्षा हेतु तत्पर रहेंगे।

# शीतलहर का कहर: जिले में अलर्ट, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है।आमजन को ठंड से होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि शीतलहर के दौरान मौसम पूर्वानुमान और आपातकालीन दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना अत्यंत आवश्यक है। एडीएम ने आमजन से अपील की है कि यथासंभव घर के भीतर रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें।उन्होंने कहा कि ठंडी हवा के सीधे संपर्क में आने से शरीर का तापमान तेजी से गिर सकता है।ऐसे में ढीले,हल्के और विंडप्रूफ ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें।शरीर को सूखा रखें तथा सिर,गर्दन,हाथों और पैरों को अच्छी तरह ढकें।दस्ताने,टोपी और मफलर का नियमित उपयोग करें।उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में शरीर को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए विटामिन-सी युक्त फल और सब्जियों का सेवन करें तथा गर्म तरल पदार्थ पीते रहें।त्वचा को फटने और सूखने से बचाने के लिए तेल या बॉडी क्रीम का प्रयोग करें।बुजुर्गों, बच्चों और अकेले रहने वाले व्यक्तियों की विशेष देखभाल करने की आवश्यकता है।हाथ-पैर की उंगलियों,कान या नाक की नोक पर सुन्नता या रंग बदलना गंभीर संकेत हैं,ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

अपर जिलाधिकारी ने हाइपोथर्मिया को जानलेवा बताते हुए कहा कि अत्यधिक कंपकंपी, बोलने में कठिनाई, मांसपेशियों में अकड़न, कमजोरी, सांस लेने में परेशानी या चेतना का खोना इसके लक्षण हो सकते हैं।ऐसे मामलों में व्यक्ति को तत्काल गर्म स्थान पर ले जाएं, गीले कपड़े बदलें और कंबल से ढकें। गंभीर स्थिति में बिना देर किए चिकित्सीय सहायता लें।उन्होंने बंद कमरे में कोयला या अंगीठी जलाने से बचने की सख्त चेतावनी दी,क्योंकि इससे निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस जानलेवा हो सकती है।शीतलहर और पाले से फसलों को होने वाले नुकसान को देखते हुए किसानों को समय पर सिंचाई,आवश्यक छिड़काव और फसलों को ढकने की सलाह दी गई है।

# कौशल विकास प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में शिक्षा शास्त्र विभाग की ओर से सत्र 2024-25 में संचालित **मूल्य शिक्षा एवं जीवन** विषय पर आयोजित 60 दिवसीय कौशल प्रमाण पत्र कोर्स के छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार को प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चयनित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मूल्य शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति में नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक गुणों (जैसे ईमानदारी, सहानुभूति, जिम्मेदारी) का विकास करना है ताकि वे जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपना सकें और एक संतुलित, जिम्मेदार नागरिक बन सकें; जबकि जीवन का उद्देश्य (आध्यात्मिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से) आत्म-बोध, परमात्मा से एकाकार होना या जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त करना हो सकता है। विभागाध्यक्ष एवं सर्टिफिकेट कोर्स के संयोजक डॉ दिनेश मौर्य ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए ऐसे सर्टिफिकेट कोर्स भविष्य में उपयोगी साबित होगा। सर्टिफिकेट कोर्स के समन्वयक विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मूल्य शिक्षा और जीवन-आधारित सर्टिफिकेट कोर्स छात्रों में नैतिक मूल्यों, आत्म-अनुशासन, और जिम्मेदार व्यवहार को विकसित कर समग्र व्यक्तित्व निर्माण में मदद करते हैं।

यह कोर्स केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित न रहकर, जीवन की चुनौतियों का सामना करने, सकारात्मक निर्णय लेने, और एक बेहतर, जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए आवश्यक जीवन कौशल (Life Skills) और नैतिक आधार प्रदान करते हैं, जिससे व्यक्तिगत विकास, करियर में उन्नति और समाज में सकारात्मक योगदान की क्षमता बढ़ती है। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक डॉ विशाल गुप्त व प्रियंका गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सर्दी से बढ़ी मुसीबत, जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**रायबरेली।** सर्दी का सितम धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे लोगों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ गई हैं। वहीं, सर्दी, खांसी के साथ ठंड से एलर्जी के मरीज भी बढ़े हैं। इसी कारण अस्पताल में सांस, जुकाम, खांसी व बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। विशेषज्ञों ने बदलते मौसम में सतर्कता बरतने की अपील की है। पिछले एक सप्ताह से सुबह-शाम तापमान गिर रहा है। इस बीच लोग वायरल बुखार के साथ खांसी, सर्दी, जुकाम और सांस संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। प्रतिदिन औसतन 300 मरीजों की ओपीडी हो रही है। जिसमें खांसी, सांस, जुकाम, बुखार आदि के मरीजों की संख्या सबसे अधिक आ रहे हैं। चिकित्सकों ने मरीजों को दवाओं और जांच के साथ ही सावधानी बरतने की सलाह दी है। जिला अस्पताल के चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि मौसम को देखते हुए ठंडी हवा से बचने के लिए नाक-मुंह को मफलर या मास्क से ढकें। सुबह-सुबह तेज ठंडी हवा में टहलने से बचें। धूम्रपान और धुएं के संपर्क से पूरी तरह दूर रहें।खानपान ठीक रखे। ठंडी वस्तुओं का सेवन न करें।

# सड़क हादसे में घायल को मिला जीवनदान

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद के रामनगर पूर्वी/आलापुर क्षेत्र में मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की एक मिसाल उस समय देखने को मिली,जब सोमवार देर रात्रि जहांगीरगंज विडहर मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को समय रहते उपचार दिलाकर उसकी जान बचाई गई। इस पूरे घटनाक्रम में बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भावी प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र रामनगर पूर्वी जयप्रकाश मौर्य की सक्रिय भूमिका और समाजसेवी डॉक्टर एस. पी. चक्रवर्ती की संवेदनशीलता सराहनीय रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिलेश पुत्र रामधारी, निवासी ग्रामसभा परसौली (खरगूपुर), की सड़क दुर्घटना से गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़े थे। हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण मौके पर मौजूद लोग उन्हें मृत समझ बैठे और सहायता करने के बजाय तमाशबीन बने रहे। कुछ लोग वीडियो और तस्वीरें बनाते रहे, लेकिन किसी ने आगे बढ़कर मदद करने का साहस नहीं किया। इसी बीच सूचना मिलने पर बसपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश मौर्य तुरंत सक्रिय हुए और बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुँचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल घायल को चिकित्सा सहायता दिलाने की व्यवस्था की और स्थानीय लोगों को सहयोग के लिए प्रेरित किया।उसी दौरान वहाँ से गुजर रहे समाजसेवी डॉक्टर एस. पी. चक्रवर्ती की नज़र घायल युवक पर पड़ी। जयप्रकाश मौर्य के सहयोग से उन्होंने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया और सीपीआर देकर घायल की स्थिति को स्थिर करने का प्रयास किया। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति की मदद से घायल को बाइक पर बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जहाँगीरगंज पहुँचाया गया जिससे समय से चिकित्सकीय सुविधा मिलने से युवक की जान बचाई जा सकी।

# हत्या की गुत्थी सुलझी: चौबीस घंटे में पुलिस का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

थाना जगदीशपुर क्षेत्र में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का जनपद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया।पुलिस ने मामले में प्रकाश में आए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लकड़ी की फंटी और ईंट बरामद की है।पुलिस के अनुसार चौदह दिसंबर को सूचना मिली थी कि हारीमऊ गांव में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। थाना जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य संकलन कराया।मृतक की पहचान मनोज उर्फ मुक्खन 40 वर्ष पुत्र पृथ्वी पाल सिंह निवासी गूंगेमऊ थाना जगदीशपुर के रूप में हुई।मृतक के भाई अजीत सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच तेज की।पंद्रह दिसंबर मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम जगधरपुर मजरे हारीमऊ निवासी शिवलाल और धर्मराज को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि तेरह -चौदह दिसंबर की रात निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल पर आग तापते समय मृतक द्वारा गाली-गलौज और मारपीट के बाद विवाद बढ़ गया। इस दौरान शिवलाल के बेटे दिलीप ने हथौड़ी से वार किया,जबकि धर्मराज ने ईंट और शिवलाल ने लकड़ी की फंटी से हमला किया, जिससे मनोज की मौत हो गई।बाद में घटना को दुर्घटना दिखाने के लिए शव को साइकिल सहित सड़क किनारे फेंक दिया गया और खून पर मिट्टी डाल दी गई।फिलहाल पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के शीघ्र खुलासे में थाना जगदीशपुर पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही।

# पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार की जांच कराने को दिया पत्र

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती के निवर्तमान सांसद पूर्व मंत्री डॉ विनय कुमार पाण्डेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके बलरामपुर तथा श्रावस्ती जनपद में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्य में भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए जांच करने की मांग की है।

निवर्तमान सांसद पूर्व मंत्री डॉ विनय कुमार पाण्डेय ने 16 दिसंबर को बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर पत्र दिया कि बलरामपुर में जल जीवन मिशन अन्तर्गत व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच, अपूर्ण पड़े कार्यों का पूर्ण कराए जाने तथा ग्रामीण बस्तियों के सम्पर्क मार्गों जिन्हें सप्लाई पाइप डालने के दौरान तोड़ा व क्षतिग्रस्त किया गया । कार्य होने के बाद पर्याप्त धन आवंटन होने के बावजूद पुर्ननिर्माण अथवा मरम्मत न किये जाने से ग्रामीण जीवन के अस्तव्यस्त होने के साथ आवागमन में बाधा तथा आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोके जाने का उपाय अधूरे पड़े कार्यों की वजह से रास्ते में जल भराव के कारण हो रही असुविधाओं, जलभराव के कारण मच्छरों सहित अन्य महामारियों के कीटाणुओं को रोके जाने तथा शासन की मंशा अनुरूप ग्रामीण जन जीवन को स्वच्छ पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु आपके कुशल नेतृत्व में जन उपयोगी मिशन को ग्रामीण जन जीवन तक सुलभ कराये जाने हेतु भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के साथ-साथ शासन की मंशानुरूप इस महती योजना के परिपूर्ण रूप से सुनिश्चित कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

# पूर्व सांसद प्रत्याशी रहे राम विलास वेदांती का निधन, जनपद में शोक की लहर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में शामिल रहे और पूर्व प्रत्याशी सांसद राम विलास वेदांती का निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही अमेठी समेत जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।राम विलास वेदांती संत परंपरा से जुड़े ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने धार्मिक आंदोलनों के साथ-साथ राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई।

वेदांती का नाम राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख चेहरों में गिना जाता रहा है।आंदोलन के दौरान उन्होंने कई बार जेल भी काटी और लंबे समय तक सक्रिय रहे। 2004 के लोकसभा चुनाव में वेदांती ने अमेठी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनौती दी थी। यह चुनाव पूरे देश में चर्चा का विषय रहा। पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान वेदांती खड़ाऊं पहनकर गांव-गांव जाते थे और धर्म व राष्ट्र के नाम पर लोगों से भाजपा को समर्थन देने की अपील करते थे।

ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हें संत मानकर लोग सम्मान देते थे और उनके दर्शन के लिए उमड़ते थे। उनके निधन पर शोक जताते हुए इसे संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट उमाशंकर पांडेय, दलजीत सिंह सहित कई अन्य नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।राम विलास वेदांती का जीवन धार्मिक आस्था,संघर्ष और सामाजिक सक्रियता का प्रतीक रहा।उनके निधन से अमेठी ने एक चर्चित और प्रभावशाली व्यक्तित्व को खो दिया है।

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर, रायबरेली में **सप्त शक्ति संगम** कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निधि द्विवेदी, मुख्य वक्ता अर्चना सिंह, अध्यक्षा साधना शर्मा एवं समिति सदस्या वंदना बाजपेई की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन दिव्या सिंह द्वारा किया गया, जिसमें उपस्थित मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशिष्ट माताओं के सम्मान के अंतर्गत प्रज्ञा सिंह एवं संध्या पाण्डेय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रंजना साहू ने किया। प्रेरणादायी महिलाओं के संदेश एवं वेशभूषा प्रस्तुति के अंतर्गत आकृति तिवारी ने मीरा बाई, अन्विता सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई, सान्वी सिंह ने भगिनी निवेदिता, अविका सिंह ने अहिल्याबाई होलकर, रुद्रिका सिंह ने भारत माता तथा निहारिका सिंह ने जीजाबाई की भूमिका का प्रभावशाली अभिनय किया। मातृशक्ति को संकल्प वंदना बाजपेई द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सहित समस्त विद्यालय परिवार की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लगभग 300 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम नारी शक्ति, संस्कार एवं प्रेरणा का सशक्त उदाहरण बना।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया विजय दिवस

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में पाकिस्तान पर भारत की जीत को समर्पित विजय दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, साहस, और बलिदान को स्मरण करते हुए युद्ध में शहीद होने वाले सभी वीर जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य ने विजय दिवस पर विद्यार्थियों को देश प्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का सन्देश देते हुए बताया कि आज का दिन वर्ष 1971 के भारत – पाक युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय की याद दिलाता है, यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ। इस युद्ध में करीब 3,900 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए और 9,851 सैनिक घायल हुए, साथ ही आज के दिन बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम को भी विजय प्राप्त हुई थी, इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, अजयराज सिंह, प्रभाकर दुबे, जितेंद्र कुमार सिंह, विवेक सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सर्दियों में चोरी की घटनाएं रोकने के लिए एसपी ने बनाई रणनीति

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ठंड का समय शुरू हो गया है, कुछ ही दिन बाद रात में कोहरे का भी असर दिखने लगेगा। इस मौसम में चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने अभी से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए एसपी ने नई रणनीति तैयार की है। चोरी रोकने की यह तैयारी रायबरेली जिले में पहली बार हुई है, जब एसपी ने चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

एसपी की इस व्यवस्था से चोरियों पर अंकुश लगेगा. एसपी ने जिले के सभी थानेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि रात्रि गश्त को केवल औपचारिकता न रहने दिया जाए। गश्त पर तैनात पुलिस टीमों की सक्रियता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी रात के समय बीच-बीच में उनकी लोकेशन लेंगे और वास्तविक स्थिति का आंकलन करेंगे। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह पुराने चोरों व लुटेरों को पकड़ कर उनकी गतिविधियों की जांच पड़ताल करें। सर्दी के मौसम में चोरी की घटनाएं बढ़ने की आशंका रहती है, इसलिए पुलिस सतर्कता बरत रही है। एसपी का मानना है कि सक्रिय निगरानी व पूछताछ से आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सकता है।

एसपी ने थाना प्रभारियों को आदेश दिया है कि वह नियमित गश्त करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करें। इसके अलावा, बाजार, मोहल्लों व अन्य संवेदनशील इलाकों में सीसी कैमरों की मदद से निगरानी बढ़ाई जाए।



एसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए है कि वे ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय कराएं। इसमें निष्क्रिय और बुजुर्ग सदस्यों की जगह युवा और सक्रिय सदस्यों को शामिल कराएं। सुरक्षा समिति के प्रत्येक सदस्यों का मोबाइल नंबर रखें और नियमित संपर्क स्थापित करें। गांवों में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाएं।

एसपी ने बताया कि जिन कस्बा व गांवों में पहले सर्वाधिक चोरी की घटनाएं होती रही है और कैसे वहां चोरी की घटनाएं होती है, इसका पुलिस ने आकलन करना शुरू कर दिया है। इन स्थानों को चिह्नित करने के बाद यहां सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिया जाएगा, गांवों में चौकीदार व संबंधित सिपाहियों का पहरा लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है।

सर्दी के मौसम में अक्सर चोर सक्रिय हो जाते हैं और चोरी की वारदातों में वृद्धि हो जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए एसपी ने निर्देश दिए हैं कि सभी थानाध्यक्ष क्षेत्र में गश्त बढ़ाएं और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखें। पुलिस पेट्रोलिंग टीम को भी रात में अधिक सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।

एसपी ने जनता से भी अपील की है कि यदि वह अपने क्षेत्र में किसी संदिग्ध व्यक्ति को देखें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। स्थानीय नागरिकों की सतर्कता और सहयोग अपराध पर नियंत्रण में मददगार साबित हो सकती है।

एसपी की इस मास्टर प्लान से सर्दियों में चोरी व अन्य आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगने की उम्मीद है। पुलिस की सक्रियता व जनता के सहयोग से जिले को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। एसपी डॉ यशवीर सिंह के अनुसार अपराध पर नियंत्रण प्राथमिकता है। संदिग्धों की पहचान व पूछताछ के जरिए हम अपराधियों के मंसूबों को नाकाम करेंगे। सभी थानाध्यक्षों को सतर्क रहने व नियमित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हमारा प्रयास है कि शांति व्यवस्था बनी रहे।

# पंचतत्वों पर आधारित खानपान रखे स्वस्थ



पंचतत्व अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। हमें अपने खानपान में प्रतिदिन इन पांचों तत्वों का भी सेवन करना चाहिए। ऐसा होने पर हम अधिकाधिक स्वस्थ व सक्रिय रह सकेंगे।

**वायु** – सांस के माध्यम से हर प्राणी वायु ग्रहण करता है। बाकी तत्वों को कुछ समय या कुछ दिन के लिए छोड़ा जा सकता है, पर वायु को नहीं। जो लोग अनशन या उपवास करते हैं, वे भी अन्न, फल, सब्जी या जल आदि छोड़ देते हैं, पर वायुसेवन नहीं। एक समय आहार लेने वाले संन्यासी भी वायुसेवन तो प्रतिक्षण करते ही हैं। अर्थात् पंचतत्व में से वायु प्राणियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह वायु व्यक्ति को शुद्ध एवं प्राकृतिक रूप में पर्याप्त मात्रा में मिले, यह भी आवश्यक है। जो लोग बड़े शहरों में या उद्योगों के पास रहते हैं, उन्हें शुद्ध वायु नहीं मिल पाती। इसीलिए इन दिनों नये-नये रोग लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो बड़े नगरों में शुद्ध ऑक्सीजन के बूथ खुलने लगे हैं, जहां पैसे देकर व्यक्ति दस-पन्द्रह मिनट शुद्ध प्राणवायु ले सकता है। जैसे आजकल हर व्यक्ति अपने साथ साफ पानी की बोतल रखने लगा है, लगता है कुछ समय बाद लोग प्राणवायु के छोटे सिलेंडर भी साथ लेकर चला करेंगे। ताजी और शुद्ध प्राणवायु प्राप्त करने की निःशुल्क विधि प्रातःकालीन भ्रमण है। सूर्योदय होने पर पेड़ों द्वारा रात में उत्सर्जित कार्बन डायआक्साइड वायुमंडल में चली जाती है। ऐसे शीतल और शांत वातावरण में अकेले या सपरिवार घूमना शुद्ध वायु ग्रहण करने का सबसे सरल उपाय है।

केवल घूमना ही नहीं, तो इस समय कुछ आसन, व्यायाम और प्राणायाम करना भी बहुत लाभदायक है। सुबह की ही तरह शाम का भ्रमण भी बहुत लाभकारी है। इन दोनों समय पर दिन और रात का मिलन होता है। इसके सदुपयोग से हम अपने शरीर तथा मन को स्वस्थ रख सकते हैं। बच्चों और युवाओं को तो शाम के समय पढ़ने की बजाय खेलना ही चाहिए।

चाहे कोई स्वयं वाहन न चलाता हो, पर प्रदूषित वायु सेवन करना तो उसकी भी मजबूरी ही है। इसलिए जहां सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का बहुत अच्छा होना जरूरी है, वहां दस-बीस कदम जाने के लिए वाहन निकालने की आदत भी छोड़नी होगी। पेड़ों को कटने से बचाकर तथा परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पेड़ लगाकर हम प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग दे सकते हैं।

**जल**– वायु की ही तरह जल भी व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है। किसी समय बहता पानी निर्मला कहकर नदियों का जल सर्वाधिक शुद्ध माना जाता था, पर अब नगरों के सीवर, कारखानों के अपशिष्ट, समय-समय उसमें विसर्जित की जाने वाली रासायनिक रंगों से पुती मूर्तियों तथा अन्य कूड़े करकट के कारण नदियां आचमन योग्य भी नहीं रह गयी हैं। अब तो सब जगह कुछ घंटों के लिए सरकारी पानी मिलता है। वह कितना शुद्ध होता है, कहना कठिन है। पानी साफ और भरपूर मिले, इसके लिए निजी बोरिंग कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिनके लिए यह संभव नहीं है, उन्होंने भी घरों में फिल्टर लगा लिये हैं। इनसे एक लीटर पानी साफ होने के चक्कर में चार लीटर पानी नाली में बह जाता है। शहरीकरण का अर्थ ही है, बिजली और पानी का अत्यधिक प्रयोग। अतः जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

विद्वानों का मत है कि अगला विश्व युद्ध जल के कारण होगा। इसका सत्य तो भविष्य बताएगा पर नलों पर हर दिन डिब्बे और कनस्तर लिये लोगों को झगड़ते हुए कोई भी देख सकता है। मंगल आदि ग्रहों पर जाने वाले यान भी वहां सबसे पहले पानी की ही तलाश कर रहे हैं। इसके बाद भी लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। जो कार दो बाल्टी पानी में धोई जा सकती है, उसे दो हजार लीटर साफ पानी से धोते हुए लोग प्रायः मिल जाते हैं। हम वर्षा जल का संरक्षण कर तथा पानी को व्यर्थ न जाने देकर भी इस दिशा में अपना व्यक्तिगत सहयोग दे सकते हैं। हम साफ पानी पिएं, यह तो आवश्यक है ही पर कितना पिएं, इस बारे में अलग-अलग मत हैं। फिर भी एक व्यस्क व्यक्ति को दिन भर में आठ-दस गिलास पानी तो पीना ही चाहिए। सुबह उठकर कुल्ला-मंजन के बाद तांबे के साफ पात्र में रखा पानी भरपेट पीना बहुत लाभ देता है। तांबा जल की अधिकांश अशुद्धियां दूर कर देता है। सर्दियों में पानी को गुनगुना कर लें, तो और अच्छा रहेगा।

**आकाश**– आकाश की पहचान खालीपन या शून्यता है। घटाकाश और मठाकाश जैसी कल्पनाएं इसी में से आई हैं। आकाश में कोई भी चीज फेकें, खाली होने के कारण वह मना नहीं करता। वायु और अंतरिक्ष यान इसीलिए आकाश में निर्द्वन्द उड़ते हैं। किसी पात्र के खाली होने का अर्थ है कि उसमें आकाश तत्व विद्यमान है पर जब उसमें कोई वस्तु डालते हैं, तो वह हट जाता है। ऐसी शून्यता हम अपने पेट को बिल्कुल खाली रखकर प्राप्त कर सकते हैं। अतः प्रातः शौचादि से निवृत्त होने के बाद लगभग दो घंटे तक पेट को अवकाश दें। इससे जहां भोजन पचाने वाली इंद्रियों को आराम तथा अपनी टूट-फूट ठीक करने का समय मिलेगा, वहां हमें आकाश तत्व भी प्राप्त होगा। व्रत और उपवास आकाश तत्व की प्राप्ति का अवसर कुछ अधिक समय तक प्रदान करते हैं। इनका भरपूर उपयोग करना चाहिए पर इस नाम पर दिन में कई बार पेट में गरिष्ठ चीजें ठूंसते रहना शुद्ध पाखंड है।

**पृथ्वी**– पृथ्वी हमें अन्न, दाल और सब्जियां आदि देती है। अतः इनके सेवन से हमें पृथ्वी तत्व की प्राप्ति होती है पर इन्हें कच्चा नहीं खा सकते। इन्हें आग पर पकाकर तथा आवश्यकतानुसार कुछ अन्य मिर्च-मसाले डालकर प्रयोग किया जाता है। इनका सेवन कितना और कितनी बार करें, इसका कोई मापदंड नहीं है। शारीरिक परिश्रम करने वाले किसान या मजदूर तथा कार्यालय में बैठकर काम करने वाले की आवश्यकता अलग-अलग होगी। उन्हें उसी अनुसार इनका सेवन करना चाहिए। ऐसा न होने पर जहां एक ओर तोंद वाले, तो दूसरी ओर दुबले-पतले लोग सर्वत्र घूमते मिलते हैं।

**अग्नि**–
अग्नि का स्रोत सूर्य है। सर्दियों में तो सीधे धूप में लेटना या बैठकर काम करना अच्छा लगता है। गर्मियों में भी अपने काम के सिलसिले में घूमते-फिरते धूप लगती रहती है। इससे अग्नि तत्व अपने आप ही मिल जाता है। जो लोग दिन भर वातानुकूलित वातावरण अर्थात् एसी वाले घर, कार्यालय और कार में रहते हैं, उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए थोड़े से परिश्रम या मौसम बदलने मात्र से ही ये लोग बीमार होकर बिस्तर पकड़ लेते हैं। भीषण गर्मियों में जहां लू से बचना आवश्यक है, वहां धूप से डरना भी अनुचित है।

जहां तक खानपान की बात है, तो सूर्य की ऊर्जा से पके हुए फल और सलाद आदि के सेवन से अग्नि तत्व भरपूर मात्रा में प्राप्त होता है पर इनका सेवन सूर्यकाल में ही करना चाहिए। अर्थात् सूर्यास्त के बाद इन्हें खाना ठीक नहीं है। इसी तर्ज पर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि पृथ्वी तत्व वाले जिन पदार्थों को खाने से पूर्व आग पर चढ़ाना पड़ता है, उन्हें सूर्य की उपस्थिति में नहीं खाना चाहिए। यद्यपि बहुत से लोग अपनी धार्मिक आस्था या वृद्धावस्था के कारण सूर्यास्त के बाद अन्न नहीं खाते। उनका कहना है कि सूर्यास्त के बाद शरीर की पाचनक्रिया मंद हो जाती है। अतः उस समय भारी भोजन ठीक नहीं है। विचार भिन्नता के कारण इस विषय को स्वतंत्र छोड़ देना ही उचित है। ये कुछ ऐसी बातें हैं, जिन्हें समय-समय पर कुछ बुजुर्गों के मुंह से सुना है। इसमें से कुछ का प्रयोग करने से लाभ भी हुआ है। यद्यपि आज की भागदौड़ वाले जीवन में सब नियमों का पालन संभव नहीं होता। फिर भी जितना हो सके, उतना पालन करके देखें।

# आंखों पर दें ध्यान



आंखें अनमोल हैं, इसलिए इनकी सेहत का बदलते मौसम के अनुसार ध्यान रखना आवश्यक है

- आंखों में सूखापन की समस्या सर्दियों में बढ़ सकती है। सूखेपन से बचाव के लिए डॉक्टर के परामर्श से आर्टीफिशियल टीयर ड्रॉप का इस्तेमाल करें।
- इस मौसम में एलर्जी की शिकायत भी सभव है। इससे बचने के लिए दिन में दो बार आंखों को साफ पानी से धोएं। इन्हें मलें या रगड़ें नहीं।
- चेहरे के साथ आंख के आसपास व पलक की त्वचा को सूखेपन से बचाएं, लेकिन ध्यान रहे कि कोई भी मॉइश्चराइजर या कोल्ड क्रीम आंख के अंदर न जाए।
- काला चश्मा लगाकर ही धूप में बैठें।
- नेत्रों को चश्मे के जरिये ठंडी हवाओं से बचाएं।

# पेट दर्द के घरेलू उपचार



अधिकतर बीमारियों की वजह होती है असंयमित खान-पान। गलत खान-पान के कारण कभी-कभी पेट में दर्द होने लगता है। आमतौर पर पेट दर्द का एक मुख्य कारण अपच, मल सूखना, गैस बनना यानी वात प्रकोप होना और लगातार कब्ज बना रहना भी है। पेट दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो दर्द तो दूर करते हैं, साथ ही साथ पेट की क्रियाओं को भी ठीक करते हैं।

– पेट दर्द मे हींग का प्रयोग लाभकारी होता है। 2 ग्राम हींग थोड़े पानी के साथ पीसकर पेस्ट बनाएं। नाभी पर और उसके आस-पास यह पेस्ट लगाएं।

–अजवाइन को तवे पर सेक लें और काले नमक के साथ पीसकर पाउडर बनाएं। 2-3 ग्राम गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लेने से पेट का दर्द दूर होता है।

–जीरे को तवे पर सेकें और 2-3 ग्राम की मात्रा गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लें। इसे चबाकर खाने से भी लाभ होता है।

–पुदीने और नींबू का रस एक-एक चम्मच लें। अब इसमें आधा चम्मच अदरक का रस और थोड़ा सा काला नमक मिलाकर उपयोग करें। दिन में 3 बार इस्तेमाल करें, पेट दर्द में आराम मिलेगा।

–सूखी अदरक मुंह में रखकर चूसने से भी पेट दर्द में राहत मिलती है।

–बिना दूध की चाय पीने से भी कुछ लोग पेट दर्द में आराम महसूस करते हैं।

–अदरक का रस नाभी स्थल पर लगाने और हल्की मालिश करने से पेट दर्द में लाभ होता है।

–अगर पेट दर्द एसिडिटी से हो रहा हो तो पानी में थोड़ा सा मीठा सोडा डालकर पीने से फायदा होता है।

–पेट दर्द निवारक चूर्ण बनाएं। इसके लिए भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, सौंठ, लहसुन, धनिया, हींग, सूखी पुदीना पत्ती सबकी बराबर मात्रा लेकर बारीक चूर्ण बनाएं। इसमें थोड़ा सा काला नमक भी मिलाएं। खाने के बाद एक चम्मच थोड़े से गर्म पानी के साथ लें। पेट दर्द में आशातीत लाभकारी है।

–एक चम्मच शुद्ध घी में हरे धनिये का रस मिलाकर लेने से पेट की व्याधि दूर होती है।

–अदरक का रस और अरंडी का तेल प्रत्येक एक-एक चम्मच मिलाकर दिन में 3 बार लेने से पेट दर्द दूर होता है।

–अदरक का रस एक चम्मच, नींबू का रस 2 चम्मच लेकर उसमें थोड़ी सी शक्कदर मिलाकर प्रयोग करें। पेट दर्द में लाभ होगा। दिन में 2-3 बार ले सकते हैं।

–अनार पेट दर्द मे फायदेमंद है। अनार के बीज निकालें। थोड़ी मात्रा में नमक और काली मिर्च का पाउडर डालें। और दिन में दो बार लेते रहें।

–मेथी के बीज पानी में भिगोएं। पीसकर पेस्ट बनाएं। और इस पेस्ट को 200 ग्राम दही में मिलाकर दिन में दो बार लेने से पेट के विकार नष्ट होते हैं।

–इसबगोल के बीज दूध में 4 घटे भिगोएं। रात को सोते समय लेते रहने से पेट में मरोड़ का दर्द और पेचिश ठीक होती है।

–सौंफ में पेट का दर्द दूर करने के गुण होते है। 15 ग्राम सौंफ रात भर एक गिलास पानी में भिगोएं। छानकर सुबह खाली पेट पीयें। बहुत गुणकारी उपचार है।

–आयुर्वेद के अनुसार हींग दर्द निवारक और पित्तवर्द्धक होती है। छाती और पेट दर्द में हींग का सेवन बेहद लाभकारी होता है। छोटे बच्चों के पेट में दर्द होने पर एकदम थोड़ी सी हींग को एक चम्मच पानी में घोलकर पका लें। फिर बच्चे की नाभी के चारों लगा दें। कुछ देर बाद दर्द दूर हो जाता है।

–नींबू के रस में काला नमक, जीरा, अजवायन चूर्ण मिलाकर दिन में तीन बार पीने से पेट दर्द से आराम मिलता है।

## होम्योपैथी का सहारा ले सकते हैं

# अनिद्रा के रोगी

मुझे नींद नहीं आती, आपने अक्सर लोगों को यह शिकायत करते सुना होगा। नींद एक जैविक प्रक्रिया है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद बहुत ही जरूरी है। पर्याप्त नींद नहीं लेने से हमारी कार्यक्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है। अनिद्रा के शिकार लोगों को अक्सर दिन में इधर-उधर झपकियां लेते देखा जा सकता है।



अनिद्रा आजकल एक महामारी की तरह फैलती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक आज विश्व में हर पांचवां व्यक्ति अनिद्रा का शिकार है। अनिद्रा का अर्थ है नींद में व्यवधान, नींद उचटना या कम नींद आना। यह दो प्रकार की होती है। पहले प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों से जिन्होंने कभी अच्छी, चैन की नींद का आनंद नहीं लिया हो तथा ये लोग तनाव, घबराहट या अन्य किसी असहनीय पीड़ा से पीड़ित न हो। पहली प्रकार की अनिद्रा से पीड़ित लोगों की नाड़ी की गति तेज तथा शरीर का तापमान अधिक होता है। इनकी बाह्य धमनियां प्रायः संकुचित होती हैं। ये लोग प्रायः हिलते-डुलते रहते हैं। दूसरे प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों की अनिद्रा से है जो किसी न किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं जैसे पेट में दर्द, पैरों में बेचैनी, थकान, स्पाइनल कॉर्ड में दर्द आदि। इन बीमारियों से नींद की प्रारंभिक अवस्था में बाधा पहुंचती है।

दूसरे प्रकार की अनिद्रा साइकेट्रीक, साइकोसिस तथा साइकोन्यूरोसिस के मरीजों में आमतौर पर देखी जा सकती है। डर तथा चिंता भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं। डिप्रेशन तथा मेनियक डिप्रेशन से भी अनिद्रा की शिकायत हो सकती है इससे सोने पर एक बार तो नींद आ जाती है परन्तु सुबह जल्दी आंख खुल जाती है तथा बाद में रोगी सो नहीं पाता। सन्निपात तथा कोई काल्पनिक डर भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं।

चिकित्सा की होम्योपैथिक शाखा के अंतर्गत अनेक ऐसी दवाईयां हैं जिनका प्रयोग अनिद्रा के उपचार के लिए किया जाता है। मरीज के लक्षणों के आधार पर कोई भी दवा उसे दी जा सकती है।

**आर्सेनिक एलबम 30**– यह दवा उन मरीजों को दी जाती है जो किसी मानसिक बेचैनी के कारण करवटें बदलते रहते हैं। वह शारीरिक रूप से इतना कमजोर होता है कि उसका चलना-फिरना भी मुश्किल होता है। मरीज को निरंतर मृत्यु का भय बना रहता है। वह इलाज के प्रति निराश हो चुका होता है। ऐसे रोगी को बार-बार थोड़े पानी की प्यास लगती रहती है।

**केनाबिस इंडिका 30**– यह उन रोगियों के लिए उपयुक्त होती है जो भय, भ्रांति तथा मानसिक दुर्बलता के शिकार होते हैं। ऐसे रोगी अक्सर मरे हुए लोगों को सपने में देखते हैं। उन्हें लगता है कि वह पागल हो जाएंगे। ऐसा रोगी लगातार बोलता रहता है और सिर हिलाता रहता है। अक्सर बोलते-बोलते वह यह भी भूल जाता है कि उसे आगे क्या बोलना है। विनम्र स्वभाव का व्यक्ति यदि उद्दण्ड स्वभाव हो जाए तो उसे यह दवा दी जाती है।

**हायोसाइमस नाइगर 200**– इसमें मरीज बहुत बातूनी और ईर्ष्यालु होता है। इस प्रकार का रोगी बहुत डरता है। उसे हर बात में डर लगता है जैसे अकेले रहने का डर, विष खिलाने का डर, किसी षड़यंत्र का डर आदि। बच्चों में नींद न आना, नींद आते ही डर जाना, बिस्तर से निकलने या भागने की कोशिश करना जैसे लक्षण होने पर यह दवा दी जाती है।

**कैफिया क्रूडा 200**– यह दवा उन रोगियों के लिए उचित है जिन्हें रात को नींद नहीं आती। वे अक्सर भविष्य के बारे में चिंता करते रहते हैं। ऐसे रोगी अचानक ही हंसने या रोने लगते हैं ऐसे रोगियों को बहुत अधिक चिंता, बातचीत या मानसिक परिश्रम करने में सिर में तेज दर्द होता है।

**एकोनाइटम नैपेलस 30**– इसमें रोगी अक्सर बैचेन रहता है जिससे उसे नींद नहीं आती। उसे इतना डर लगता है कि वह बेहोश भी हो जाता है। स्थिति गिंभीर होने पर रोगी को मरने का डर लगने लगता है। रोगी अक्सर डर के कारण घर से नहीं निकलता, भीड़भाड़ वाली जगहों से भी बचता है। उसे बार-बार पानी की प्यास भी लगती है।

**इग्नेशिया अमारा 200**– यह दवा उन रोगियों को दी जाती है जो शोक, भय या दुख की वजह से एकाएक बेहोश हो जाते हैं। उसे तम्बाकू या धुंआ सहन नहीं होता। उसके सिर में भी दर्द होता है। प्रेम या काम में निराशा से उत्पन्न अनिद्रा के लिए भी यही दवा कारगर होती है।

**पोर्स फ्लोरा इन्कार्नेटा (क्यू)**– वृद्धों तथा बच्चों में अनिद्रा दूर करने के लिए यह दवा कारगर सिद्ध होती है। यह दवा उन रोगियों की दी जाती है। जिन्हें तनाव और अत्यधिक मानसिक कार्य के कारण नींद नहीं आ पाती या सिर दर्द और आंखों में दर्द के कारण नींद नहीं आती।

किसी भी दवा के चुनाव से पहले रोगी के लक्षण पहचानना जरूरी होता है तथा किसी भी दवा के प्रयोग से पहले किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना भी जरूरी होता है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर के 'रील वर्जन' धुरंधर से आखिर क्यों डर गये कुछ मुस्लिम देश?

**वह देश जो पाकिस्तान के पारंपरिक प्रभाव में थे, वह इस बदलाव को देखकर घबराए हुए हैं। लेकिन घबराहट से ज्यादा यह उनकी कमजोरी दिखाती है क्योंकि सच्चाई से डरने वाले ही आवाज़ों को दबाते हैं। दूसरी ओर, भारत को इस बहिष्कार से विचलित होने की जरूरत नहीं है। बल्कि यह तो संकेत है कि भारत की सांस्कृतिक और रणनीतिक ताकत सीधे सही जगह चोट कर रही है। अगर सिर्फ एक फिल्म से इतनी बेचैनी है, तो भारत के वास्तविक संकल्प और शक्ति का असर कितना गहरा होगा, यह दुनिया अच्छी तरह समझ चुकी है।**

*हिंदी फिल्म धुरंधर को लेकर जो बवंडर उठा है, वह सिर्फ एक फिल्म का विवाद नहीं है बल्कि यह उस बदलती दुनिया की कहानी है जहाँ भारत का पक्ष मज़बूती से उभर रहा है और कुछ देशों को यह हक़ीक़त पच नहीं रही है। सबसे पहले एक बात साफ है कि धुरंधर कोई फैंटेसी नहीं है, यह एक रील रूप है उस हकीकत का, जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई के जरिए दुनिया के समक्ष रखा है। यही वजह है कि पाकिस्तान और उसके समर्थकों के दिल में यह फिल्म काँटे की तरह चुभ रही है। लेकिन असली सवाल पाकिस्तान से भी बड़ा है। भारत के दोस्त कहे जाने वाले खाड़ी देश आखिर पाकिस्तान की राय से इतने प्रभावित क्यों हैं कि उन्होंने फिल्म को सीधे-सीधे बैन कर दिया? यह वही खाड़ी देश हैं जिनके साथ भारत आज रणनीतिक साझेदारी, ऊर्जा सहयोग, व्यापार और सुरक्षा रिश्ते मजबूत कर चुका है। फिर सिर्फ इसलिए कि एक फिल्म पाकिस्तान के इस्लामवादी ढांचे को बेनकाब करती है, वह भारत के पक्ष की बजाय पाकिस्तान के दबाव में क्यों झुक गए? क्या दोस्ती इतनी कमजोर थी? या यह डर कहीं गहरा बैठा है कि भारत का मजबूत नैरेटिव मुसलमानों के नाम पर राजनीति चलाने वाले देशों को असुविधा में डाल देता है? खाड़ी देशों की यह स्थिति एक और सच्चाई उजागर करती है कि भारत जब अपने मन की कहानी कहने लगता है, तो दुनिया के कई शक्ति-केन्द्र असहज होने लगते हैं। चूंकि यह कहानी अब किसी पश्चिमी देश ने नहीं, बल्कि भारत ने लिखी है और वह भी बेबाकी के साथ इसलिए इसे 'संवेदनशील', 'विवादास्पद' और 'राजनीतिक' कहकर दबाने की कोशिश हो रही है। देखा जाये तो हॉलीवुड की फिल्में जब नाज़ियों पर चलती थीं या आतंकियों पर बनती थीं, तब किसी को समस्या नहीं थी। किसी खाड़ी देश ने बैन नहीं लगाया। लेकिन जैसे ही भारत उसी भाषा में अपना सच बोलता है तो कुछ देशों को मानो बुखार चढ़ जाता है। असल बात यह है कि अगर रील में दिखाई गई भारत की शक्ति से ही इतनी घबराहट है, तो असली भारत का सामना करने का साहस कहाँ से आएगा? आज का भारत वह नहीं रहा जिसे डराया जा सके या जिसकी आवाज़ रोकी जा सके। यह नया भारत अपने सैनिक अभियान भी दिखाता है, आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति भी स्पष्ट रखता है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किसी के लिहाज में झुकता नहीं। खाड़ी देशों को यह समझ लेना चाहिए कि इस भारत के साथ खड़ा होना फायदे का सौदा है और पाकिस्तान जैसे असफल, कट्टरतावादी ढाँचे को खुश करने के लिए भारत से दूरी बनाना भविष्य में उन्हें और महंगा पड़ेगा। फिल्म धुरंधर को लेकर जो हंगामा हो रहा है, वह यह साबित करता है कि पाकिस्तान का नैरेटिव अब कमजोर हो रहा है और भारत का नैरेटिव ताकत पकड़ रहा है। वह देश जो पाकिस्तान के पारंपरिक प्रभाव में थे, वह इस बदलाव को देखकर घबराए हुए हैं। लेकिन घबराहट से ज्यादा यह उनकी कमजोरी दिखाती है क्योंकि सच्चाई से डरने वाले ही आवाज़ों को दबाते हैं। दूसरी ओर, भारत को इस बहिष्कार से विचलित होने की जरूरत नहीं है। बल्कि यह तो संकेत है कि भारत की सांस्कृतिक और रणनीतिक ताकत सीधे सही जगह चोट कर रही है। अगर सिर्फ एक फिल्म से इतनी बेचैनी है, तो भारत के वास्तविक संकल्प और शक्ति का असर कितना गहरा होगा, यह दुनिया अच्छी तरह समझ चुकी है।*

### एक्सप्रेस आलेख

मस्तान ने कथित तौर पर एक रैली में भीड़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को जूतों से मारने के लिए कहा था। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त संगठनात्मक आंदोलन है, जिसकी आत्मा उसका अनुशासित, समर्पित और वैचारिक रूप से सजग कार्यकर्ता है। पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता, संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा को मजबूत करता है। संगठन नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं का अटूट विश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व की पारदर्शिता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ कार्यकर्ता स्वयं को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है।

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा


ललित गर्ग

**यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं- विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है।**

भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है। नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की




**वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की।**

सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी। भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है। नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफ़र अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं। नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 26:32 तक |
| नक्षत्रः | सुकर्मा 14:16 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | विशाखा, 17:11 |
| सूर्योदयः | 07:07 |
| सूर्यास्तः | 17:26 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 12:17-13:34 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं है |

## जन एक्सप्रेस

### राह नहीं आसान !

*मिल रहीं चुनौतियां ।*
*राह नहीं आसान ।।*
*करनी विजय हासिल तो ।*
*फूंको फिर से जान ।।*
*ठीक नहीं है सब कुछ ।*
*हुआ उल्टा खेल ।।*
*जिसने नहीं निभाया ।*
*कसना फिर नकेल ।।*
*हार और जीत का तो ।*
*रहता बजता गाना ।।*
*ली है जिम्मेदारी तो ।*
*पेश करो नज़राना ।।*
*मंथन का है विषय ।*
*हुई कहां पर चूक ।।*
*धीरे धीरे रथ क्यों ।*
*रहा आखिर रुक ।।*


- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में स्किन पर लगाएं विटामिन-सी सीरम

**सर्दियों** का मौसम बढ़ रहा है। इन दिनों सर्द हवाएं भी चल रही हैं और देश के ज्यादातर हिस्सों में पल्यूशन का स्तर भी काफी ज्यादा है। ऐसे में यह सवाल जरूर मन में उठता है कि स्किन की केयर कैसे की जाए? इस बात को भी इग्नोर नहीं किया जा सकता है कि अगर स्किन की केयर न की जाए, तो स्किन पिग्मेंटेशन, स्किन का रूखापन और न जाने स्किन से जुड़ी किस-किस तरह की समस्या हो सकती है। विटामिन-सी युक्त सीरम हमारी स्किन के लिए बहुत ही लाभकारी होते हैं। इसका उपयोग करने से डार्क स्पॉट दूर होते हैं, स्किन ग्लो बढ़ता है और रेडनेस में भी कमी आती है। जहां तक सवाल इस बात का है कि क्या सर्दियों में स्किन पर विटामिन-सी सीरम लगाया जा सकता है? इस बारे में डॉ. करुणा मल्होत्रा सलाह देती हैं, 'सर्दियों में विटामिन-सी युक्त सीरम लगाने में कोई बुराई नहीं है। ऐसा इसलिए, क्योंकि विटामिन-सी सीरम लगाने से स्किन को कई तरह के फायदे होते हैं। इससे स्किन की डलनेस दूर होती है, इंफ्लेमेशन में कमी आती है और सबसे जरूरी बात सर्दियों में विटामिन-सी सीरम लगाने की वजह से स्किन की ड्राइनेस भी दूर होती है।' डॉ. करुणा मल्होत्रा अपनी बात आगे



समझाती हैं, 'इसमें कोई दो राय नहीं है कि सर्दियों में ठंडी हवा चलती है, जिसकी वजह से स्किन फट सकती है, जिसकी वजह से इचिंग, रेडनेस और इर्रिटेशन जैसी परेशानियां हो जाती हैं। जबकि, विटामिन-सी सीरम लगाने से इन सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है। साथ ही, विटामिन-सी सीरम स्किन की प्रोटेक्टिव लेयर को मजबूती देता है, जिससे स्किन को एक्स्ट्रा केयर मिलती है।' हृष्टब्रह्ल की रिपोर्ट से भी पता चलता है कि विटामिन-सी यूज करने से कोलेजन डैमेज कम होता है और स्किन इलास्टिसिटी बढ़ती है। यहां तक कि इससे झुर्रियों की समस्या में भी कमी आती है।

**डलनेस दूर होती है:** आपने देखा होगा कि सर्दियों में ऑयल बेस्ड क्रीम लगाने की वजह से चेहरा डल नजर आने लगता है और कॉम्प्लेक्शन भी फीका हो जाता है। सर्दियों में यह सामान्य स्थिति होती है। इसे मैनेज करने के लिए आप नियमित रूप से अपने चेहरे पर विटामिन-सी सीरम लगाएं। इससे खोया हुआ निखार लौट आता है और डलनेस भी दूर होती है।

**स्किन हाइड्रेट होती है:** सर्दियों में स्किन का ड्राई होना कोई हैरानी की बात नहीं है। ऐसा हवा में नमी की कमी की वजह से होता है। वहीं, जब आप नियमित रूप से विटामिन-सी लगाते हैं, तो इसकी वजह से स्किन हाइड्रेट होती है, इंफ्लेमेशन में कमी आती है और स्किन की रेडनेस भी दूर होती है। आपको बता दें कि स्किन को हाइड्रेट रखना जरूरी होता है, इससे स्किन में एक्ने और अन्य समस्याओं में भी कमी आती है और स्किन सॉफ्ट भी हो जाती है।

**स्किन प्रोटेक्टिव लेयर मजबूत होती है:** सर्दियों में स्किन में ऑयल प्रोडक्शन नेचुरली कम हो जाता है। इसका बुरा प्रभाव स्किन प्रोटेक्टिव लेयर पर पड़ता है। अगर स्किन की प्रोटेक्टिव लेयर या बैरियर को अच्छी तरह प्रोटेक्शन न मिले, तो स्किन को नुकसान होने लगते हैं। यहां तक कि इचिंग भी बढ़ जाती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# विश्व कप नहीं, राष्ट्र का उत्सव: भारतीय स्क्वैश का स्वर्णाभिषेक


प्रो. आरके जैन

**आज भारतीय खेल संस्कृति का सशक्त और अभिन्न अंग बन चुका है। अनुभव और युवा जोश का यह अद्भुत संगम अब केवल एशिया तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे विश्व को चुनौती देने की क्षमता रखता है। यह विश्व कप किसी अध्याय का अंत नहीं।**

**सबसे महत्वपूर्ण यह कि स्क्वैश 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदार्पण करने जा रहा है। विश्व चैंपियन के रूप में भारत अब केवल प्रतिभागी नहीं, बल्कि ओलंपिक पदक का प्रबल दावेदार होगा। यह ट्रॉफी खेल की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी, संसाधनों और फंडिंग के नए द्वार खोलेगी और देशभर से युवा प्रतिभाओं को आगे आने की प्रेरणा देगी।**

**14 दिसंबर** 2025 की उस उत्साह से भरी चेन्नई की जीवंत शाम, जब एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल का शीशे से घिरा स्क्वैश कोर्ट तिरंगे की गूंज से थर्रा उठा। भारत ने खेल इतिहास में एक ऐसा अध्याय रच दिया जो केवल रिकॉर्ड पुस्तकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पीढ़ियों की स्मृतियों में स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। यह क्षण मात्र विश्व कप जीतने का नहीं, बल्कि उस सपने की पूर्णता था जिसे भारतीय स्क्वैश वर्षों से संजोए हुए था। टॉप सीड हांगकांग चीन को फाइनल में एकतरफा 3-0 से परास्त कर भारत न सिर्फ विश्व चैंपियन बना, बल्कि इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर अधिकार जमाने वाला एशिया का पहला देश भी। यह जीत साहस, रणनीति, धैर्य और अदम्य इच्छाशक्ति की सामूहिक विजयगाथा थी। यह खिताब इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। ग्रुप स्टेज में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को 4-0 से रौंदना हो, क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से बाहर करना हो, सेमीफाइनल में दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन मिस्र को बिना एक भी मैच गंवाए हराना हो, या फाइनल में हांगकांग जैसी मजबूत टीम को पूरी तरह निष्प्रभावी करना–हर चरण में भारत ने अपनी सर्वोच्चता स्थापित की। एक भी टाई गंवाए बिना यह अभियान भारत को ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र के बाद विश्व कप जीतने वाला केवल चौथा देश बनाता है, और एशिया में उसे निर्विवाद अग्रदूत के रूप में स्थापित करता है। फाइनल की शुरुआत भारत की अनुभवी योद्धा, 39 वर्षीय जोशना चिनप्पा से हुई। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर होने के बावजूद उन्होंने 37वीं रैंकिंग वाली का यी ली को 7-3, 2-7, 7-5, 7-1 से पराजित कर अनुभव की शक्ति का सशक्त प्रमाण दिया। तीसरे गेम में निर्णायक क्षणों में धैर्य और रणनीति से बाजी पलटना और चौथे गेम में प्रतिद्वंद्वी को महज एक अंक पर रोक देना–यह प्रदर्शन केवल तकनीकी श्रेष्ठता नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता की जीत था। चेन्नई की अपनी बेटी जोशना घरेलू दर्शकों के जोशीले समर्थन से प्रेरित दिखीं और उन्होंने इसे अपने करियर की शीर्ष पाँच प्रस्तुतियों में शामिल बताया। यह जीत उस खिलाड़ी की कथा थी जिसने उम्र को कभी अपनी सीमा नहीं बनने दिया। इसके बाद जब अभय सिंह कोर्ट पर उतरे, तो मुकाबले की गति ही बदल गई। युवा जोश और निर्भीक आक्रमण उनके हर शॉट में झलक रहा था। विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज अभय ने हांगकांग के एलेक्स लाउ को महज 19 मिनट में 7-1, 7-4, 7-4 से सीधे गेमों में परास्त कर भारत को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। उनकी जबरदस्त फिटनेस, बिजली-सी फुर्ती और निशाने पर लगते शॉट्स ने प्रतिद्वंद्वी को पलटवार का अवसर तक नहीं दिया। चेन्नई के इस स्थानीय नायक ने जीत को 'अविश्वसनीय' बताते हुए कहा कि दर्शकों का अपार स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। निर्णायक मुकाबले में 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने उतरते ही यह जता दिया कि भारतीय स्क्वैश का भविष्य कितना उज्ज्वल है। विश्व रैंकिंग में 28वें स्थान पर काबिज इस युवा सनसनी ने एशियन चैंपियन टोमाटो हो (रैंक 31) को 7-2, 7-2, 7-5 से पराजित कर खिताब पर अंतिम मुहर लगा दी। पहले दो गेमों में उनका दबदबा और तीसरे गेम में दबाव के क्षणों में दिखाया गया संयम असाधारण था। महज 16 मिनट में दर्ज इस जीत ने स्पष्ट कर दिया कि वह केवल एक प्रतिभा नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की नेतृत्वकर्ता है। टीम के चौथे सदस्य वेलवन सेंथिलकुमार को कोर्ट पर उतरने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी–इतनी निर्णायक थी भारतीय टीम की बढ़त। यह विजय अनेक अर्थों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। वर्ष 2023 में इसी वेन्यू पर भारत ने जहां कांस्य पदक हासिल किया था, वहीं महज दो वर्षों के भीतर उसी मंच पर स्वर्ण तक पहुंचना भारतीय स्क्वैश के तेज़ और ठोस विकास का सशक्त प्रमाण है। कोच हरिंदर पाल संधु ने इसे 'उच्च दबाव में परफेक्ट प्रदर्शन' करार दिया–ऐसा प्रदर्शन जिसमें रणनीति की स्पष्टता, अनुशासन की गहराई और आत्मविश्वास की चमक एक साथ दिखाई दी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# विचार, संगठन और संस्कार की राह पर लोधी समाज: स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

- संत, समाज और संगठन का संगम: स्वामी प्रवक्तानंद महाराज को नई जिम्मेदारी
- स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के नेतृत्व में लोधी समाज की राष्ट्रीय पहचान मजबूत

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रथम स्थापना दिवस पर बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में मनोनयन केवल एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि लोधी समाज के लिए नई वैचारिक यात्रा की शुरुआत है। इस मनोनयन से समाज में उत्साह के साथ-साथ यह अपेक्षा भी जगी है कि अब सामाजिक सरोकारों को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रभावी स्वर मिलेगा। लखनऊ के गोमती नगर स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल सभागार में आयोजित भव्य समारोह में जैसे ही स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के नाम की घोषणा हुई, सभागार तालियों से गूंज उठा। यह प्रतिक्रिया स्पष्ट संकेत थी कि समाज उनके अनुभव, विचार और नेतृत्व क्षमता पर भरोसा करता है। कार्यक्रम में प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व, जनप्रतिनिधियों और समाज के वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की पहचान केवल एक संत या राजनेता तक सीमित नहीं रही है। सामाजिक समरसता, जनसेवा और आध्यात्मिक चिंतन का संतुलित दृष्टिकोण उनकी कार्यशैली का प्रमुख आधार रहा है। बरखेड़ा क्षेत्र में विधायक के रूप में उन्होंने विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि समाज उन्हें केवल प्रतिनिधि नहीं, बल्कि मार्गदर्शक के रूप में देखता है। राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती समाज को वैचारिक रूप से संगठित करने की है। शिक्षा, सामाजिक चेतना, युवाओं को सकारात्मक दिशा और आपसी सहयोग जैसे मुद्दे आज लोधी समाज की प्राथमिक आवश्यकता हैं। अपने संबोधन में स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने जिस तरह शिक्षा, संगठन और संस्कार की बात कही, वह समाज के भविष्य की दिशा तय करने वाला संदेश है। पीलीभीत जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों से मिली बधाइयां यह दर्शाती हैं कि समाज इस मनोनयन को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि सामूहिक गौरव के रूप में देख रहा है। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में समर्थकों की प्रतिक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया कि समाज अब अपनी आवाज़ को और मजबूती से उठते देखना चाहता है। आज आवश्यकता है कि यह पद केवल सम्मान तक सीमित न रहकर समाज सुधार, सामाजिक न्याय और वैचारिक स्पष्टता का माध्यम बने। यदि स्वामी प्रवक्तानंद महाराज अपने अनुभव, संत परंपरा और जनप्रतिनिधि के दायित्वों का संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ते हैं, तो यह मनोनयन निस्संदेह लोधी समाज को नई दिशा, नई ऊर्जा और राष्ट्रीय मंच पर सशक्त पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ, 280 मरीज का हुआ रजिस्ट्रेशन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



सीएचसी बिजुआ में मंगलवार को विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला स्तरीय टीम द्वारा मरीज को उपचार व दवाएं वितरित की गई। विशाल मेगा कैंप का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख नेहा राज एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुभाष वर्मा द्वारा किया गया। साथ में ब्लॉक प्रमुख पति और प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। शिविर मे 280 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 45 मानसिक मंदित बीमार व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण करते हुए दवा भी दी गई।डॉ सुभाष वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आज मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज लोगों को खास कर ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को झाड़ फूंक व ओझा हकीम से दूर रहकर मानसिक बीमारियों के इलाज को करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और इसके लिए डॉक्टर की टीम जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर अपनी सेवाओं को दे रही है ल।

विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर में जिला पुरुष अस्पताल से मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा कैंप में मरीजों को देखा गया। इस दौरान उनके साथ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और एनसीडी की टीम सहित सीएससी के डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने इस दौरान कहा कि मानसिक रोग जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरें आना, चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मों का अभिश्राप , सिर मे दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड फूक, उपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन आदि विषय पर जागरूक किया गया और बिना किसी झिझक के टीम के सामने आकर इलाज कराने और समाज मे व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ द्वारा बिजुआ क्षेत्र से आये उपस्थित जन समूह एवं सीएचओ, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स, अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित कर बिमारी व उपचार के बारे मे विस्तार से बताया गया और परामर्श दिया गया।साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जिला पुरुष अस्पताल के कमरा नं. 02 मे दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को ओ.पी.डी. के समय 8 बजे प्रातः से 2 बजे अपरान्ह और हेल्पलाइन नं. 9120984643 और मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस टोल फ्री न.14416 (24म7) पर कोई समस्या होने पर सम्पर्क कर सकते हैं। चिन्हित किये गये मानसिक रूप से विमार व्यक्ति को नियमित आने व ईलाज का परामर्श दिया गया। साथ ही सामु.स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को आने की सलाह दिया गया। शिविर मे 280 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 45 मानसिक मंदित बीमार व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण करते हुए दवा साईक्रेटिक नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा प्रदान की गई। स्तुति कक्कड़ नैदानिक मनोवैज्ञानिक द्वारा 02 मरीजों का मानसिक परीक्षण किया गया और बुद्धिमत्ता की जाँच की गई। एनसीडी काउंसलर राजेश पाल द्वारा काउंसलिंग की गई और स्टाफ नर्स प्रीति शर्मा द्वारा 42 मरीजों की ब्लड शुगर और बीपी की जाँच की गई। शिविर मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मितौली से अधीक्षक डॉ सुभाष वर्मा, डॉ रिजवान, डॉ धर्मेश, अर्श काउंसलर सरिता राज, लैब तकनीशियन एकांश आर्य, विवेक कुमार एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कसंगजा में राजस्व विभाग की ओर से बांटे गए कंबल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुघंचाई क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा में बढ़ती ठंड के मद्देनजर राजस्व विभाग ने गरीबों व बुजुर्गों को कंबल वितरित किए। यह पहल बढ़ती ठंड से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई।इस कंबल वितरण कार्यक्रम में पंकज बाजपेई,संजय बाजपेई,करन भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे। कंबल पाकर सभी के चहेरे खुशी से खिल उठे।

### अधूरी पुलिया का निर्माण कराने की मांग

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** अधूरी पडी पुलिया का निर्माण न होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पुलिया निर्माण कराए जाने की मांग की है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा से लेकर किशनपुर जाने वाले रोड पर कई महीने पहले लाखों की लागत से पुलिया का निर्माण शुरू कराया गया था। उसके बाद निर्माण को बंद कर दिया गया। कई महीने वीत जाने के बाद भी पुलिया का निर्माण अधूरा पडा हुआ है। जिससे लोगों को आवागमन परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इधर उधर रास्ते से आना जाना पडता है। इससे परेशान लोगों ने खुद ही आने जाने का रास्ता वना लिया। निर्माण कार्य पूरा न होने से नाराज लोगों ने पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग उठाई है।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती को युवक बहला फुसलाकर रात्रि के दौरान भगा ले गया।सुबह युवती घर पर न मिलने से परिजनों के होश उड गए। काफी खोजवीन करने के बाद भी कोई पता नही चला। परिवार ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वताया जल्द युवती को वरामद कर लिया जाएगा।

### शीतलहर का प्रकोप लोगों के लिए वना मुसीबत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** शीतलहर का प्रकोप लोगों के मुसीबत का शवव बना हुआ है। लगातार पड़ रही ठंड के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर के चलते गर्म कपड़ों और इंधन की डिमांड बढ़ गई है।ठंड से बचने के लिए नगर की दुकानों पर गर्म कपड़े खरीदने के लिए ग्रहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। ठंड के चलते शाम होते ही लोग अपने घरों में कैद हो जाते हैं। शीतलहर के साथ चलने वाली ठंडी हवाओ का भी सामना करना पड़ रहा है। ठंडी हवाएं और शीत लहर के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।इसके चलते बच्चों में कोल्ड डायरिया और सर्दी होने के चलते लोग अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा ठंड का असर बच्चों के अलावा बुजुर्गों में देखा जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए शासन द्वारा कोई भी इंतजाम नहीं किए गए हैं। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ठंड से राहत पाने के लिए ग्रामीण स्वयं व्यवस्था करते हुए देखे जा रहे हैं। लगातार पड़ रही ठंड के बावजूद शासन द्वारा अभी तक जरूरतमंद लोगों को कंवलों का वितरण नहीं कराया गया है जिससे लोगों की समस्या बनी हुई है।

### ममरी के वृद्ध आश्रम में लगा निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ममरी में संचालित आसरा वृद्धा आश्रम में डॉक्टर शराब चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी की शाखा बांकेगंज के द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच का शिविर लगाया गया। जिसमें वृद्ध आश्रम के अलावा आसपास गांवों के जरूरतमंद 40 से अधिक मरीजों ने प्रतिभाग किया है। इसमें डॉक्टर सीमा पाल व अजीत कुमार ने आए हुए मरीजों की जांच कर मोतियाबिंद के लिए 21 मरीज चिन्हित किए वहीं 19 मरीजों को दवाई व चश्मा दिया गया। संस्था के प्रबंधक अजय कुमार, प्रधान सचिन वर्मा, आनंद मोहन,सुरेश पटेल, अमित कुमार, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# मंडी में धान तौल न होने पर किसानों में आक्रोश, दिव्या गंगवार ने एसडीएम से की वार्ता

- किसानों का उत्पीड़न बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: दिव्या गंगवार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



घने कोहरे के बीच मंगलवार सुबह सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार अपने पति चौधरी प्रदीप सिंह पटेल और साथियों के साथ नवीन मंडी समिति पहुंचीं। यहां उन्होंने कई दिनों से धान की तौल न होने से परेशान किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि उनकी ट्रैक्टर-ट्रालियां 15 से 20 दिनों से धान लेकर मंडी में खड़ी हैं, लेकिन तौल नहीं हो पा रही है। खुले आसमान के नीचे दिन-रात इंतजार करने को मजबूर किसान अधिकारियों की लापरवाही से बेहद परेशान हैं। इस पर दिव्या गंगवार ने मौके पर मौजूद किसानों के साथ एसडीएम नागेंद्र पांडे एवं मंडी सचिव नाजिम से वार्ता कर किसानों की समस्याएं उनके सामने रखीं।दिव्या गंगवार ने कहा कि नवीन मंडी समिति में संचालित 33 धान क्रय केंद्रों पर किसानों की उपेक्षा कर बिचौलियों के धान खरीदे जा रहे हैं। आरोप लगाया कि केंद्र प्रभारी किसानों को बुलाकर फर्जी तरीके से अंगूठा लगवा रहे हैं, जबकि किसानों की ट्रालियां धान से भरी मंडी में खड़ी हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडी में मौजूद किसानों ने बताया कि सचिव की मिलीभगत से लंबे समय से बिचौलियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है और वास्तविक किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। किसानों की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए दिव्या गंगवार ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने आश्वासन दिया कि शाम तक किसानों के धान की तौल कराई जाएगी। साथ ही मंडी सचिव को निर्देश दिए गए कि पिछले एक सप्ताह की धान तौल से संबंधित फील्ड रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।दिव्या गंगवार ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मंडी परिसर में मौजूद रहे।

# छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है: वीरेंद्र सिंह

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



घने कोहरे के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर सराई सुंदरपुर स्थित टोल प्लाजा पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टोल प्लाजा से गुजर रहे वाहन चालकों को कोहरे में सुरक्षित वाहन संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एआरटीओ ने वाहन चालकों को बताया कि कोहरे एवं अंधेरे में वाहन चलाते समय आगे और पीछे की लाइट अनिवार्य रूप से चालू रखें। साथ ही वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाएं, ताकि किसी आकस्मिक स्थिति में लाइट खराब होने पर भी वाहन अन्य चालकों को स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके और टकराव की संभावना कम हो। उन्होंने वाहन संचालन से पूर्व हेडलाइट, ब्रेक लाइट और अन्य आवश्यक उपकरणों की जांच करने की सलाह दी। चालकों को यह भी निर्देश दिए गए कि मुख्य मार्गों और नो पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़े न करें, क्योंकि इससे पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने का खतरा बना रहता है। वाहन केवल सुरक्षित और खाली स्थान देखकर ही खड़े किए जाएं। जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चालकों को कोहरे से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। अभियान के साथ-साथ प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए हाईवे किनारे नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े चार वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। इसके अलावा बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगाए चल रहे एक वाहन तथा टैक्स जमा न करने वाले तीन वाहनों के विरुद्ध भी चालान किए गए। एआरटीओ ने कहा कि कोहरे के मौसम में छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए वाहन चालक नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।



# स्वर्गीय सरदार जोगिंदर सिंह की स्मृति में हुआ बैडमिंटन टूर्नामेंट, बिसवां की टीम जीती फाइनल

- मेला मैदान मे बनेगा बैडमिंटन कोर्ट, विधायक व चैयरमैन ने की घोषणा

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

मोहम्मदी बैडमिंटन क्लब के माध्यम से स्वर्गीय सरदार जोगिंदर सिंह की याद में गोला रोड पर स्थित एक बैडमिंटन कोर्ट में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया ,जिसमें लखीमपुर, सीतापुर ,पुवाया, शाहजहांपुर, मोहम्मदी सहित 38 टीमों ने भाग लिया ,जिसमें चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची, सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम आफताब अमन ब हरभजन व अमित ,दूसरी टीम सिद्धांत , सिद्धार्थ व नवीन व मनीष की टीम पहुंची फाइनल में बिसवां की टीम के आफताब, अमन की टीम ने सिद्धांत की टीम को दोनों से सेट हराकर फाइनल जीता,टूर्नामेंट मे विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से मेला मैदान में बैडमिंटन कोर्ट बनाने की घोषणा, जिससे खिलाड़ियों सहित दर्शको ने तालियां बजाकर किया इस प्रस्ताव का स्वागत किया,मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ,अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा व ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई ने संयुक्त रूप से विजेता, उपविजेता को ट्रॉफी प्रदान की,तथा सभी टूर्नामेंट के सहयोगियों को अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा व अन्य ने भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ,इस टूर्नामेंट में प्रमुख सहयोगियों में हरभजन सिंह, संजय चतुर्वेदी, सौरभ मल्होत्रा, अतुल बाजपेई ,अनुरूप शुक्ला,का प्रमुख योगदान रहा,कमेन्ट्री अतुल वाजपेई ने की।

# एडीएम का शीतलहर में मैदानी मोर्चा, अलाव से रैन बसेरों तक लिया हाल, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

मंगलवार को कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बढ़ते असर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शहर लखीमपुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर खुद पहुंचकर राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और जिला महिला अस्पताल परिसर में जल रहे अलावों और स्थापित रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने अलावों में पर्याप्त ईंधन, उनकी निरंतरता और सुरक्षा इंतजामों को बारीकी से देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि ठंड के इस दौर में किसी भी हाल में अलाव बुझने न पाए। रैन बसेरों में साफ-सफाई, रोशनी, पेयजल और ठहरने की व्यवस्था हर समय दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।एडीएम ने स्टेशन, बस स्टैंड और अस्पताल परिसर में मौजूद जरूरतमंद, निराश्रित और बेसहारा लोगों से संवाद किया और उन्हें कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ

सं0- 8068/ई-टेण्डर/2025-26 | **अल्पकालिक निविदा सूचना** | दिनांक : 10.12.2025

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी "ए" "बी" "सी" एवं "डी" (जैसा लागू हो) में रजिस्टर्ड ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लखनऊ | जनपद लखनऊ मे कालीदास मार्ग के आन्तरिक मार्ग माननीय श्री अजय कुमार मिश्रा जी, महाअधिवक्ता, उ0प्र0, के आवास 01 कालीदास मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 0.85 | 0.09 | रु0 50.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जीएसटी0 @ 18% = रु0 649.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो0नि0वि0, लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | माननीय बृजेश कुमार सिंह प्रिन्सू (पूर्व सभापति) के आवास संख्या ए-2, दिलकुशा कालोनी मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 8.05 | 0.81 | रु0 225.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जीएसटी0 @ 18% = रु0 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो0नि0वि0, लखनऊ |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 18.12.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 23.12.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 23.12.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 23.12.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश सं0- 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दि0 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना मे उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(ई0 सत्येन्द्र नाथ)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ
For on behalf of Governor of UP

www.upgov.nic.in
Upid- 242436 Dt. 15.12.2025


# रोटरी क्लब शरद मेले के चौथे दिन रंगारंग कार्यक्रमों की धूम, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

रोटरी क्लब द्वारा आयोजित शरद मेले के चौथे दिन मेले की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने मेले की सफलता की कामना करते हुए रोटरी क्लब को ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के लिए बधाई दी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। रोटरी हाउस में दिनभर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बेबी हेल्थ शो का सफल आयोजन डॉ दीपक-पूनम गंगवार, डॉ शैलेन्द्र-डॉ सविता, डॉ अनुराग-डॉ ओजस्वी, डॉ राकेश सिंह-डॉ नेहा सिंह एवं डॉ राजेश-ऋतु गुप्ता के संयोजन में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कृषु, अथर्व, प्रिसा, अविका, तरागधा, आद्या एवं जसनूर को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका डॉ नीलम सिंह एवं डॉ सुमित ने निभाई। फैशन शो का आयोजन अंकुर-अदिति, कार्तिक-नेहा, डॉ रोहित-आशा सिंह तथा अजीत-शैलजा बाजपेई के संयोजन में हुआ। वहीं सिंगिंग सुपर स्टार कार्यक्रम में सिटी सिंगर्स क्लब के अध्यक्ष डॉ एस.के. मित्रा, सचिव अमित शेखर सहित रणजीत सहमी, डॉ पी.एन. सक्सेना, डॉ भरत, ज्ञानेंद्र, संजीव, कन्हैया, संदीप सिंह, कृपा दीक्षित, क्षितिज सहित अन्य सदस्यों ने अपने मधुर गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिंगिंग स्टार प्रतियोगिता में ईरा, ख्याति, मंजुला, कृपा, शिखर, रमनप्रीत, दर्श, अनिका एवं प्रियांश विजेता रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक उमेश-पूनम चंद्रा, डॉ पी.एन. सक्सेना-डॉ ममता सक्सेना, डॉ एस.के. मित्रा-दिव्या मित्रा तथा डॉ भरत-आस्था कंचन रहे। नेल आर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता के संयोजक प्रदीप-माया अग्रवाल, संदीप-दीपाली पूरी, अनुज-राधिका अग्रवाल, जॉय-छवि मैनी एवं पूजा कोहली रहे। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में अर्चना प्रथम, झलक द्वितीय एवं अनुष्का तृतीय रहीं, जबकि जूनियर वर्ग में शृष्टि प्रथम, ऋचा द्वितीय एवं लेखांशी तृतीय रहीं। निर्णायक रशीद एवं श्रीमती ममता रहीं। बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन राहुल-पारुल अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, डॉ आशीष-शिल्पी अग्रवाल, सीए केतन-त्रिशा अग्रवाल तथा गौरव-नेहा अरोड़ा के संयोजन में हुआ। इसमें ईशा, भावना, झलक, महिमा, काव्यांश एवं कार्तिक विजेता रहे। निर्णायक की भूमिका श्वेता तनेजा एवं पूजा अरोड़ा ने निभाई। इसके अतिरिक्त मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसके संयोजक अनिल-पूनम अग्रवाल, एसपीएस संधू-हरमेश संधू, डॉ के.एन. तिवारी-ममता तिवारी तथा दिनेश चंद्र-शशि अग्रवाल रहे। कार्यक्रम के सांस्कृतिक समापन पर पंजाब से आए सुख रंधावा के भांगड़ा ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति देकर समा बांध दिया।

# मंदिर-दरगाह तोड़फोड़ के विरोध में लखीमपुर श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



नई दिल्ली स्थित बाबा पीर रतननाथ जी झंडेवाला मंदिर-दरगाह पर एमसीडी द्वारा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को लखीमपुर के श्रद्धालुओं ने कलक्ट्रेट तक शांतिपूर्ण पदयात्रा निकालकर विरोध जताया।श्रद्धालुओं ने सुबह अम्बेडकर पार्क से पदयात्रा शुरू की और भजन-कीर्तन के साथ मार्ग में भक्तिमय वातावरण बनाए रखा। पदयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालु अनुशासन और शांति बनाए रखते हुए चलते रहे और प्रशासन को अपनी मांगों के प्रति अवगत कराया। कलक्ट्रेट पहुँचकर प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी दुर्गा नागपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंदिर-दरगाह से जुड़ी आस्था का सम्मान बनाए रखने और हालिया तोड़फोड़ की कार्रवाई पर पुनर्विचार करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि धार्मिक स्थलों से लोगों की गहरी भावनाएं जुड़ी होती हैं, इसलिए किसी भी कार्रवाई से पहले संवेदनशीलता और संवाद आवश्यक है। इस मौके पर चंद्र भूषण साहनी, कुलदीप पाहवा, रवि भूषण साहनी, जितेंद्र साहनी, राकेश भसीन, दिनेश आनंद, संजीव चोपड़ा, अमित तलवार, अमनोल अरोरा, सन्नी सलूजा, रितेश भसीन, बादल साहनी, बबित सेठी, पवन सेठी, विशाल सलूजा, विक्की भसीन, अमित आनंद, समर्थ, साहनी, योगेश साहनी, शुभी साहनी, अंजू साहनी, सीमा साहनी, मधु राबड़ा, प्रतिमा भसीन, शिवानी भसीन,मधु आनंद, संगीता सलूजा, सीमा आनंद, प्रियंका साहनी, आशी सेठी आदि सेवक मौजूद रहे। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और श्रद्धा का सम्मान सुनिश्चित करना है, और उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि भविष्य में ऐसे मामलों में संवाद और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाए।

### नकहा के स्कूलों में डीएम का 'रियलिटी चेक' कहीं गंदगी पर फटकार,कहीं मेहनत पर तालियां

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को विकास क्षेत्र नकहा के परिषदीय विद्यालयों में उस वक्त खलबली मच गई, जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल अचानक निरीक्षण पर पहुंच गईं। डीएम ने यूपीएस धोबहा, यूपीएस अमृतागंज, पीएस अमृतापुर और पीएस अमृतागंज में पढ़ाई से लेकर परीक्षा, मिड-डे मील, साफ-सफाई और अनुशासन तक हर पहलू की बारीकी से पड़ताल की। निरीक्षण में डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी और डीपीओ भारत प्रसाद भी साथ रहे।निरीक्षण के दौरान यूपीएस धोबहा में गणित की अर्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी। डीएम ने बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं देखीं, शैक्षिक स्तर परखा और एमडीएम की गुणवत्ता जांची। लेकिन फर्श की गंदगी, महीनों से न लगी झाड़ू और टूटी टोटियां देखकर डीएम नाराज हो गईं। लापरवाही पर प्रधानाध्यापिका सुमनलता को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग, नगदी, जेवरात सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख



**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।** कस्बे के नक्खाशा बाग मोहल्ला में सोमवार रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। इस घटना में घर का सारा सामान, जेवर और पांच हजार रुपये नकद जलकर राख हो गए। जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली के कस्बे के नक्खाशा बाग मोहल्ला निवासी सुनीता,जो प्राथमिक विद्यालय गुलौली में रसोईया के पद पर कार्यरत हैं, सोमवार रात अपने तीन बेटों के साथ घर के बरामदे में सो रही थीं। रात करीब 2 बजे कमरे में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई।आग की लपटें कमरे से बाहर आने पर सुनीता की नींद खुली। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।आगजनी में पांच हजार रुपये नकद, जेवर, कपड़े, राशन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि आग लगने के समय कमरे में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना राजस्व और बिजली विभाग को दे दी गई है।

### सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन, भंडारा आज



**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद ब्लॉक के ग्राम दलेलनगर नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित नैमिषारण्य धाम के हनुमंत शरण बजरंगी जी महाराज ने भक्ति भाव से भगवान कृष्ण, भगवान राम के विभिन्न प्रसंगों को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तहत होने वाली इस भागवत चर्चा में यजमान नरेश गुप्ता मौजूद रहे। 10 दिसंबर से शुरू हुई भागवत कथा का 16 दिसंबर को समापन संपन्न हुआ। आयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश गुप्ता ने बताया कि 17 दिसंबर को वृहद स्तर पर भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने समस्त धर्म अनुरागियों से भंडारे में भाग लेने की अपील की है। मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन सैकड़ों की संख्या में श्रोताओं ने भाग लिया तथा बजरंगी महाराज जी की द्वारा भक्ति भाव और भजनों पर झूम गए। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक मंडल में समस्त गुप्ता परिवार ने बड़े ही भाव से अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। कार्यक्रम में विभिन्न दिवसों में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री मुकेश अग्रवाल, नारदानंद आश्रम के पीठाधीश्वर उपेंद्र आनंद सरस्वती जी महाराज, केसी गुप्ता, श्रवण गुप्ता आदि ने भी रस पान किया।

### कचरे में मिली युवती की लाश, हत्या की आशंका जांच के लिए दो टीमें गठित



**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** हरदोई। थाना माधौगंज क्षेत्र के ग्राम डकौली के मजरा गुलाब नगर में पंचायत भवन के पास कचरे के ढेर में एक युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका बीते दिन दोपहर करीब 3 बजे अपने घर से गौसगंज जाने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। बुधवार सुबह परिजनों को उसकी लाश मिलने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक हरदोई अशोक कुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार, परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के शीघ्र अनावरण के लिए क्षेत्राधिकारी बिलग्राम के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया गया है, जो सभी पहलुओं पर जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी, वहीं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम प्रहरी सशक्तिकरण अभियान के तहत चौकीदारों को साइकिल, टॉर्च व सीटी का वितरण

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस अधीक्षक सर्किल शाहाबाद द्वारा थाना पचदेवरा पर नियुक्त ग्राम प्रहरी (चौकीदारों) को साइकिल, टॉर्च एवं सीटी का वितरण किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम प्रहरी व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा रात्रि गश्त और गांवों में सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाना रहा। वितरण के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए गांवों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी ग्रामीण सुरक्षा की पहली कड़ी हैं, जिनकी सक्रियता से अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। पुलिस विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधन उनके कार्य को और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाएंगे।इस अवसर पर थाना पचदेवरा के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### समूहों को शसक्त बनाकर प्रत्येक ब्लॉक में 02 मॉडल समूह बनाया जाये:-डीएम

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** हरदोई।स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट मे डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता मे उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गयी। उन्होंने कहा कि जनपद मे समूह को सशक्त बनाकर उनकी प्रगति की निगरानी कर सुनिश्चित करते हुये उनकी आय 01 लाख से अधिक कर लखपती दीदी बनायी जाये। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि अपने विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों के परिवार मे एक महिला को समूह से जोड़ा जाये। समूह का बैक खाता खुलवाने मे उनकी मदद की जाये, जिससे उनको खाता खुलवाने मे किसी तरह की समस्या न हो। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित कर उन्हें प्रसंस्करण पैकेजिंग पर जोर दिया जाये। नये समूहो का गठन किया जाये। जो समूह सक्रिय नही है उन्हें सक्रिय किया जाये। हर गांव मे विद्युत सखी का चयन किया जाये। हर ब्लाक मे 02 माडल समूह बनाया जाये। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर, उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने मे मदद की जाये। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा, सहित सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई मे सुनी 44 जनशिकायतें

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 44 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई मे एक व्यक्ति का राशन कार्ड, एक महिला को निराश्रित महिला पेंशन, एक दिव्यांग पेंशन तथा एक आयुष्मान कार्ड बनाया गया।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आयोग द्वारा निर्धारित समय में पुनरीक्षण कार्य पूर्ण कराया जायेगा: डीएम

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण के सम्बन्ध में आहूत बैठक की अध्यक्षता में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित समस्त दलों के राजनैतिक प्रतिनिधियों से निर्वाचक नामावलियों के पुरीक्षण पर चर्चा की तथा बताया कि निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत मतदाताओं को संबंधित क्षेत्र के बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र प्राप्त कराकर एवं वांछित सूचनाओं सहित भरवाकर प्राप्त किया जा रहा है और कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय में पूर्ण कराया जायेगा। बैठक में एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसडीटी की सूची समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गयी है। बैठक प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहें।

### तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारी, पांच घायल

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के शाहजहांपुर मार्ग पर उधरनपुर के निकट एक तेज रफ्तार डंपर ने एक ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्राली पर बैठे पांच मजदूर घायल हो गए और ट्राली क्षतिग्रस्त हो गई। डंपर का चालक शराब के नशे में बताया गया। घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक ईंट भट्ठे से ईट लाद कर एक ट्रैक्टर ट्राली शाहाबाद की ओर आ रही थी। मंगलवार को शाम 4:00 बजे उधरनपुर के पास तेज रफ्तार शाहजहांपुर की ओर से आ रहे डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रॉली पर बैठे मजदूर रोहित, शिव, जीतराम, अवधेश निवासी सूरजपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी तथा नीतेश नरहाई कोतवाली शाहाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल शिव को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। डंपर चालक शराब के नशे में बताया गया। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना दी गई है।

### बंदरो के हमले से घायल छात्र को अस्पताल में कराया भर्ती

**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।** हरपालपुर,हरदोई।कोतवाली क्षेत्र के इकनौरा गांव में बंदरों के हमले से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया हैं।परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के इकनौरा गांव निवासी देवदत्त का 17 वर्षीय पुत्र गोविंद मंगलवार सुबह विद्यालय जाने के लिए अपने कमरे में तैयार हो रहा था। तभी सीढ़ियों से आकर कुछ बंदर कमरे में घुस गए और गोविंद पर हमला कर दिया।बंदरों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल गोविंद को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है।

# मुख्यमंत्री से भेंट कर सात कार्यों की वित्तीय स्वीकृत दिलाने की रखी मांग

- उरई विधानसभा क्षेत्र में सात मार्गों के चैड़ीकरण को लेकर हुई चर्चा
- सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने लंबित परियोजनाओं की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उरई विधानसभा क्षेत्र में सात प्रमुख सड़कों के चैड़ीकरण कार्य को वित्तीय स्वीकृत दिलाने की ओर ध्यान आकर्षित कराया जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द वित्तीय स्वीकृत मिलने का भरोसा दिलाया। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भेंट के दौरान सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने जहां विधानसभा क्षेत्र में लंबित परियोजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की तो वहीं सात प्रमुख सड़कों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृत दिलाने की भी मांग रखी। उरई विधानसभा क्षेत्र में जिन सात प्रमुख सड़कों के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये की गयी उमें प्रमुख रूप से जालौन चुर्खी मार्ग के किमी 1 से 10 तक चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। ऐर खास से कुरौना मार्ग के किमी 1 से किमी0 14 (300) में चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। सोमई हरदोई गूजर जालौन का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। कोंच से पहाड़गांव का चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। उरई मुख्यालय में राठ रोड गल्ला मण्डी से झांसी कानपुर हाईवे तक दो लेन से फोर लेन चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। एट धुरट भरसूड़ा संपर्क मार्ग का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। जखौली से कोंच मार्ग का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाना नितांत आवश्यक है इन कार्यों की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति राज्य सड़क निधि जारी करने की कृपा करें।

## बुंदेलखंड विकास निधि से 11 प्रस्तावों को वरीयता देने की मांग

**जन एक्सप्रेस । उरई**

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट के दौरान बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधानसभा क्षेत्र उरई में प्रमुख रूप से 11 प्रस्तावों को शामिल कर वित्तीय स्वीकृत दिलाने की ओर ध्यान आकर्षित कराया जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड नंबर 16 में उदय हुये नरेन्द्र निरंजन के निरंजन के मकान से शैलेन्द्र के मकान होते मकान तक सीसी निर्माण।
वार्ड नंबर 28-16 में अनिल कुशवाहा के मकान से अर्चना तिवारी एवं राम चैहान के मकान होते हुए पिन्टू दुबे के मकान तक सीसी। ग्राम हरदोई गूजर में कोंच उरई रोड से लेकर रिंकू गुर्जर के मकान तक पुलिया सहित सीसी निर्माण। उरई के वार्ड नंबर 14 में इन्द्रा नगर में झलकारी व्यायामशाला से अजनारी बाईपास तक सीसी एवं नाली निर्माण 250 मीटर। ग्राम चरसर में पं. दीनदयाल उपाध्याय इंटर कालेज की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। विकास खण्ड कोंच के ग्राम परैछा में हरीराम से हरिगोविन्द की ओर 6 सीसी निर्माण कार्य। विकास खण्ड जालौन के ग्राम लहचूरा में मिनी स्टेडियम का निर्माण। विकास खण्ड कोंच के थुरट सोजना में हजारी से भगवान दास के मकान तक सीसी निर्माण कार्य। विकास खण्ड डकोर के ग्राम सैदनगर में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य। विकास खण्ड कोंच के ग्राम बसोब में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य। विकास खण्ड जालौन के ग्राम माड़री में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य कराया जाना शामिल हैं।



मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों पर चर्चा करते सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा।

# लापरवाही पर वेतन रोका, जनकल्याणकारी योजनाओं में गुणवत्ता और गति पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं विभिन्न विकास योजनाओं व निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि योजनाओं के संचालन में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), फैमिली आईडी, 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की योजनाएं, राज्य योजना, निपुण परीक्षा मूल्यांकन, मध्यान्ह भोजन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पशुपालन के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान, सेतु निर्माण, सड़क निर्माण एवं अनुरक्षण, ओडीओपी वित्त पोषण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा सीएमआईएस से संबंधित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर सम्बंधित अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फैमिली आईडी योजना में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। समीक्षा बैठक में सेतु निगम के अधिशासी अभियंता के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने उनका वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, पिछड़ा वर्ग कल्याण की पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाएं तथा समाज कल्याण विभाग की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति संतोषजनक न होने पर संबंधित अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्य संस्कृति में सुधार लाते हुए जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, अपर कृषि निदेशक सुशील कुमार उत्तम, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, डीएसटीओ नीरज चैधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतें स्वयं आय के स्रोत खोजें, प्रशिक्षण सत्र में दिये टिप्स

**जन एक्सप्रेस । कुठौंद (जालौन)**

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के स्वयं के आय स्रोत विषय पर द्वि-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार कुठौंद एवं जालौन में किया गया। प्रशिक्षण उप निदेशक पंचायत झांसी मंडल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का सोमवार को सहायक विकास अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रशिक्षक शशांक खरे ने प्रतिभागियों को ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय समझाए उन्होंने बताया कि पंचायतों के पास उपलब्ध कर योग्य संपत्तियां जमीन, भवन, बाजार, नियमित आय का प्रमुख आधार हैं पेयजल आपूर्ति शुल्क और बाजार शुल्क को सुव्यवस्थित कर स्थाई आय सृजित की जा सकती है इसके साथ-साथ समुदाय की सहभागिता एवं सहयोग से पंचायतें कई नए स्वयं के आय स्रोत विकसित कर सकती हैं। राजस्व स्रोतों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि पंचायतें संपत्ति कर व्यवसाय कर मनोरंजन कर विज्ञापन कर एवं वाहन कर जैसे करों के माध्यम से अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती हैं इसके लिए जन जागरूकता जन सहभागिता और बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। सत्र में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत कर्मियों को स्वयं के आय स्रोतों के बारे में जागरूक करना समय की जरूरत है मजबूत आय स्रोतों से पंचायतें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी और सरकारी निर्भरता कम होगी। प्रशिक्षण में आइस ब्रेकिंग समूह चर्चा तथा चार्ट निर्माण के माध्यम से व्यावहारिक तरीके सिखाए गए यह पूरा प्रशिक्षण कार्यदायी संस्था उपिकॉन, लखनऊ द्वारा संचालित किया गया जिसमें संस्था की ओर से संदीप वर्मा एवं मोहम्मद जमील मौजूद रहे।

## पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल के बच्चों ने जीनियस स्कूल के बच्चों से की शैक्षणिक जानकारियां साझा



**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय अरवल के 40 बच्चों ने मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण किया।कस्बे के जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर बच्चों ने खूब मौज मस्ती की।
जानकारी के अनुसार मंगलवार को पी.एम श्री कंपोजिट स्कूल अरवल के बच्चों ने ट्विनिंग और पेयरिंग प्रोग्राम के अंतर्गत कस्बा स्थित जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शैक्षिक भ्रमण किया। ट्विनिंग प्रोग्राम विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले स्कूलों के बीच एक साझेदारी है। इसके उद्देश्य को सार्थक करने को दोनों स्कूलों द्वारा ऐसा वातावरण बनाया, जिसमें सर्वोत्तम प्रथाओं और संसाधनों को साझा किया गया। बच्चों द्वारा कक्षा कक्ष,म्यूजिक रोम,कंप्यूटर लैब,मैथ लैब,प्रयोगशाला के कामकाज, पुस्तकालय एवं टी.एल.एम का विस्तृत अवलोकन करा गया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकों के द्वारा बच्चों को प्रयोगशाला में होने विभिन्न रसायनों प्रयोग तथा माइक्रोस्कोप का उपयोग चित्रकला तथा खेल के संबंध में बारीकी से समझाया गया हैं।जिन्हें बच्चों ने खूब मजे से सीखा। इस मौके पर विद्यालय के जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह,पीएम श्री विद्यालय प्रधानाचार्य आरबी शर्मा,जगरूप तिवारी,अनुपम,मंजीत आदि मौजूद रहे।

## हाई-एंड रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट 'ऐशटेक प्रेजिडेंशियल टॉवर्स' का भूमिपूजन किया

**आगरा।** भारत के कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में तीन दशकों से ज़्यादा की विरासत वाले एक जाना-माने नाम ऐशटेक ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-12 में अपने प्रमुख हाई-एंड आवासीय प्रोजेक्ट द प्रेजिडेंशियल टॉवर्स की शुभ भूमिपूजन और निर्माणकार्य की शुरुआत के साथ ग्रुप की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। इस प्रोजेक्ट के साथ ऐशटेक ग्रुप प्रीमियम रेजिडेंशियल रियल एस्टेट सेगमेंट में एंट्री कर रहा है, और बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को पूरा करने के दशकों के अनुभव के साथ अपनी गहरी विशेषज्ञता और कंस्ट्रक्शन की विरासत का इस्तेमाल करके अपना खुद का प्रोजेक्ट बना रहे हैं।साढ़े पांच (5.5) एकड़ में फैला द प्रेजिडेंशियल टॉवर्स एक सोच-समझकर प्लान किया गया हाई-एंड आवासीय प्रोजेक्ट है, जिसमें पांच खूबसूरती के साथ डिजाइन किए 30 मंजिला ऊंचे टावर होंगे। इस प्रोजेक्ट में 456 प्रीमियम 3 और 4 बीएचके रेजिडेंस होंगे, जिन्हें प्राइवेसी, आराम और मॉडर्न खूबसूरती के साथ रहने का एक बेहतरीन अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है।

## जमीन के अंदर पेट्रोलियम पदार्थों की आशंका चलते बोर करके जांच पड़ताल में जुटी टीम

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



कटियारी क्षेत्र में कुछ जगहों पर जमीन के भीतर पेट्रोलियम पदार्थ होने की आशंका के चलते जांच पड़ताल की जा रही है। इसके लिए कई गांवों में जमीन में करीब 100 फुट गहराई के विस्फोट कर तरंगों का अध्ययन किया जा रहा है।
जानकारी के अनुसार हरपालपुर क्षेत्र के दहेलिया गांव निवासी इमरान,मोनिस,मनसूर,अजीज ख़ान,इंतजार आलम,मुहीद,हसनूर तथा सर्वेश के खेतों में अल्फोजिया कंपनी के अधिकारी इस कार्य में लगे हैं। बोरिंग वाले स्थानों पर विशेष यंत्र भी लगाया गया है। इसके विस्फोट से उठने वाली तरंगों से पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि जमीन में तेल है या नहीं।अल्फाजियो कंपनी के फील्ड इंचार्ज मदन मौर्य ने बताया कि क्षेत्र में जमीन के नीचे तेल की तलाश की शुरुआत दहेलिया गांव से हुई। इसके लिए सैटलाइट से मिले संकेतों के आधार बार बोरिंग कर विस्फोट किया जा रहा हैं।फिलहाल जीपीएस और सेटेलाइट की मदद से क्षेत्र के 20 किलोमीटर के दायरे में तेल मिलने की संभावना है। इसलिए सेंसर उपकरण के माध्यम से रीडिंग के अनुसार 90 से 100 फुट फुट की गहराई पर बोरिंग किया जा रहा है।क्योंकि यह गंगा रामगंगा का बेसिन है इसलिए यहां पेट्रोलियम पदार्थ प्रचुर मात्रा में मिल सकते है। किसानों का कहना है कि खेतों में गेहूं की फसल खड़ी है जांच के समय की जा रहे।खेत में होने वाले बोरवेल से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंच रहा है।

## विद्यामंदिर क्लासेज़ ने लॉन्च किया विद्यामंदिर इंटेलेक्ट नेशनल इंसेंटिव टेस्ट 2025

**आगरा।** जेईई, नीट, बोर्ड्स और ओलिंपियाड की तैयारी के लिए देश के सबसे विश्वसनीय संस्थानों में से एक विद्यामंदिर क्लासेज़ (वीएमसी) ने विद्यामंदिर इंटेलेक्ट नेशनल इंसेंटिव टेस्ट की घोषणा की है। यह वीएमसी का प्रमुख एडमिशन-कम-स्कॉलरशिप-कम-इंसेंटिव टेस्ट है, जो कक्षा 5 से 12 तक के छात्रों के लिए आयोजित किया जाता है। इस वर्ष विद्यामंदिर इंटेलेक्ट नेशनल इंसेंटिव टेस्ट पहले से और बड़ा होकर लौट रहा है - ज्यादा कैश रिवॉर्ड्स, बेहतर स्कॉलरशिप और अधिक अकैडमिक बेनिफिट्स के साथ। यह टेस्ट पूरे देश में 21 और 25 दिसंबर को आयोजित होगा, जिसमें छात्रों को कुल तीन अवसर मिलेंगे। विद्यामंदिर इंटेलेक्ट नेशनल इंसेंटिव टेस्ट छात्रों को साइंस और मैथ्स में अपनी कॉन्सेप्चुअल अंडरस्टैंडिंग जांचने, लर्निंग गैप्स पहचानने और वीएमसी के एडवांस्ड एनालिटिकल टूल्स के साथ नेशनल लेवल पर अपना परफॉर्मेंस बेंचमार्क करने में मदद करता है। विद्यामंदिर इंटेलेक्ट नेशनल इंसेंटिव टेस्ट के तहत मेरिटोरियस छात्रों को 2.5 करोड़ रुपये तक के मेगा कैश प्राइज़, 100त्न तक की स्कॉलरशिप, और कई एक्सक्लूसिव अकैडमिक फायदे मिलेंगे।

# पाथ फाइंडर्स इंटरनेशनल स्कूल में अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन

- आग लगने पर घबराने के बजाय संयम बनाकर करें बचाव:अरविंद

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**




अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद के छोटे-बड़े विद्यालयों एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों में आगजनी की स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में जालौन रोड स्थित पाथ फाइंडर्स इंटरनेशनल स्कूल में अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने किया। मॉक ड्रिल के दौरान विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग, आग लगने पर घबराने के बजाय संयम बनाए रखने तथा प्राथमिक सुरक्षा उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बच्चों से संवाद करते हुए बताया कि आग लगने की स्थिति में धुएं से बचने के लिए जमीन से लगभग ढाई से तीन फीट नीचे रहकर घुटनों के बल चलना चाहिए। उन्होंने गीले कपड़े से मुंह और नाक ढकने की सलाह दी, ताकि धुआं शरीर के अंदर न जाए। इसके अलावा बच्चों को आपसी सहयोग, सतर्कता और समय पर सूचना देने के महत्व के बारे में भी बताया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने विद्यालय परिसर में नियंत्रित रूप से आग जलाकर उसे बुझाने का प्रदर्शन किया, जिससे बच्चों को वास्तविक स्थिति में अपनाई जाने वाली तकनीकों को समझने का अवसर मिला। इसके अतिरिक्त, एक बच्चे को द्वितीय मंजिल से सुरक्षित तरीके से नीचे उतारकर यह बताया गया कि आपातकाल में फंसे लोगों की सहायता किस प्रकार की जाती है। होजरी (पानी की पाइप) के माध्यम से आग बुझाने की प्रक्रिया भी लाइव डेमो के रूप में दिखाई गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रबंधक डॉ. शशि शर्मा ने अग्निशमन विभाग एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी और जीवनरक्षक सिद्ध होती हैं।

## निजी एवं शासकीय अस्पतालों के वेस्टेज निस्तारण पर डीएम ने गठित की संयुक्त जांच टीम

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

निजी व शासकीय अस्पतालों से निकलने वाले चिकित्सीय अपशिष्ट (वेस्टेज) के समुचित निस्तारण न होने की शिकायत को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी को प्राप्त शिकायत के आधार पर नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है, जिसमें सीओ सिटी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी ने टीम को निर्देशित किया है कि वे जनपद के निजी अस्पतालों में स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों द्वारा निकलने वाले जैव-चिकित्सीय वेस्टेज का निस्तारण निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप किया जा रहा है अथवा नहीं। जांच के दौरान वेस्टेज संग्रहण, पृथक्करण तथा निस्तारण की पूरी प्रक्रिया का गहन परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन निजी एवं शासकीय अस्पतालों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए वेस्टेज का सुरक्षित निस्तारण नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनस्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ नहीं किया जाएगा और नियमों का पालन हर हाल में अनिवार्य होगा।

# सड़कों के किनारे झाड़ियों की सफाई व क्षतिग्रस्त मार्गों को करायें दुरूस्त: डीएम

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले में कैम्प कार्यालय के सभागार में मंगलवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में जिले में संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यदायी संस्था अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग सुल्तानपुर की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि शहर के भीतर राष्ट्रीय मार्ग संख्या-330 फोरलेन सीसीरोड के अन्तर्गत सड़क के दोनो तरफ नाला निर्माण का कार्य अप्रैल माह में पूर्ण करना था जो अभी तक पूर्ण नहीं किया गया। इसके साथ ही नाले का निर्माण टेढ़ा-मेढ़ा करने व निर्माण कार्यो की समस्याओं की अवगत न कराने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि कराये गये कार्यो की उच्च स्तर से जांच करायी जाये और कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जाये। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण रायबरेली की समीक्षा की गयी जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 लालगंज-मोहनगंज-रानीगंज बाईपास पर मार्ग के किनारे पौधे लगाने और मिट्टी डालने का कार्य कराया जाना था जो अभी तक नही हुआ जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि मार्ग के किनारे पौधे लगाने व मिट्टी डालने का कार्य किया जाये। इसी प्रकार कार्यदायी संस्था अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग प्रयागराज, राज्य सेतु निगम लि. सेतु निर्माण इकाई सुल्तानपुर, यूपीडा आदि के सड़क परियोजनाओं के निर्माण कार्यो की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि जितने भी सड़क परियोजनाओं के कार्य कराये जा रहे है उसकी मानीटरिंग हेतु प्रारूप बना दिया जाये जिससे निर्धारित प्रारूप पर कार्यदायी संस्थाओं से सूचना ली जाये और प्रत्येक महीने इसकी समीक्षा की जाये जिससे कार्यो में तेजी लायी जा सके और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो सके। उन्होने एनएच व लोक निर्माण विभाग के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे जो भी झाड़ियॉ है उनकी साफ-सफाई, ब्लैक स्पाट, क्षतिग्रस्त सड़कों आदि को दुरूस्त कराकर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सड़क परियोजनाओं के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये और परियोजनाओं के कार्यो को निर्धारित तिथि के अन्तर्गत अवश्य पूर्ण किया जाये।

## महराजगंज में नगर पालिका का येलो स्पॉट कैंपेन

**महराजगंज।** नगर पालिका परिषद महराजगंज ने शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के उद्देश्य से 'येलो स्पॉट कैंपेन' चलाया। अभियान के तहत नगर के रोडवेज परिसर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम ने लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों, दीवारों और खुले स्थानों को गंदा न करें, खुले में पेशाब करने से बचें और सार्वजनिक शौचालयों का नियमित उपयोग करें। टीम ने आमजन से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखने में जनता की सहभागिता आवश्यक है।

नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि सभी का सहयोग मिलने पर ही महराजगंज को स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाया जा सकेगा।

# नेपाल में अवैध कॉफी के बीज बरामद

## सीमा पार करते ही नेपाल पुलिस की कार्रवाई, 30.44 लाख रुपये का बीज जब्त

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज



भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र से ट्रैक्टर-ट्राली पर भारी मात्रा में काफी (कॉफी) बीज लादकर नेपाल ले जा रहे तस्करों को नेपाल पुलिस ने धर दबोचा। जब्त किए गए काफी बीज की कीमत करीब 30 लाख 44 हजार रुपये बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की भोर करीब 3.30 बजे भारतीय सीमा क्षेत्र ठूठीबारी से एक ट्रैक्टर-ट्राली पर काफी बीज लादकर तस्कर नेपाल की ओर बढ़ रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्राली नेपाल के नवलपरासी जिले के सीमा से सटे गांव बुडंतवापुर उर्फ गणेशपुर में प्रवेश की, वहां ड्यूटी पर तैनात विओपी हरपुर की पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया।

कार्रवाई का नेतृत्व हरपुर विओपी के नायब निरीक्षक एसआई माधव प्रसाद घिमिरे कर रहे थे। जांच के दौरान ट्रैक्टर-ट्राली से 60 किलो वजन के 34 बोरे काफी बीज बरामद किए गए। इस संबंध में नायब निरीक्षक एसआई माधव प्रसाद घिमिरे ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर-ट्राली और काफी बीज को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए महेशपुर भंसार (कस्टम) कार्यालय को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# डीएम ने वर्ष- 2026 हेतु साप्ताहिक बन्दी किया निर्धारित

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने मंगलवार को जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिये जहां पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते है, कैलेण्डर वर्ष-2026 हेतु साप्ताहिक बन्दी के दिवसों का निर्धारण घोषित किया है। यह आदेश 1 जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक लागू रहेगा।

साप्ताहिक बन्दी दिवस के क्रम में रविवार को तहसील पट्टी अन्तर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाइयों की दुकान छोड़कर) बन्द रहेंगे। मंगलवार को तहसील कुण्डा अन्तर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, नगर पालिका क्षेत्र-चिलबिला एवं माधोगंज (महुली) में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, नगर पालिका क्षेत्र-प्रतापगढ़, चिलबिला एवं माधोगंज (महुली) की समस्त नाईयों की दुकान बन्द रहेगी। बुधवार को टाउन एरिया कटरा मेंदनीगंज एवं प्रतापगढ़ सिटी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान, गुरुवार को टाउन एरिया-मानिकपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, शनिवार को टाउन एरिया पट्टी में स्थित नाईयों की समस्त दुकान, नगर पालिका क्षेत्र-बेल्हा (चिलबिला व माधोगंज के अतिरिक्त) में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, नगर पंचायत-कटरा गुलाब सिंह एवं देल्हूपुर, तहसील लालगंज (नगर पंचायत) एवं रानीगंज में स्थित नाई की दुकान तथा रविवार को तहसील लालगंज (नगर पंचायत) एवं रानीगंज में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान की दुकानें बन्द रहेंगी।

## पंचायत भवनों में संचालित होगें डाकघर




**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे ने मंगलवार को बताया कि अधीक्षक डाकघर प्रतापगढ़ मण्डल के कार्यालय पत्र द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को सम्बोधित पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जिले में फेज-1 में समस्त 17 विकास खण्डों के अन्तर्गत 159 शाखा डाकघरों को ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में डाकघर स्थापित करने की अपेक्षा की गयी ताकि लोगों को उत्तम एवं सुगम सेवायें प्राप्त हो सके।

पंचायत भवन में ही आने वाले समय में डिजिटल लाइब्रेरी, जन सेवा केन्द्र एवं डाकघर संचालित होंगे। सभी सचिव को कम से कम चार कमरे का पंचायत भवन बनाये जाने का निर्देश दिया गया है।

# 21 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

## सशस्त्र सीमा बल की पहल- ठूठीबारी क्षेत्र के 30 युवक-युवतियां होंगे डिजिटल रूप से सशक्त

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज




सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों द्वारा भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर की सुरक्षा के साथ सीमावर्ती इलाके के युवाओं को जागरूक करने की कार्य कर रही है। इसी के तहत 22वी वाहिनी एसएसबी महराजगंज कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर के निर्देशन में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अतंर्गत क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कस्बे के शिशु विद्यालय जूनियर हाईस्कूल परिसर में आयोजित किया गया।

मंगलवार को 21 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उपकमांडेंट प्रदीप कुमार मेधी द्वारा किया गया। छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के 30 युवक एवं युवतियों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे वे डिजिटल युग में रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

उप कमांडेंट ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम दृष्टि कंप्यूटर लाइव के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जो दिनांक 05 जनवरी 2026 तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कंप्यूटर का मूलभूत ज्ञान, टाइपिंग, एमएस ऑफिस, इंटरनेट का उपयोग एवं डिजिटल जागरूकता से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस दौरान अवसर पर उप कमांडेंट महावीर भामु, सहायक कमांडेंट मयंक गुप्ता, प्रिया यादव, निरीक्षक (सामान्य) सुमित कुमार व कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रतिनिधि, विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# खाद्य सचल दल ने प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले में मंगलवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश के अनुपालन में भुना हुआ चना में औरामाइन सिन्थेटिक कलर का उपयोग खाद्य पदार्थ में किये जाने की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बाजार में विक्रय किये जा रहे भुना हुआ चना के थोक निर्माण इकाई के प्रतिष्ठानों पर विशेष कार्यवाही हेतु जिला अभिहित अधिकारी अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा विभिन्न बाजारों में स्थित भुना चने के थोक व निर्माण इकाई के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुये, औरामाइन सिन्थेटिक कलर का उपयोग किये हुये खाद्य पदार्थ भुना हुआ चना का तीन नमूना लिया गया तथा जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। खाद्य सचल दल द्वारा चिलबिला स्थित प्रखर इण्टर प्राइजेज खाद्य प्रतिष्ठान से भुना चना (ब्राण्ड-कस्तूरी के मूल पैक्ड) का एक नमूना, चौक घंटाघर स्थित ओजस्वा ट्रेडर्स खाद्य प्रतिष्ठान से भुना चना (ब्राण्ड-बाहुबली के मूल पैक्ड) का एक नमूना व चौक घंटाघर स्थित ओम प्रकाश गुप्ता एण्ड कम्पनी के खाद्य प्रतिष्ठान भुना चना (खुल्ला) का एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सचल दल में रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रुद्रपुर क्षेत्र में पांच लीगल एड क्लीनिक का हुआ उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

न्याय चला निर्धन के द्वार अभियान के तहत रुद्रपुर तहसील क्षेत्र के पांच ग्राम पंचायतों नकईल, एकौना, पचरूखा, सिलहटा और डाला में विधिक सहायता केंद्र (लीगल एड क्लीनिक) का उद्घाटन किया गया। ग्रामीण इलाकों के इस केंद्र से लोगों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया की तरफ से जनपद न्यायाधीश देवरिया धनेंद्र प्रताप सिंह की देखरेख में इन केंद्रों का उदघाटन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवरिया मनोज कुमार तिवारी ने इन क्लीनिक उद्घाटन के उपरांत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी गम्भीर

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जिले के रानीगंज क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर बभनमई गांव के पास सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गम्भीर है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके के लच्छीपुर गांव निवासी बब्लू गौतम ( 21 वर्ष ) व राजू गौतम ( 20 वर्ष ) मोटरसाइकिल से प्रतापगढ़ से अपने गांव लच्छीपुर जा रहे थे। उसी दौरान रानीगंज में एक जेसीबी बादशाहपुर की ओर से आ रहा था। बभनमई गांव के पास हाईवे पर चालक विपरीत दिशा में स्थित एक ढाबे की ओर मुड़ने लगा। तभी मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक जेसीबी की चपेट में आ गये। हादसे के बाद दोनों सड़क पर गिरकर दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। ढाबे पर मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही एसओ प्रभात सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को रानीगंज ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने बबलू गौतम को मृत घोषित कर दिया। राजू गौतम की हालत गम्भीर देख प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना के बाद काफी देर तक दोनों की पहचान ही नहीं हो सकी। हालांकि बाद में पुलिस ने जांच पड़ताल कर दोनों के परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजन रोते बिलखते अस्पताल पहुँचे। एसओ प्रभात सिंह ने बताया कि दोनों युवक थाना इलाके के लच्छीपुर गांव के रहने वाले थे। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई व दूसरे का इलाज चल रहा है। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जेसीबी को कब्जे में लेते हुए अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।

# मेरी पूंजी मेरा अधिकार: 19 दिसंबर को लगेगा जिला स्तरीय जागरूकता कैम्प

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

भारत सरकार द्वारा वित्तीय क्षेत्र में बिना दावे वाली संपत्तियों (Unclaimed Assets) के निस्तारण एवं आम नागरिकों को उनके वित्तीय अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय जागरूकता अभियान मेरी पूंजी, मेरा अधिकार के अंतर्गत जनपद महराजगंज में जिला स्तरीय जागरूकता कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

यह कैम्प दिनांक 19 दिसंबर 2025 को प्रातः 12:00 बजे से बालाजी लान, महराजगंज में आयोजित होगा। कैम्प में विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंक, बीमा कंपनियां, डाक विभाग, म्यूचुअल फंड संस्थान तथा अन्य वित्तीय संस्थाएं अपने-अपने स्टाल लगाएंगी। इन स्टालों के माध्यम से आम नागरिक अपनी बिना दावे वाली बैंक जमा, बीमा पॉलिसी, निवेश एवं अन्य वित्तीय संपत्तियों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा मौके पर ही दावे की प्रक्रिया को सरलता से पूरा कर सकेंगे।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी, महराजगंज की गरिमामयी उपस्थिति में उन लाभार्थियों को, जिनके प्रकरणों का निस्तारण हो चुका है, उनके सेटल किए गए दावों के प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही नागरिकों को यह जानकारी दी जाएगी कि वे अपनी बिना दावे वाली पूंजी की पहचान कैसे करें और संबंधित संस्थानों में दावा प्रस्तुत करने की क्या प्रक्रिया है।

जिला प्रशासन, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) एवं संबंधित वित्तीय संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी नागरिक की वैध पूंजी बिना दावे के न रह जाए और प्रत्येक व्यक्ति को उसकी मेहनत की कमाई पर पूर्ण अधिकार प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जिला स्तरीय जागरूकता कैम्प में पहुंचकर मेरी पूंजी, मेरा अधिकार अभियान का लाभ उठाएं और अपनी वित्तीय संपत्तियों से जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक बनें।

## सुरक्षा के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जनता इंटर कॉलेज रामकोला परिसर में सोमवार को मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्राओं को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए सरकार की तरफ से संचालित विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। जिला प्रोवेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया कि कहा कि महिला और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सरकार और प्रशासन गंभीर है। अनहोनी की स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि सरकार की तरफ से संचालित हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग कर मदद लें। हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह ने बाल विवाह के दुष्परिणाम पर चर्चा कर छात्र-छात्राओं को बाल विवाह नहीं करने के लिए प्रेरित किया।

# एसपी ने कार्यालय में की जन सुनवाई, दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को जनसुनवाई और महिला हेल्पडेस्क को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सचेत किया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीड़ित या शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े। इसके साथ ही, सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि जिन समस्याओं का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है, उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख हो। कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एसपी दीपक भूकर के साथ सीओ लाइन शिवनारायण वैस भी मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने बनकटी में किया स्टेडियम का भूमि पूजन

## 3 करोड़ 59 लाख की लागत से बनेगा स्टेडियम- ई.अरविन्द पाल

जन एक्सप्रेस। बस्ती



मंगलवार को निवर्तमान सांसद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता असम प्रभारी हरीश द्विवेदी ने आदर्श नगर पंचायत बनकटी के वार्ड नम्बर 5 वशिष्ठ नगर बसौढी में 3 करोड़ 59 लाख की लागत वाले स्टेडियम का वैदिक मंत्रों के बीच विधि विधान से भूमि पूजन किया। कहा कि इस स्टेडियम के बन जाने से स्थानीय खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा और वे राज्य, राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे।

मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में निवर्तमान सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा की सरकार चहुमुंखी विकास को समर्पित है। कहा कि वर्तमान सांसद से भी लोगों को पूंछना चाहिये कि वे विकास के लिये क्या कर रहे हैं। आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष बनकटी के प्रतिनिधि ई. अरविन्द पाल के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि वे सदैव सक्रिय रहते हैं कि क्षेत्र में विकास की गति तेज हो।

भूमि पूजन अवसर पर ई. अरविन्द पाल ने कहा कि बनकटी में विकास के अनेक आयाम विकसित किये गये है।

स्टेडियम शीघ्र बनकर तैयार होगा जिसमें खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधायें प्रदान करायी जायेंगी। इस अवसर पर जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि बनकटी क्षेत्र में स्टेडियम बड़ी उपलब्धि है। इससे खेल के क्षेत्र में ग्रामीण प्रतिभाओं को बड़ा अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख अनिल दूबे, अभिषेक कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह, कृष्णचन्द्र सिंह, रघुनाथ सिंह के साथ ही अंकित पाण्डेय, विवेकानन्द शुक्ल, हनुमान चौधरी, जुगुल पाल, अमरेश पाल, लड्डू यादव, अतुल पाल, लालचन्द यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष उर्मिला देवी, अधिशासी अधिकारी रिया सिंह, डा. अरूणा सिंह पाल, ई. अभिषेक सिंह, जगदीश प्रसाद शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह 'भोलू',विद्यामणि, सुनील सिंह टिंकू के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सभासद आदि उपस्थित रहे।

## बालक की पिटाई के मामले में आरोपित पर केस



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन धमौर खास गांव में पुरानी रंजिश को लेकर बालक को पीटकर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी सरवतुन निशा पत्नी अजीज अहमद ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसका पड़ोसी आलम कुछ दिनों पूर्व छेड़छाड़ के मामले में जेल से छूटकर आया है।

उसे आभास है कि उसे जेल जाने में हम लोगों का भी हाथ है। इसी रंजिश को लेकर सोमवार को उसने मेरे 12 वर्षीय पुत्र अजीज अहमद को पीटकर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दिया है। अजीज का उपचार सीएससी पर कराया गया।

# भीषण शीतलहर बनी बच्चों के लिए आफत, समय परिवर्तन को लेकर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जनपद में लगातार पड़ रही भीषण शीतलहर और कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। इसका सबसे अधिक असर विद्यालय जाने वाले मासूम बच्चों पर पड़ रहा है। सुबह के समय अत्यधिक ठंड और घने कोहरे के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। इसी को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान शीतलहर की स्थिति में छोटे बच्चों को सुबह जल्दी विद्यालय भेजना उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण है। सर्दी, खांसी, बुखार और निमोनिया जैसी बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। शिक्षक संघ ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि प्राथमिक और पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के बच्चे ठंड सहन करने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में बच्चों के हित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में यथाशीघ्र परिवर्तन किया जाना आवश्यक है। जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा भी शासन और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिक्षक संघ ने मांग की कि मौसम सामान्य होने तक विद्यालयों के समय में बदलाव किया जाए ताकि मासूम बच्चों को राहत मिल सके। इस अवसर पर शिक्षक संघ के कई पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला, जिला मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष इंद्र सेन मिश्रा, रीता शुक्ला, राहुल उपाध्याय, राजकांत वर्मा, विवेकानंद, अभिषेक जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# शादी से इनकार के बाद उत्पीड़न

## अश्लील संदेश व जान से मारने की धमकी का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शादी से इनकार के बाद एक युवक द्वारा युवती और उसके पति को लगातार प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास निवासी मनीष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब आठ माह पूर्व उसकी शादी कल्याणपुर निवासी युवती से हुई थी। शादी से पहले युवती का रिश्ता उसके बुआ के बेटे कौशिक से तय था, लेकिन युवती ने उससे विवाह करने से इनकार कर दिया था। आरोप है कि इसके बाद से कौशिक युवती का पीछा करता रहा। शादी के बाद भी आरोपी की हरकतें बंद नहीं हुईं और वह लगातार युवती को परेशान करता रहा। पीड़िता के अनुसार बीते रविवार को आरोपी ने उसे अश्लील संदेश भेजे और उसके पति को फोन कर पांच हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर आरोपी ने अश्लील वीडियो व फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने युवती के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर भी अश्लील संदेश भेजे। इसके साथ ही आरोपी ने युवती को फोन कर उसके पति की हत्या कर उसे विधवा बनाने की धमकी भी दी। घटना से आहत पीड़िता ने मायके पक्ष को जानकारी दी, जिसके बाद कल्याणपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। इस संबंध में थाना प्रभारी राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डायट में सामाजिक विज्ञान शिक्षकों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आरंभ



जन एक्सप्रेस। बस्ती

सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षण को अधिक प्रभावी, व्यवहारिक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बस्ती में मंगलवार से परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि सामाजिक विज्ञान जैसे विषय को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर व्यवहारिक अधिगम अनुभवों के माध्यम से बच्चों के जीवन से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण को अन्वेषणात्मक, कौशल आधारित और सहभागी बनाना समय की मांग है, जिससे विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, सामाजिक समझ और नागरिक चेतना का विकास हो सके। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी कल्याण पाण्डेय एवं सह नोडल डॉ. ऋचा शुक्ला ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को नई शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा, आईसीटी के प्रभावी उपयोग, सामाजिक विज्ञान प्रयोगशाला, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा नवाचारी शिक्षण विधियों से अवगत कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य कक्षा कक्ष में शिक्षण को अधिक रोचक और परिणामोन्मुखी बनाना है।

प्रशिक्षण में सन्दर्भदाता के रूप में डायट प्रवक्ता डॉ. रविनाथ, डॉ. गोविन्द प्रसाद, अमन सेन, कंचन, शिवानंद शुक्ल एवं मृत्युंजय मिश्र द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा, नागरिकता, संविधान एवं शासन व्यवस्था, आर्थिक समझ, ऐतिहासिक अवधारणाओं तथा सामाजिक विज्ञान की आधुनिक शिक्षण विधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता अलीउद्दीन खान, कुलदीप चौधरी, सरिता चौधरी, वर्षा पटेल, वंदना चौधरी, मो. इमरान खान, शशि दर्शन त्रिपाठी, नवनीत कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा मण्डल शिवराजपुर की कार्यशाला में संगठनात्मक मजबूती पर ज़ोर

- एसआईआर फॉर्म-6, 'मन की बात' और अटल जयंती को बूथ स्तर तक ले जाने की बनी कार्ययोजना

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर






शिवराजपुर। भारतीय जनता पार्टी मण्डल शिवराजपुर की मण्डल कार्यशाला मंगलवार को ओम सरस्वती शिशु मंदिर किड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, भटपुरा रोड जड़िताल, शिवराजपुर में सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मज़बूत करना तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना रहा।बैठक में तीन प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रथम विषय एसआईआर (स्ढ्रक्र) फॉर्म-6 रहा, जिसमें मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और सक्रिय रूप से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। द्वितीय विषय प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर रहा, जिसे प्रत्येक बूथ तक पहुँचाने और अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। तृतीय विषय के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को हर बूथ पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी श्री अरुण पाठक रहे। इस अवसर पर जिला मंत्री अनुरुद्ध शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई, पूर्व जिला मंत्री मनोज पांडेय, पदम त्रिवेदी, मण्डल प्रभारी आकाश वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक अनुशासन, बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में मण्डल महामंत्री राजकुमार अग्रवाल, रवि गुप्ता और गौरव तिवारी की सक्रिय भूमिका रही। कार्यशाला में मण्डल के सभी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक तथा मीडिया प्रभारी अजीत कुमार राजपूत समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मज़बूती देने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जौनपुर पुलिस लाइन में मंगलवार परेड

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मंगलवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ लगवाई गई तथा ड्रिल कराई गई। परेड के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान शस्त्रागार, जीपी स्टोर, पुलिस अस्पताल, कैंटीन एवं पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। आदेश कक्ष में कर्मचारियों का ओआर किया गया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर कार्यप्रणाली को और अधिक सुव्यवस्थित व प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने अनुशासन, समयबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा पर विशेष जोर देते हुए जवानों का उत्साहवर्धन किया।

### माया मोह के पर्दे को हटाए बगैर ईश्वर प्राप्ति नहीं पंडित रामकुमार शुक्ला

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिठूर। माया मोह के पर्दे को हटाए बगैर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है। जीव को जीवन का उद्देश्य बनाना चाहिए कि जीवन के कार्यों के साथ-साथ ईश्वर भक्ति में भी मन लगाए। यह अमृत वचन लवकुश जन्मभूमि लवकुश नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के कथा व्यास पंडित रामकुमार शुक्ला ने कहे। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही जीव का कल्याण हो जाता है। बशर्ते जीव श्रीमद् भागवत में कहे गए कथनों को अपने जीवन में उतार ले। लेकिन जीव माया मोह के बंधनों को ही नहीं छोड़ पता है। मानव माया मोह के वशीभूत होकर भटकता रहता है। ईश्वर और जीव के बीच एकमात्र माया मोह का पर्दा ही तो है यदि जीव इस माया मोह के पर्दे से बाहर निकल आए तो परम शक्ति को प्राप्त कर सकता है। और जब तक इस माया मोह के पर्दे से जीव बाहर नहीं आएगा तब तक मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान हरि शरण द्विवेदी, सावित्री द्विवेदी, आयोजक ओमप्रकाश द्विवेदी उर्फ भोली, हरिओम द्विवेदी सोनू द्विवेदी, चंद किशोर शुक्ला, मुन्ना लाल शर्मा, के अलावा सैकड़ो भागवत श्रोता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित दो आरोपितों को पुलिस ने भेजा चालान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग अलग गांवों में किशोरी व युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में दर्ज मुकदमे में चालान भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़िता के दादा रामकुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कन्नौज जनपद के अडंगापुर थाना क्षेत्र निवासी हाल पता उन्नाव के गांग घाट महादेव मंदिर के सामने निवासी शिवा निषाद पुत्र करन निषाद के ऊपर किशोरी के साथ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज था। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक मुन्ना लाल शर्मा ने नगर के रोडवेज से मंगलवार को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। वहीं सुरिस गांव निवासी गांव निवासी कमलेश उपाध्याय उर्फ अमर पुत्र गौरीशंकर के ऊपर एक युवती से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपित के विरूद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज था। मामले में वांछित चल रहे युवक को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को क्षेत्र के बडौना गांव से उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने हमराहियों संग गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### ट्रान्सफर क्षतिग्रस्त कर चोरों ने कीमती सामान पार कर दिया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुंभी गांव के पास लगा ट्रांसफार्मर आज रात अज्ञात चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों ने ट्रांसफार्मर से कीमती सामान चुरा लिया। पुलिस लिखित तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है। अजगैन उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप ने बताया कि नवई फीडर की लाइन कुसुम्भी गांव के पास से गुजरती है। उसी लाइन पर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा था। सुबह तीन बजे से छह बजे तक रोस्टिंग होती है। उसी दौरान चोरों ने ट्रांसफार्मर को चबूतरे से नीचे गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया और उससे कीमती सामान निकाल ले गए। एसडीओ ने बताया करीब पांच लाख रुपये का कीमती सामान चोरों ने पार कर दिया है। जिससे सप्लाई भी दिन भर बाधित रही। वैकल्पिक तौर पर शाम को दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइन जोड़कर मोहल्ले की सप्लाई चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया की विद्युत विभाग के जेई विष्णु कुमार शुक्ला की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में तेजी, डीएम ने किया मडियाहूं तहसील का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने तहसील मडियाहूं के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि माननीय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही सतत रूप से जारी है। इस अभियान के तहत जेंडर मिसमैच, आयु में अंतर, डुप्लीकेट प्रविष्टियां एवं मृतक मतदाताओं से संबंधित डाटा का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही मतदाता विवरण का पुनः सत्यापन (री-वेरिफिकेशन) भी सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नो मैपिंग डाटा को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैप करने का कार्य भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य व्यवस्थित ढंग से संपादित किए जा रहे हैं और जो भी कार्य शेष हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से संवाद कर कहा कि सामने आई सभी विसंगतियों का त्वरित निस्तारण किया जाए, जिससे मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित बन सके। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य में लगे सभी कार्मिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर ईआरओ नवीन सिंह सहित सुपरवाइजर, बीएलओ एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फॉर्च्यूनर दुर्घटनाग्रस्त

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। जनपद उन्नाव में मंगलवार तड़के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 241 के पास तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार का अचानक टायर फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से जा टकराया। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही एक्सप्रेस-वे पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। मृतकों की पहचान अशोक अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, आकाश गुप्ता और अवनीश कुशल के रूप में हुई है। सभी मृतक गाजियाबाद के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी गई है, जिससे परिवारों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि हादसे में जान गंवाने वाले अशोक अग्रवाल, सुभासपा के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। वे 'अशोक काला' नाम से जाने जाने वाले बड़े व्यापारी भी थे। कार सवार सभी लोग किसी सुभासपा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार के दौरान टायर फटना माना जा रहा है। एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना के सही कारणों की पुष्टि हो सके। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# उपनिबंधन कार्यालय तहसील परिसर में ही बने : एमएलसी अरुण पाठक

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर। सदस्य विधान परिषद अरुण पाठक का मंगलवार को बिल्हौर विधानसभा कार्यालय पर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने आम जनमानस, अधिवक्ताओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों में त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान तहसील बिल्हौर से उपनिबंधन कार्यालय स्थानांतरण के प्रस्तावित प्रकरण को लेकर गंभीर चर्चा हुई। इस संबंध में बिल्हौर बार एसोसिएशन एवं द लॉयर्स एसोसिएशन, बिल्हौर के संयुक्त पदाधिकारियों ने उपनिबंधन कार्यालय को तहसील परिसर में ही स्थापित किए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। एमएलसी अरुण पाठक ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी कानपुर नगर एवं उपजिलाधिकारी बिल्हौर से फोन पर वार्ता कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता को सुलभ, सरल और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, न कि उन्हें अनावश्यक रूप से भटकाना।

उपनिबंधन कार्यालय का निर्माण तहसील परिसर में ही होना चाहिए, जिससे आम नागरिकों और अधिवक्ताओं को सुविधा मिल सके।इस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ही इस मामले में उचित निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर श्यामजी कटियार, राजू दुबे (जिला मंत्री), डॉ.राजेन्द्र कटियार (जिला महामंत्री), मनोज पांडेय, एडवोकेट जे.पी. कटियार, एडवोकेट ऋषि नारायण गुप्ता, एडवोकेट अतुल कुमार शुक्ला, एडवोकेट कार्तिकेय शंकर दीक्षित, अजित सिंह, राजकुमार भदौरिया, अनुराग शुक्ला (शिवराजपुर), अनुराग शुक्ला (ककवन), सौरभ शर्मा, अमिताभ त्रिपाठी (अंजू) सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को खुटहन पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

थाना खुटहन पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की तलाश पुलिस को बीते कई महीनों से थी। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस को सफलता हाथ लगी। पुलिस के अनुसार, 16 अगस्त 2024 को थाना खुटहन पर एक व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की सूचना दी थी। बताया गया कि 15 अगस्त 2024 को दोपहर करीब 12 बजे उसकी पुत्री झंडारोहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राम आधार यादव इंटर कॉलेज, रसूलपुर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। इस संबंध में थाना खुटहन पर मुकदमा संख्या 248/ 2024 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पीड़िता की बरामदगी के बाद अभियुक्त रामानुज उर्फ अनुज पुत्र जोखू इन्सा, निवासी जखवां कोटिया, थाना खंडासा (अमानिगंज), जनपद अयोध्या का नाम प्रकाश में आया। साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमे में धारा 87/65(1) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। उपनिरीक्षक अजय कुमार शर्मा ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर खुटहन चौराहे से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ व जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम रामानुज उर्फ अनुज पुत्र जोखू इन्सा, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी जखवां कोटिया, थाना खंडासा, जनपद अयोध्या बताया। सत्यापन के बाद उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की गई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना खुटहन में पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष चंदन कुमार राय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार शर्मा एवं कांस्टेबल पुष्पेंद्र वर्मा शामिल रहे।

# कथा तभी फलदायी जब आचरण में उतरे : मुक्तामणि शास्त्री

जन एक्सप्रेस। बस्ती



ईश्वर से संबंध जोड़कर ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। श्रीमद्भागवत कथा की वास्तविक उपयोगिता तभी सिद्ध होती है, जब उसके उपदेशों को जीवन और व्यवहार में उतारा जाए। अन्यथा कथा केवल मनोरंजन बनकर रह जाती है। कथा से मन की शुद्धि होती है, संशय दूर होता है और आत्मिक शांति प्राप्त होती है, जिससे जीवन सरल व सुखद बनता है। यह विचार अयोध्या धाम से पधारे राष्ट्रीय कथा वाचक मुक्तामणि शास्त्री ने दुर्गा नगर कटरा में चल रही नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दौरान व्यक्त किए। कथा वाचक ने कहा कि केवल सुखी रहने की इच्छा एक प्रक्रिया है, जबकि दूसरों को सुखी रखने की भावना ही लीला कहलाती है। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उन्होंने श्रोताओं को वात्सल्य रस से सराबोर कर दिया। उन्होंने पूतना प्रसंग के माध्यम से बताया कि भगवान सदैव कल्याणकारी होते हैं, जिन्होंने विष पिलाने वाली पूतना को भी मां का स्थान प्रदान किया। गोवर्धन पूजा प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन की पूजा का संदेश दिया। इंद्र के क्रोध में भारी वर्षा करने पर भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा की, जो यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति और कर्म से हर संकट टल सकता है। कथा में आयोजक प्रमोद पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, राजन पांडेय, हरैया विधायक प्रतिनिधि सरोज मिश्रा, एडवोकेट फूलचंद्र पांडेय, अनिल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लियोनल मेसी से मिले जन्नत जुबैर और एल्विश यादव, शेयर की तस्वीरें



दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक लियोनल मेसी इस समय भारत में हैं. दरअसल, वह G.O.A.T इंडिया टूर 2025 के लिए यहां आए हैं. देशभर के फुटबॉल लवर्स उन्हें देखने के लिए बहुत एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. मेसी कोलकाता और हैदराबाद के बाद मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे. वहां पर बॉलीवुड के कई सितारों ने भी उनसे मुलाकात की. इस दौरान एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर जन्नत जुबैर और बिग बॉस ओटीटी 2 फेम एल्विश यादव भी ने भी मेसी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं. इसके साथ ही अजय देवगन, करीना कपूर, टाइगर श्रॉफ और कई बॉलीवुड के सितारे नजर आए. एल्विश यादव और जन्नत जुबैर दोनों ही मेसी से मिलते समय काफी खुश



एल्विश और जन्नत ने की मेसी से मुलाकात

नजर आए. उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर इस इवेंट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं.

**मेसी से मिले जन्नत और एल्विश**

एल्विश यादव ने इंस्टाग्राम पर जन्नत जुबैर को टैग करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें दोनों अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी के साथ नजर आ रहे हैं. दोनों के चेहरे पर मेसी से मिलने की एक्साइटमेंट दिख रही है. एक तस्वीर में फेमस फुटबॉलर लुइस सुआरेज भी उनके साथ नजर आ रहे हैं.

एल्विश ने अपने साथ जन्नत की तस्वीर भी शेयर की हैं, जिसमें दोनों के चेहरे पर मुस्कान नजर आ रही है. एल्विश ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, हम मेसी से मिले!! क्या अमेजिंग दिन है भारत में आपका स्वागत है बहुत सारा प्यार. उनके इस कैप्शन से उनकी एक्साइटमेंट का पता चल रहा है.

**इन सितारों ने भी की मेसी से मुलाकात**

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर मेसी के इस इवेंट की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं. जिसमें बॉलीवुड और क्रिकेट के सितारे भी नजर आ रहे हैं. करीना कपूर अपने दोनों बच्चों तैमूर और जेह के साथ इस इवेंट में पहुंचीं. इसके साथ ही सचिन तेंदुलकर ने भी लियोनल मेसी से मुलाकात की. भारत के पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह ने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ लियोनल मेसी से मुलाकात की.

## ये रिश्ता क्या कहलाता है के एक्टर Anuj Sachdeva की गुरुग्राम में पिटाई, जान से मारने की मिली धमकी



गुरुग्राम में TV एक्टर की पिटाई

ये रिश्ता क्या कहलाता है और साथ निभाना साथिया जैसे पॉपुलर सीरियल्स में काम करने वाले एक्टर अनुज सचदेवा की मुश्किलें बढ़ गई हैं. एक्टर को डेथ थ्रेट्स मिल रहे हैं और उनके साथ मारपीट भी की गई है. जिस सोसाइटी में वे रहते हैं वहां के स्थानिय निवासियों ने अनुज सचदेवा के साथ मारपीट की, उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी. इस दौरान का वीडियो अनुज ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है.इसमें देखा जा सकता है कि कैसे एक शख्स अनुज को मारने की कोशिश कर रहा है और उन्हें गालियां दे रहा है. बीच में एक गार्ड बच-बचाव के लिए भी आ रहा है लेकिन अज्ञात शख्स रुकने का नाम नहीं ले रहा है और अनुज पर गुस्सा निकाल रहा है. शख्स बार-बार कुत्ते से कटवाएगा तू बोल रहा है और अनुज को भद्दी-भद्दी गालियां देता भी नजर आ रहा है. फैंस ये वीडियो देख विचलित नजर आ रहे हैं.

टीवी एक्टर अनुज ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें ये पूरा इंसिडेंट नजर आ रहा है. उन्होंने मार खाते हुए ये वीडियो शेयर किया है और शख्स की ओर इशारा करते हुए बताया कि कैसे बेरहमी से वो उनकी पिटाई कर रहा है. वीडियो में अनुज के कुत्ते को भी देखा जा सकता है जो भौंक रहा है और शायद अपना विरोध जताता नजर आ रहा है.

वीडियो के साथ अनुज सचदेवा ने कैप्शन में लिखा- इससे पहले कि ये शख्स मुझे या मेरी प्रॉपर्टी को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाए मैं ये एविडेंस आपके साथ शेयर कर रहा हूं. सोसाइटी में इस शख्स की गाड़ी रॉन्ग साइड पर खड़ी थी और ये बात बताने पर ये शख्स मुझे और मेरे कुत्ते को एक रॉड से मार रहा है. ये शख्स हारमोनी मॉल रेसिडेंसी के विंग ए के फ्लैट नंबर 602 में रहता है. कृपया इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों से शेयर करें ताकि इस शख्स के खिलाफ एक्शन लिया जा सके. मेरे सिर से खून निकल रहा है.

**फैंस कर रहे वीडियो पर रिएक्ट**

अब इसपर फैंस के रिएक्शन्स आने भी शुरू हो गए हैं. साथ ही इंडस्ट्री से भी कई सारे एक्टर ऐसे हैं जो अनुज सचदेवा की खैरियत पूछते नजर आ रहे हैं. एक शख्स ने लिखा- हैलो आप कैसे हैं, कृपया मुझे साथ में लें. एक अन्य शख्स ने लिखा- उम्मीद है कि आप ठीक होंगे. इस शख्स को तो जेल में होना चाहिए. ये लोग सोसाइटी के लिए असली खतरा हैं.

## मेरे दादाजी कहते थे कि...फ्लाइट कैंसिल होने पर अनुपम खेर ने किया मजेदार पोस्ट, बताया क्या करना चाहिए



मौके पर चौका

बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर का अंदाज हमेशा से ही अलग रहा है. वो अक्सर अपने बेबाक अंदाज की वजह से चर्चा में रहते हैं. उनके साथ जो कुछ भी होता है चाहे वो अच्छा हो या बुरा, वो तुंरत ही पोस्ट कर अपने फैन्स को उसकी जानकारी देते हैं. उनके ट्वीट भी आए दिन सुर्खियों में बने रहते हैं. अब हाल ही में उन्होंने X पर एक वीडियो शेयर किया और बताया कि उनकी फ्लाइट कैंसिल हो गई.दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर की हाल ही में इंडिगो फ्लाइंट कैंसिल हो गई, जिसकी जानकारी उन्होंने ङ्क पर वीडियो शेयर करके दी. लेकिन एक्टर ने फ्लाइट कैंसिल होने की चिंता न करते हुए इस मौके का फायदा उठाने के बारे में सोचा. फ्लाइंट कैंसिल होने पर एक्टर ने बताया कि अब वो वाराणसी में गुलाब जामुन, कचौड़ी और चाट खाएंगे. साथ ही, विश्वनाथ जी के दर्शन भी करेंगे.

**अनुपम खेर ने शेयर किया वीडियो**

अनुपम खेर ने अपने X पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, फ्लाइट कैंसिल! मेरे दादाजी कहते थे कि 'एक ही प्रॉब्लम से दो बार मत गुज़रो! एक बार उसके बारे में सोचकर, और दूसरी बार उसे झेलकर'.

मैं IndiGoE से वाराणसी आया और खजुराहो के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट लेनी थी जो कैंसिल हो गई! बहुत निराशा हुई. लेकिन मैंने सोचा कि इसका फायदा उठाया जाए. तो कुछ अच्छी कचौड़ी/चाट/गुलाब जामुन खाऊंगा. और विश्वनाथ जी मंदिर में पूजा भी करूंगा! हर हर महादेव!

इस वीडियो में अनुपम खेर कहते हुए नजर आए कि वो ज्यादा कम्पलेंट नहीं करते हैं, लेकिन उनकी फ्लाइंट कैंसिल हो गई तो उन्हें बुरा लग रहा है. लेकिन उनका कहना है कि अगर कोई सिचुएशन तुम्हारे हाथ में न हो तो उसे एंजॉय करना चाहिए. इसलिए वो अब वाराणसी में अच्छा खाना खाएंगे और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करेंगे.

**अनुपम खेर की मूवी से फेस्टिवल की शुरुआत**

अनुपम खेर अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए खजुराहो फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने वाले थे, जिसके लिए वो फ्लाइट ले रहे थे.

11वां खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 16 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक आयोजित होगा. इस फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट- डिफरेंट बट नो लेस' से होगी. वहीं, इस बार का फिल्म महोत्सव 2025 दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र और असरानी को समर्पित रहेगा.



### 23 साल पहले 'कांटा लगा' से बनाया इतिहास, 42 में हार्ट अटैक से निधन, इस अधूरे सपने के साथ

# शेफाली जरीवाला ने कहा अलविदा

ग्लैमर की दुनिया में चमकने वाले सितारों की कहानियां अक्सर पर्दे के पीछे अनकहे संघर्षों और अधूरे सपनों से भरी होती है. ऐसी ही एक कहानी थी शेफाली जरीवाला की, जिन्होंने एक गाने से इतिहास रच दिया था, शेफाली जरीवाला बच्चा गोद लेना चाहती थीं, लेकिन उनका ये सपना पूरा नहीं हो पाया. आज, 15 दिसंबर को शेफाली जरीवाला की बर्थ एनिवर्सरी है. ये दिन उनके लाखों फैंस के लिए खुशियों की जगह एक गहरे दर्द की टीस लेकर आया है. इस साल 27 जून 2025 को, महज 42 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट के कारण शेफाली का निधन हो गया था.शेफाली ने जिंदगी में नाम, शोहरत, इज्जत सब कुछ कमाया, लेकिन उनकी एक दिली तमन्ना हमेशा अधूरी रह गई. वो 'मां' बनना चाहती थीं. उन्हें हमेशा से एक बच्ची को गोद लेना था, शेफाली का ये सपना हमेशा के लिए अधूरा रह गया.



अधूरा रह गया शेफाली का सपना

**रातों-रात बनीं सेंसेशन**

अहमदाबाद की एक सामान्य गुजराती परिवार में जन्मीं शेफाली जरीवाला ने अपनी शुरुआती पढ़ाई इंजीनियरिंग में की. लेकिन शायद तकदीर को कुछ और मंजूर था. किताबी दुनिया छोड़कर उन्होंने मॉडलिंग की राह पकड़ी, और यहीं से उनकी जिंदगी ने ऐसा यू-टर्न लिया कि वो रातों-रात स्टार बन गईं. साल 2002 में, शेफाली एक रीमिक्स म्यूजिक वीडियो 'कांटा लगा' में नजर आईं. ये गाना सिर्फ एक वीडियो नहीं था, बहुत कम समय में ही ये गाना हर गली, नुक्कड़ और पब की शान बन गया. इस म्यूजिक वीडियो में शेफाली का बोल्ड और कॉन्फिडेंट अंदाज ऐसा छाया कि उन्हें तुरंत 'कांटा लगा गर्ल' का टाइटल मिल गया. ये टाइटल उनकी पहचान बन गया, जिसे वो ताउम्र अपने साथ लेकर चलीं.

**अचानक इंडस्ट्री से गायब हुईं शेफाली**

इस गाने की पॉपुलैरिटी का आलम ये था कि 2004 में आई मल्टी-स्टारर फिल्म 'मुझसे शादी करोगी' में भी इसका इस्तेमाल किया गया. इस फिल्म में शेफाली ने सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ 'कांटा लगा' पर स्क्रीन शेयर की थी. जब करियर की गाड़ी टॉप गियर में थी, तभी शेफाली ने अचानक फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया और लाइमलाइट से पूरी तरह गायब हो गईं.

इसकी वजह बहुत कम लोगों को पता थी. शेफाली गंभीर रूप से मिर्गी (एपिलेप्सी) की समस्या से जूझ रही थीं. बीमारी से लड़ने और पूरी तरह ठीक होने के लिए उन्हें इंडस्ट्री से 15 साल का लंबा गैप लेना पड़ा.

# संसद में प्रियंका ने सरकार से पूछा मनरेगा का नाम बदलने की सनक क्यों सवार?

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा आज लोकसभा में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), VB-G RAM G बिल, 2025 का विरोध किया। यह बिल दो दशक पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह लाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में बदलाव करने पर अपनी आपत्ति दर्ज करना चाहती हूं। मनरेगा पिछले 20 वार्षों से ग्रामीण भारत को रोजगार देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्षम रहा है। यह कितना क्रांतिकारी कानून है कि जब इसे बनाया गया तो सदन के सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी सहमती दी थी। इसके द्वारा 100 दिन का रोजगार देश के गरीब से गरीब लोगों को मिलता आया है।

### मजदूरों की वेतन बढ़ोतरी का कोई जिक्र नहीं

कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा में 90 प्रतिशत अनुदान केंद्र से आता था, इस विधेयक के तहत अब ज्यादातर प्रदेशों में यह 60 प्रतिशत आएगा। इससे प्रदेशों की अर्थव्यवस्था पर बहुत भार पड़ेगा खासतौर से उन राज्यों के लिए जो पहले से ही केंद्र से जीएसटी के बकाए के इंतजार में है। इस विधेयक द्वारा केंद्र का नियंत्रण बढ़ाया जा रहा है और जिम्मेदारी घटाई जा रही है। इसे रोजगार के दिन भले ही बढ़ाए जा रहे हैं लेकिन वेतन की बढ़ोतरी की कोई बात नहीं है।

### हर योजना का नाम बदलने की सनक

प्रियंका ने कहा कि हर योजना का नाम बदलने की जो सनक है वह समझ में नहीं आती है। जब-जब ये किया जाता है तो केंद्र को पैसे खर्च करने पड़ते हैं। बिना चर्चा के और बिना सदन की सलाह लिए इस तरह जल्दी-जल्दी में विधेयक को पास नहीं कराना चाहिए। ये विधेयक वापस लिया जाना चाहिए, इसके बदले में सरकार को एक नया विधेयक पेस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी भले ही मेरे परिवार के नहीं थे लेकिन मेरे परिवार जैसे ही हैं और पूरे देश की यही भावना है। इसे गहन चर्चा और जांच पड़ताल के लिए स्थायी समिति के पास भेजा जाना चाहिए। और कोई भी विधेयक किसी की निजी महत्वकांक्षा, पूर्वाग्रह और सनक के आधार पर पेश नहीं होना चाहिए।

### 73वें संशोधन को नजरअंदाज करने का आरोप

प्रियांका ने आगे कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में जाते हैं तो दूर से ही मनरेगा का मजदूर दिखाई देता है। मनरेगा के तहत हमारे गरीब भाई-बहनों को जो रोजगार की कानूनी गारंटी मिलती है, वो इस योजना में मांग के आधार पर संचालित होता है, मतलब जहां-जहां रोजगार की मांग है वहां 100 दिनों का रोजगार अनिवार्य है। इसके साथ ही केंद्र से जो इसके लिए पूंजी जाती है वो भी मांग पर आधारित है। इसमें केंद्र को इजाजत दी गई है कि वो पहले से ही निर्धारित कर लें कि कितनी पूंजी कहां भेजी जाएगी। हालांकि इस नए विधेयक में संविधान के 73वें संशोधन को नजरअंदाज किया जा रहा है। इस योजना में ग्राम सभाओं के अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। इस विधेयक के प्रबंधन से रोजगार का कानून कमजोर हो रहा है। यह हमारे संविधान के विपरित है।

### मनरेगा के बहाने बापू पर हमला करने का आरोप

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा था कि कांग्रेस इसका विरोध करेगी। खरगे ने कहा कि यह सिर्फ मनरेगा का नाम बदलने का मामला नहीं है। यह एमजीएनआरईजीए को खत्म करने की भाजपा-आरएसएस की साजिश है। संघ की शताब्दी पर गांधी जी का नाम मिटाना यह दर्शाता है कि मोदी जी जैसे लोग, जो विदेशों में बापू को फूल चढ़ाते हैं, कितने खोखले और पाखंडी हैं। गरीबों के अधिकारों से मुंह मोड़ने वाली सरकार ही मनरेगा पर हमला करती है। कांग्रेस पार्टी संसद में और सड़कों पर इस अहंकारी सरकार के गरीबों और श्रमिकों के खिलाफ किसी भी फैसले का कड़ा विरोध करेगी। हम करोड़ों गरीब लोगों, मजदूरों और श्रमिकों के अधिकारों को सत्ता में बैठे लोगों द्वारा छीने जाने नहीं देंगे।

### भाजपा को है गांधी से नफरत: प्रमोद तिवारी

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जनसंघ की शुरुआत से ही भाजपा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति घृणा रखती आई है, वे गोडसे की पूजा करते हैं... आप गांधी परिवार से नफरत करते हैं, आप राष्ट्रपिता से नफरत करते हैं, इसीलिए आप सोनिया गांधी के नेतृत्व में यूपीए सरकार के दौरान शुरू की गई योजना का नाम बदलकर गांधी जी का नाम हटा रहे हैं। यह देश अपने राष्ट्रपिता के लिए लोकतांत्रिक तरीके से और पूरी ताकत से इसका विरोध करेगा और कांग्रेस पार्टी इसका कड़ा विरोध करेगी। आज वे गांधी जी का नाम हटा रहे हैं, कल वे इसका नाम गोडसे के नाम पर रख देंगे।

### नए विधेयक का उद्देश्य

VB-G RAM G बिल, 2025 आज लोकसभा में पेश किया जाएगा। नए विधेयक में ग्रामीण परिवारों के प्रत्येक सदस्य को मौजूदा 100 दिनों के बजाय 125 दिनों का वेतनभोगी रोजगार सुनिश्चित किया गया है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हों। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित विकास रणनीति के माध्यम से आय सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ टिकाऊ, उत्पादकता बढ़ाने वाली ग्रामीण संपत्तियों का निर्माण करना है।

# 'लाल आतंक' ने फिर डाले हथियार

## 34 नक्सलियों का सरेंडर, 26 पर कुल 84 लाख का इनाम, 2 साल में 824 ने हिंसा छोड़ी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें से 26 पर कुल 84 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। येकैडर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी), तेलंगाना स्टेट कमेटी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर डिवीजन में सक्रिय थे। मुख्य कैडरों में पांडू पुनेम (45), रुकनी हेमला (25), देवा उइका (22), रामलाल पोयम (27) और मोटू पुनेम (21) शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक पर आठ लाख रुपये का इनाम था। आत्मसमर्पण वरिष्ठ पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष 'पुना मार्गेम' (पुनर्वास से सामाजिक पुनर्स्थापन) पहल के तहत हुआ। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव के अनुसार, राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत प्रत्येक को तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।सरकार की इस नीति से प्रभावित होकर पिछले दो वर्षों में दंतेवाड़ा जिले में 824 नक्सलियों ने हिंसा छोड़ मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है। आत्मसमर्पित कैडरों के परिवार भी उन्हें सामान्य जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि ये कैडर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, तेलंगाना राज्य कमेटी और माओवादियों के आंध्र ओडिशा बॉर्डर डिवीजन में सक्रिय थे।

### माओवादियों को हिंसा छोड़ने के लिए आकर्षित कर रही

राज्य सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को हिंसा छोड़ने के लिए आकर्षित कर रही है। यादव ने कहा कि जिन लोगों ने सरेंडर किया है, उनके परिवार भी चाहते हैं कि वे सामान्य जीवन जिएं और समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। उन्होंने बताया कि सरकार की सरेंडर और पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर, पिछले दो साल में दंतेवाड़ा जिले में 824 माओवादियों ने हिंसा छोड़ दी है और सामाजिक मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं।

# पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने दिया इस्तीफा, ममता बनर्जी ने किया स्वीकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित युवा भारती स्टेडियम में प्रसिद्ध फुटबॉलर मेसी के आगमन के दौरान अव्यस्था को लेकर बढ़ते विवाद के बाद पश्चिम बंगाल के खेल व युवा कल्याण मंत्री अरूप बिस्वास ने अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। अरूप विश्वास के इस्तीफे के बाद उनके मंत्रालय का कार्यभार खुद ममता बनर्जी संभालेंगीं। इसस पहले उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कहा था कि निष्पक्ष जांच के हित में वह खेल विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं।

### कुणाल घोष ने शेयर की इस्तीफे की कॉपी

मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव और पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने अरूप के इस्तीफे से जुड़े पत्र को सार्वजनिक किया। पत्र पर तारीख 15 दिसंबर 2025 अंकित है। हालांकि सोशल मीडिया पर साझा किए गए पत्र में अरूप विश्वास के हस्ताक्षर नहीं हैं। इसे लेकर भी कई तरह की बातें चल रही हैं। इस्तीफे की पेशकश के तुरंत बाद खेल व युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को नवान्न तलब किया गया। दोपहर में अधिकारी वहां पहुंच भी गए। शनिवार को युवभारती कांड सामने आने के बाद से ही फुटबॉल प्रेमियों के एक बड़े वर्ग के निशाने पर अरूप विश्वास रहे हैं। हालांकि इस्तीफे को लेकर उन्होंने अपने करीबी लोगों से भी कोई औपचारिक बयान नहीं दिया था। बताया जा रहा था कि मंगलवार को एसआईआर की मसौदा मतदाता सूची जारी होने के बाद युवभारती कांड का मुद्दा दब जाएगा, अरूप ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खेल मंत्री पद से हटने की इच्छा जता दी।



# 'चुनाव आयोग पर लंबे समय तक रहा एक परिवार का नियंत्रण'

- जेपी नड्डा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों पर भी जवाब दिया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक-एक कर कई सारे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने चुनाव सुधार से लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप तक सभी मामलों में केंद्र सरकार का रुख साफ किया। नड्डा ने 'वोट चोरी और ईवीएम' में गड़बड़ी जैसे आरोप को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा और कांग्रेस पर देश को चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चुनाव आयोग का काम एक परिवार द्वारा नियंत्रित पार्टी के जिम्मे रहा, लेकिन उस पर कभी सवाल नहीं उठाए गए। नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सवाल पूछते हैं कि यह एसआईआर क्यों?, जबकि यह प्रक्रिया नई नहीं है और लोकसभा में 1952 से चली आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चार महीनों में ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की गई जैसे चुनाव में धांधली हो रही हो।

### सदन में चर्चा से पीछे नहीं हटती मोदी सरकार: जेपी

जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा से कभी पीछे नहीं हटती। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार लोकतंत्र और संसदीय व्यवस्था में पूरा विश्वास रखती है और हर विषय पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार रहती है। इस दौरान जेपी नड्डा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठ रहे सवालों पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि संविधान ने चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया है कि वह समय-समय पर मतदाता सूची की जांच और सत्यापन कर सके। यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और जरूरी है।

### चुनाव आयोग की जिम्मेदारी पर दिया जोर

इस दौरान जेपी नेड्डा ने चुनाव आयोग की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि कोई भी योग्य नागरिक वोट देने के अधिकार से वंचित न हो और साथ ही कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न रहे। इसी संतुलन को बनाए रखने के लिए एसआईआर जैसी प्रक्रिया की जाती है। जेपी नड्डा ने आगे कहा कि साल 2010 के बाद से मतदाता सूची से किसी का नाम नहीं हटाया गया है, इसलिए अब इसका पुनरीक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करेगा।

# विजय दिवस: पूर्वी कमान ने शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, विजय दुर्ग में पुष्पांजलि समारोह का आयोजन



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान ने मंगलवार को 54वें विजय दिवस के मौके पर विजय दुर्ग में गरिमामय और भावपूर्ण पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर 1971 के युद्ध में बांग्लादेश मुक्ति के महान उद्देश्य के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। समारोह श्रद्धा और कृतज्ञता से परिपूर्ण रहा। यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक विजय और भारत-बांग्लादेश के बीच साझा बलिदान से बने स्थायी मैत्री संबंधों की याद दिलाने वाला अवसर रहा। इस गरिमामय कार्यक्रम में बांग्लादेश से आए प्रतिनिधिमंडल, 1971 के युद्ध के पूर्व सैनिक, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिक, भारतीय सशस्त्र बलों के सेवारत जवान, पूर्व सैनिक तथा विशिष्ट नागरिक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में मेजर जनरल राजेश अरुण मोघे, वीएसएम (जीओसी, बंगाल सब एरिया), लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा, एवीएसएम, एसएम (चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय पूर्वी कमान), ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद लुत्फुर रहमान, पीएससी, पीएचडी (बांग्लादेश सैन्य प्रतिनिधिमंडल), व बांग्लादेश के जाटिया मुक्ति जोद्धा संगठन के वरिष्ठतम सदस्य और 'वीर प्रतिक' से सम्मानित मोहम्मद हबीबुल आलम शामिल रहे।

# हरियाणा में हैवानियत: 12 साल के बच्चे को पीटा

## करंट लगाया फिर पेट्रोल डाल जलाया, बरात में लाइट पकड़ता है मासूम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। होडल**



हरियाणा के होडल स्थित मुंडकटी थाना क्षेत्र के गांव बंचारी में 12 साल के बच्चे से हैवानियत का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार सवार लोगों ने चोरी का आरोप लगाकर पहले पीटा फिर पैर पर पेट्रोल डालकर जलाया और करंट लगाकर प्रताड़ित किया। बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने नाबालिग की मां की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बरात में लाइट पकड़ने का काम करता है पीड़ित

मुंडकटी थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि गांव बंचारी निवासी सविता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनका बेटा शादी समारोह के दौरान बरात में लाइट पकड़ने का काम करता है। 10 दिसंबर की रात वह दो अन्य बच्चों के साथ घर आ रहा था। रास्ते में एक गाड़ी पर सवार तीन लोगों ने बच्चों को रोका। जब बच्चे उनके पास पहुंचे तो चोरी का आरोप लगाकर मारपीट करने लगे। इस दौरान दो बच्चे भाग गए। उनके बेटा आदित्य को उन लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद मारपीट करने लगे। हमलावरों ने उनके बेटे के पैर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

### बेहोश हुआ तो दरिंदों ने किया पुलिस के हवाले

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उनके नाबालिग बेटे को करंट भी लगाया गया, जिससे वह बेहोश हो गया। उसकी हालत खराब होने पर आरोपियों ने पुलिस के हवाले कर दिया। गंभीर हालत को देखकर पुलिस ने आनन-फानन में बच्चे को अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में मां की शिकायत पर गांव निवासी बृजेश, बुलंदी सहित राजेंद्र के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट की धारा सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

# पीएम मोदी डिग्री: मानहानि मामले में केजरीवाल और संजय सिंह को झटका, अलग-अलग सुनवाई की मांग वाली याचिका खारिज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात की एक सत्र अदालत ने आम आदमी पार्टी नेताओं अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री पर की गई टिप्पणियों को लेकर दायर आपराधिक मानहानि मामले में अलग-अलग सुनवाई की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वे किसी साझा मकसद से प्रेरित थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एमपी पुरोहित की अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और राज्यसभा सदस्य सिंह की पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें अलग-अलग सुनवाई की उनकी अपील खारिज कर दी गई थी। मानहानि का यह मामला गुजरात विश्वविद्यालय ने दायर किया था, जिसमें विश्वविद्यालय ने मोदी की डिग्री के संबंध में दोनों आप नेताओं की ओर से विश्वविद्यालय के खिलाफ दिए गए व्यंग्यात्मक और अपमानजनक बयानों का जिक्र किया था। इन दलीलों को खारिज करते हुए, अदालत ने पाया कि दोनों आरोपियों ने 1 और 2 अप्रैल, 2023 को एक ही राजनीतिक दल के सदस्यों के रूप में बयान दिए थे और ऐसा प्रतीत होता है कि वे एक सामान्य उद्देश्य से प्रेरित थे और उनके कृत्यों में निरंतरता थी। दोनों नेताओं ने तर्क दिया था कि उन पर एक साथ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता क्योंकि उनके खिलाफ लेन-देन और आरोप अलग-अलग थे और कथित घटनाओं की तारीखें भी अलग-अलग थीं। उन्होंने कहा था कि उनकी याचिकाओं को खारिज करने वाला ट्रायल कोर्ट का आदेश गैर-कानूनी था और उस पर फिर से विचार किया जाना चाहिए।

### विश्वविद्यालय की छवि खराब करने का आरोप

शिकायतकर्ता ने कहा कि इन टिप्पणियों से गुजरात विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, जिसने जनता के बीच अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये बयान व्यंग्यात्मक थे और जानबूझकर विश्वविद्यालय की छवि को नुकसान पहुंचाने के इरादे से दिए गए थे और इसी इरादे से मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से इन्हें बड़े पैमाने पर शेयर किया गया था।



# लोकसभा में बिलों के हिंदी नामों को लेकर विपक्ष का विरोध, सांसद बोले, उच्चारण करना मुश्किल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार को सरकार की तरफ से विधेयकों के हिंदी नाम रखे जाने को लेकर विपक्षी दलों ने कड़ा विरोध जताया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जैसे ही 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' पेश किया, विपक्षी सांसदों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई। आरएसपी(ए) के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि बिल का नाम इतना कठिन है कि उसका उच्चारण करना भी मुश्किल है। उन्होंने तर्क दिया कि संविधान के अनुच्छेद 348(बी) के अनुसार कानूनों के नाम अंग्रेजी में होने चाहिए, इसलिए हिंदी नाम रखना संविधान के खिलाफ है।

### कांग्रेस और डीएमके सांसदों ने भी जताई आपत्ति

कांग्रेस सांसद जोतिमणि और डीएमके सांसद टी. एम. सेल्वगणपति ने भी बिल के नाम पर आपत्ति जताई। जोतिमणि ने कहा कि यह हिंदी थोपने की कोशिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन-भाषा नीति का विरोध करने के कारण तमिलनाडु को पहले ही समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) का फंड नहीं मिला है। डीएमके के वरिष्ठ नेता टी. आर. बालू ने भी दक्षिणी राज्यों पर हिंदी थोपे जाने का मुद्दा उठाया और सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह का विवाद सामने आया हो। इससे पहले भी भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक जैसे हिंदी नामों को लेकर विपक्ष ने विरोध किया था।

### कानूनों के नाम को लेकर विपक्ष का तर्क

इसी तरह, भारतीय वायुयान विधेयक, जो 1934 के एयरक्राफ्ट एक्ट की जगह लाया गया, उस समय भी सरकार को विरोध का सामना करना पड़ा था। विपक्ष का कहना है कि देश की भाषाई विविधता का सम्मान होना चाहिए और कानूनों के नाम ऐसी भाषा में हों, जिसे सभी आसानी से समझ सकें।

# गाजियाबाद के प्रसिद्ध नमक व्यापारी सहित 3 की सड़क दुर्घटना में मौत

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

नोयडा आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर लगातार कोहरे के कारण दुर्घटना घटित हो रही है । ट्रैफिक पुलिस सहित प्रशासनिक एडवाजरी जारी होने के बाद भी दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। धुंध और कम विजिबिलिटी के कारण उन्नाव के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गाजियाबाद निवासी 3 लोग दुर्घटना का शिकार हुए और सभी की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की पहचान नमक व्यापारी अशोक अग्रवाल, आकाश गुप्ता, अभिनव अग्रवाल के रूप हुई है। एक व्यक्ति और गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी और वर्तमान में गाजियाबाद के वीवीआइपी सोसायटी में रहने वाले अशोक अग्रवाल नमक के व्यापारी थे। मुरादनगर स्थिति विपिन काला नमक नामक प्रतिष्ठान संचालित होता है। व्यापारिक बढ़ोत्तरी के लिए हाल में ही न्यूज 27 नामक न्यूज चैनल भी शुरू किया था । सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के पार्टी के वह कद्दावर नेताओं में शुमार थे। व्यापारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय पदाधिकारी की जिम्मेदारी भी अग्रवाल के पास थी। सोमवार को अशोक अग्रवाल, अभिनव और कंप्यूटर इंजीनियर आकाश गुप्ता लखनऊ निकले थे। जिसके बाद यह हादसा घटित हुआ।

# चंद्रशेखर आजाद पर टिप्पणी के खिलाफ पार्टी का पुलिस कमिश्नरेट पर प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पार्टी कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे हैं। उसी क्रम में जिला गाजियाबाद इकाई द्वारा गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट पर प्रदर्शन करते हुए हिन्दू रक्षा दल के नेता के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग किया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद इस मामले का पता चलते ही आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। उसके बाद आज आसपा के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पिंकी चौधरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। प्रदर्शन कर रहे आसपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि उनका विरोध प्रदर्शन उस समय तक नहीं रुकेगा कि जब तक पुलिस हिन्दू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करती है। ज्ञात हो कि अपने तीखे बयानों और कार्यक्रमों को लेकर हिंदू रक्षा दल लगातार प्रशासन के लिए सिरदर्द साबित हुए है। जिसके बाद उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही और गिरफ्तारी जैसी कार्यवाही भी पुलिस द्वारा किया गया है।